वैशाख कृष्णा पक्ष 11, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 39.5° न्यून. 24.6°
रांची: अधिक. 38.8° न्यून. 23.8°

रांची, गुरुवार
24 अप्रैल 2025
वर्ष-26, अंक- 82 , पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

### पहलगाम आतंकी हमला के बाद भारत का एक्शन शुरू

## पाक उच्चायोग बंद, सिंधु जल समझौता भी खत्म करने की घोषणा

● सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश

नई दिल्ली (आईएएनएस)



प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार शाम को कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की एक आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की विस्तृत जानकारी दी गई। इस हमले में 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

बैठक में यह बताया गया कि इस हमले के पीछे सीमा पार की साजिशें हैं। यह हमला उस समय हुआ, जब केंद्रशासित प्रदेश में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न हुए थे और क्षेत्र आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है। हमले की गंभीरता को देखते हुए सीसीएस ने कई कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया और पाकिस्तान को साफ संदेश दिया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विक्रम मिस्त्री ने बताया कि सिंधु जल संधि (1960) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह संधि तभी बहाल की जाएगी, जब पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद का समर्थन करना बंद कर देगा। इसके अलावा अटारी एकीकृत चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद किया जा रहा है, जो लोग वैध दस्तावेजों के साथ इस मार्ग से भारत आए हैं, वे 1 मई से पहले लौट सकते हैं। इसके साथ ही, विदेश मंत्रालय ने कहा कि सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तानी नागरिकों को पहले जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाएगा। एसवीईएस वीजा के तहत भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ना होगा।

शेष पेज 11 पर

### पहलगाम आतंकी हमला : अमित शाह का ऐलान

## 'दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा'



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो-टूक चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "भारी मन से पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत आतंक के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकवादी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।" इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारवालों से मुलाकात की। इस दौरान परिजन उनके सामने रो पड़े और न्याय की मांग की। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के घटनास्थल बैसरन क्षेत्र पहुंचे। दूसरी तरफ, जम्मू-कश्मीर सरकार ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुआवजे की घोषणा की। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 10 लाख रुपए और घायलों के लिए 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। वहीं, मामूली रूप से घायलों को 1 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर तुरंत स्वदेश लौटे। दिल्ली पहुंचते ही एयरपोर्ट पर उन्होंने आपात बैठक बुलाई। इस महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश सचिव मौजूद थे।

### पहलगाम हमला : सुरक्षा बलों ने जारी किए आतंकवादियों के स्केच व तस्वीरें



**श्रीनगर(आईएएनएस)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सुरक्षा बलों ने बुधवार को कुछ संदिग्ध आतंकियों की तस्वीरें और स्केच जारी किए हैं। इस हमले में मंगलवार को 26 नागरिकों की जान चली गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। सुरक्षा बलों के अनुसार, इस हमले में तीन आतंकवादियों की पहचान आसिफ फूजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा के तौर पर की गई है। ये आतंकी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) नाम के आतंकी संगठन से जुड़े हैं, जो कि प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा की एक शाखा है। इन लोगों ने पहलगाम से 6 किलोमीटर दूर बसे बैसरन में घूमने आए पर्यटकों पर अचानक गोलियां चला दीं। सुरक्षा बलों ने बताया कि पांच से छह आतंकी सेना जैसे कपड़े और कुर्ता-पायजामा पहनकर आस-पास के घने जंगल से आए थे और उनके पास एके-47 जैसे खतरनाक हथियार थे। खुफिया जानकारी के मुताबिक, इस हमले में पाकिस्तान से आए आतंकवादी भी शामिल थे जो कुछ ही दिन पहले घाटी में घुसे थे। शेष पेज 11 पर

### बोकारो डीसी ऑफिस में ईडी का सर्वे

**बोकारो।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार की शाम बोकारो डीसी ऑफिस में सर्वे किया। सर्वे का उद्देश्य बोकारो भूमि घोटाले की जांच से संबंधित आवश्यक दस्तावेज लेना है। ईडी ने सर्वे के दौरान ईडी कार्यालय से जमीन के मामले में भेजे गए पत्रों को जब्त किया। भूमि घोटाले की जांच के दौरान ईडी ने कल बोकारो के डीएफओ, सीओ और पुरुलिया के सब रजिस्ट्रार के कार्यालय में सर्वे कर जमीन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज जब्त किए थे। बोकारो भूमि घोटाले के सिलसिले में उपायुक्त कार्यालय से पत्राचार किए गए हैं। ईडी को मामले की जांच में इन पत्रों और दस्तावेज की भी जरूरत है। इस बात के मद्देनजर ईडी की टीम ने बुधवार की शाम डीसी ऑफिस का सर्वे किया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी
भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444**
विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

### राजस्व संग्रहण में झारखंड की छलांग

## 2024-25 में 85.74 प्रतिशत लक्ष्य हासिल

● वाणिज्य कर विभाग ने निर्धारित लक्ष्य 26 हजार करोड़ के विरुद्ध 22292.25 करोड़ का किया राजस्व संग्रहण

● पेशा कर के तहत निर्धारित लक्ष्य 88 करोड़ के विरुद्ध 102.4 करोड़ रुपए हुआ राजस्व संग्रहण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए कुशल प्रबंधन की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के चलते राजस्व संग्रहण प्रभावित हुआ, फिर भी प्रयास संतोषजनक रहे हैं। मंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 1,06,999.57 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 92,189.10 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो कि 86.16% है। वहीं, गैर-कर प्राप्तियों सहित कुल 1,03,469.82 करोड़ रुपये यानी बजट एस्टीमेट का 80.27% प्राप्त हुए हैं। वह बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे । वित्त मंत्री के साथ वाणिज्य विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और वाणिज्य कर आयुक्त अमित कुमार भी मौजूद थे। वित्त मंत्री ने कहा कि एफआरबीएम अधिनियम के तहत वर्ष 2025-26 में सभी विभागों को तीन महीने में एक बार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है, और वे स्वयं छह महीने में एक बार इसकी समीक्षा करेंगे। राज्य के सभी प्रमंडलों का दौरा कर अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे, वहीं जो प्रमंडल पीछे होंगे, उन्हें विशेष निर्देश और सहायता दी जाएगी। पीएल अकाउंट में की राशि का विवरण सभी विभागों से मंगवाया गया है। शेष पेज 11 पर



### पेशा कर अधिनियम के तहत वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 116.36 प्रतिशत राजस्व किया गया प्राप्त

जेईडी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संगरहण का निर्धारित लक्ष्य 1413 करोड़ रुपए के विरुद्ध कुल 1361.24 करोड़ रुपए का राजस्व संगरहण किया गया है जो वार्षिक लक्ष्य का 96.34 निर्धारित किया गया है। वर्तमान में विद्युत शुल्क के अधीन निबंधित व्यवसायियों की कुल संख्या 267 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1600 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खढळ के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संगरहण का निर्धारित लक्ष्य 88 करोड़ रुपए के विरुद्ध कुल 102.40 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया गया है जो वार्षिक लक्ष्य का 116.36 है। वर्तमान मे पेशा कर अधिनियम के अधीन निबंधित व्यवसायियों की कुल संख्या 33533 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 90 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## पहलगाम आतंकी हमले पर खुशी मनाने वाला मोहम्मद नौशाद बोकारो से गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**बोकारो।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर खुशी जाहिर करते हुए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान को सोशल मीडिया पर बधाई देने वाले मोहम्मद नौशाद को बोकारो में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को बोकारो के मखदुमपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया।

35 वर्षीय आरोपी मोहम्मद नौशाद ने बिहार के मदरसे में कुरान की तालीम लेकर डिग्री हासिल की है। वर्तमान में पिता के साथ बोकारो में रह रहा है। उसका एक भाई दुबई में है, जिसके नाम से आवंटित सिम कार्ड का इस्तेमाल कर नौशाद ने इंस्ट्राग्राम व एक्स (पहले ट्वीटर) और फेसबुक चलाता है। बुधवार को आतंकी हमले में मारे गए लोगों के गम में पूरा देश गम में डूबा था वहीं नौशाद रात को आतंकियों को बधाई दे रहा था।

नौशाद ने एक्स पर उर्दू में लिखा, 'शुक्रिया पाकिस्तान, शुक्रिया लश्कर-ए-तैयबा, अल्लाह तुम्हें हमेशा खुश रखे। आमीन, आमीन। हमें ज्यादा खुशी होगी अगर आरएसएस, भाजपा, बजरंग दल और मीडिया को निशाना बनाया जाए।' इसके साथ उसने तीन स्माइली इमोजी के साथ अपनी खुशी भी जाहिर की। उसने इसके बाद भी कई ट्वीट किए जिनमें काफी आपत्तिजनक और भड़काऊं बातें लिखी हैं।

शेष पेज 11 पर

## झारखंड में वैश्विक निवेश के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पेन में आव्हान किया




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व में झारखंड सरकार ने स्पेन में निवेशकों के लिए एक कार्ययोजना का खाका प्रस्तुत किया। इसमें सतत औद्योगिक विकास के लिए वैश्विक सहयोग आधारित इन क्षेत्रों की चर्चा हुई खनिज, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा का सतत उत्सर्जन, इलेक्ट्रिक वाहनों और प्रदूषण मुक्त आवागमन। इन सभी के लिए वैश्विक निवेश, नवाचार जो हरित और विकासोन्मुखी हो।

**इंडिया**

## पुलवामा की तरह पहलगाम का बदला होगा या राजनीति





सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विश्व के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की चार दिवसीय यात्रा से जो संकेत मिल रहे थे भारत के लिए उत्साहवर्द्धक थे। सबसे पहले वेंस के तीनों बच्चे भारतीय परिधान पहने हुए विमान से उतरे। फिर उसके कुछ ही घंटे बाद वे अक्षरधाम मंदिर देखने पहुंचे और मंदिर के बाहर वेंस परिवार ने तस्वीर खिंचवाई, जिसमें वेंस, उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा वेंस और उनके बच्चे मालाओं से लदे हुए थे।इन सबके बीच वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गर्मजोशी से गले लगाया, जिन्होंने वेंस के बच्चों को मोर पंख भेंट किए। राष्ट्रपति ट्रंप की चंचलता को देखते हुए, यह जानना असंभव है कि ट्रंप प्रशासन किसी समझौते के लिए तैयार है भी या नहीं। लेकिन वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों और कुछ विश्लेषकों ने वेंस की भारत में उपस्थिति को इसका संकेत माना है कि अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में काम करना जारी रखना चाहता है, जिसकी रूपरेखा ट्रंप और मोदी ने फरवरी में वाशिंगटन की यात्रा के दौरान तैयार की थी। भारत में वक्फ संशोधन कानून के विरोध के बीच यह ऐसे समय में हो रही है, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस बात को लेकर बेचैनी है कि ट्रंप प्रशासन भारत समेत मित्र देशों के साथ क्या कर रहा है। यह यात्रा भारत को भरोसा दिलाने के लिए की गई है कि रिश्ते पूरी तरह से खराब नहीं होने जा रहे हैं।'हाल के वर्षों में, भारत ने अमेरिका के साथ अपने संबंधों को अपनी विदेश नीति की रणनीति का एक स्तंभ बनाने का प्रयास किया है, क्योंकि अमेरिकी सरकार उभरते चीन का मुकाबला करने में मदद के लिए भारत की ओर देख रही है। लेकिन ट्रंप की सत्ता में वापसी के बाद दूसरे देशों की तरह भारत भी खुद को अनिश्चित स्थिति में पा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है, लेकिन उच्च टैरिफ के लिए भारत सरकार की आलोचना भी की है, जिससे अमेरिकी कंपनियों के लिए बाजार में प्रवेश करना मुश्किल हो गया है। लेकिन जब वेंव सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे, तो दोनों तरफ मुस्कान थी। सोमवार शाम को वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके आवास पर वार्ता की, जिसके बाद वेंसa परिवार और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया। मोदी के कार्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने 'पारस्परिक रूप से लाभकारी' व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत में 'महत्वपूर्ण प्रगति का स्वागत किया।'जेडी वेंस के कार्यालय ने भी इसी तरह का बयान जारी किया। वेंस और उनका परिवार आधिकारिक कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर भारत के दर्शनीय स्थलों की सैर कर रहे थे।

दिल्ली पहुंचने के कुछ समय बाद ही उन्होंने अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया और बेहद उच्च तापमान में बाहर फोटो खिंचवाई। वेंस परिवार के साथ जयपुर का आमेर किला देखने पहुंचे और उनकी आगरा में ताजमहल देखने की भी योजना थी। जयपुर में वेंस ने भारत-अमेरिकी व्यापारिक संबंधों पर भी भाषण दिया। अपने सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार और सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका के साथ वार्ता जारी रखते हुए भारत ने एक उदार रुख अपनाया है तथा अमेरिकी वस्तुओं के कुछ आयातों पर शुल्क घटा दिया है। फरवरी में, जब मोदी और ट्रंप वाशिंगटन में मिले थे, तो उन्होंने एक व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार की थी, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाना था, जो वर्तमान राशि से दोगुना से भी अधिक है। बातचीत की रूपरेखा में कई तरह के लेन-देन शामिल थे। अमेरिका भारत को अपनी सीमाओं पर निगरानी रखने के लिए जरूरी रक्षा उपकरण बेचेगा और उनका सह-उत्पादन करेगा। भारत अमेरिका से ज्यादा कच्चा तेल और तरल प्राकृतिक गैस खरीदेगा और अवैध आप्रवासन से ज्यादा सख्ती से निपटेगा तथा अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपना समर्थन जारी रखेगा। जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत और अमेरिका के बीच एक सहयोग समझौता, जिसे क्वाड के रूप में जाना जाता है, भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो लंबे समय से इस क्षेत्र में चीन के प्रभाव को लेकर चिंतित है, जिसमें महत्वपूर्ण जलमार्ग भी शामिल है। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ट्रंप कुछ महीने में भारत आ सकते हैं। वेंस की यात्रा में मुख्य रूप से द्विपक्षीय व्यापार पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है, विदेशी छात्र वीजा, अवैध आव्रजन और भारतीय नागरिकों के निर्वासन पर बात की संभावना है।

मोदी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए सऊदी अरब पहुंचे इन सबसे बीच बेचैन,अशांत और आतंकी संगठनों को पालने वाले पाकिस्तान के लिए यह सुअवसर था जब उसके गुर्गों ने दशकों बाद तेज हुए कश्मीर के पर्यटन उद्योग पर हमला किया और नैरेटिव हिंदू मुस्लिम फैलाया जैसा 90 के दशक में पंजाब में करता था ताकि दंगा फैले। हालांकि कश्मीर बंद कर इस जघन्य हत्याकांड के विरोध का संदेश स्पष्ट है पर देश भर में लोगों का गुस्सा चरम पर है जिसे देखकर राजनीति इसे प्रायोजित बता रही है पर पुलवामा की तरह पहलगाम का बदला भारत लेगा ही ऐसे संकेत हैं।

### एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई

## रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया रोजगार सेवक

नवीन मेल संवाददाता



● मनरेगा योजना के भुगतान के एवज में मांगी थी पांच हजार रुपए रिश्वत

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के कोरवाडीह पंचायत में मनरेगा योजना के तहत एक डोभा निर्माण कार्य में भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। वादी अखिलेश चौधरी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), पलामू को दिए आवेदन में बताया कि उनके नाम से स्वीकृत मनरेगा योजना में कार्य के बाद भुगतान एवं मास्टर रोल पर हस्ताक्षर के लिए जब उन्होंने रोजगार सेवक गुलजार अंसारी से संपर्क किया, तो उसने इसके एवज में 5,000 रुपये रिश्वत की मांग की।

आवेदक द्वारा रिश्वत देने से इनकार किए जाने के बाद मामला एसीबी तक पहुंचा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पलामू में प्रतिनियुक्त पुलिस निरीक्षक द्वारा विधिवत सत्यापन के दौरान पुष्टि हुई कि आरोपी गुलजार अंसारी वादी से 5,000 रुपये लेकर कार्य करने को तैयार हो गया था। सत्यापन के आधार पर पलामू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई।

23 अप्रैल को एसीबी की टीम ने दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में कोरवाडीह पंचायत के वर्तमान रोजगार सेवक गुलजार अंसारी को वादी से 5,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### मनरेगा में लूट की मची छूट : मस्टर रोल से खुला मनरेगा में फर्जी हाजरी का खेल

# कोलेबिरा में मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से 2 लाख से अधिक की फर्जी निकासी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** गांव में विकास कार्य के लिए दी जाने वाली राशि को मनरेगा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी के तहत प्रत्येक घरों से एक मजदूर को 100 दिन तक काम देकर भुगतान किया जाता है। उन मजदूरों का मजदूरी का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाता है। उसके लिए पंचायत के रोजगार सेवक प्रति सप्ताह मास्टर रोल और जॉब कार्ड में सभी मजदूरों का नाम हाजरी भरकर प्रखंड कार्यालय में जमा करते हैं। इसके बाद उन मजदूरों का भुगतान होता है। लेकिन सिमडेगा के कोलेबिरा प्रखंड का मामला कुछ और है, यहां एडेगा पंचायत के कालहटोली गांव में मनरेगा के तहत संचालित नीलम बरजो का मेढ़बंधी निर्माण, प्रकाश डांग के एक एकड़ जमीन पर बिरसा हरित ग्राम योजना निर्माण, प्रतिमा डांग के जमीन पर बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना निर्माण और अगस्तुस डांग के जमीन पर बिरसा हरित ग्राम योजना के मद से जो मजदूर काम नहीं किए हैं उसके नाम से भी फर्जी हाजरी लगाकर मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत कुल 2 लाख 13 हजार 928 रुपए की राशि आहरन की गई है।

### केस नंबर 01

नीलम बरजो का मेढ़बंधी योजना जिसका योजना संख्या 3404005002/7080902522462 तथा योजना स्वीकृत की तिथि 14/03/2023 है। लाभुक नीलम बरजो ने आरोप लगाया है कि उनके जमीन पर एक भी काम नहीं हुआ है। कब - कब मास्टर रोल भरकर पैसा निकाला गया है ये भी उन्हें जानकारी नहीं था। मनरेगा एमआईएस के अनुसार नीलम बरजो के मेढ़बंधी योजना में बिना काम किए प्रेमसिया सोरेंग, विजया सोरेंग, लॉरेंसिया सोरेंग, देवकी देवी, प्रेमजीत सोरेंग, फूलकेरा बा, मोरिस सोरेंग, मालती देवी, जोसफ सोरेंग, विपिन डांग , सुकरु लोहरा और पुष्पा बागे के नाम से फर्जी मस्टर रोल भरकर ?35190 की फर्जी निकासी की गई है। यही नहीं लाभुक ने बताया कि योजना को शुरू करने के लिए उनके पिताजी निकोलस बरजो के नाम को भी बिना किसी सूचना अथवा जानकारी दिए मस्टर रोल में भरा गया और उसमें भी 1785 रूपया का भुगतान किया गया।

### केस नंबर 02

प्रकाश डांग के एक एकड़ जमीन पर बिरसा हरित ग्राम योजना में भी अवैध निकासी हुई है। जिसका योजना संख्या 3404005002/7080903202081 तथा योजना स्वीकृत की तिथि 08/03/2024 है। लाभुक ने बताया कि आरती कुमारी, लॉरेंसिया बरजो, अनीता सोरेंग, सुकरु लोहरा, अगाथा तिर्की, जसमीन देवी, जोसफ सोरेंग, विलियम सोरेंग, मालती देवी और जसिंता सोरेंग के खाते से बिना मजदूरी किए फर्जी मस्टर रोल भरकर योजना मद से 49504 की अवैध निकासी की गई है। जिसका डेटा मनरेगा वेबसाइट में देखा जा सकता है।

### केस नंबर 03

प्रतिमा डांग के जमीन पर बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना निर्माण में भी मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से हजारों रुपए की फर्जी निकासी की गई है। जिसका योजना संख्या 3404005002/7080902779907 तथा योजना स्वीकृत तिथि 07/07/2023 है। आरोप है कि इस योजना मद से अब्राहम बागे, सुकरु लोहरा, फुलकेरिया बा, रीमिस बरजो, तेलेस्फोर डुंगडुंग, मालती देवी, अगाथा तिर्की, ब्रिस डुंगडुंग, बीमायस सोरेंग, जस्टिन बा, लॉरेंसिया बरजो, फ्रांसिस सोरेंग, जसिंता सोरेंग , मरियम बरजो, बिरजिना सोरेंग, प्रतिमा बा, अनीता सोरेंग, शांति बरजो, सुनीता देवी, पूनम देवी, सुनीता डुंगडुंग और पूर्णिमा डुंगडुंग के नाम पर फर्जी मस्टर रोल भरकर 84643 रुपए की अवैध निकासी की गई है।

### केस नंबर 04

काल्हाटोली में अगस्तुस डांग के जमीन पर बिरसा हरित ग्राम योजना में भी हजारों रुपए की फर्जी निकासी की गई है। लाभुक ने बताया कि जिन लोगों ने काम नहीं किया उनके नाम से मस्टर रोल भरा गया और पैसा निकाला गया है। मनरेगा साइट में जांच करने से पता चला कि प्रकाश बागे, झलकी बागे, बिरजिना सोरेंग, शीला सोरेंग, अलब्रेट बरजो, रीमिस बरजो, सिलब्रियूस बरजो, जोसफ सोरेंग और फ्रांसिस सोरेंग के नाम पर फर्जी मस्टर रोल भरकर 44591 रुपए की निकासी की गई है।




# पहलगाम आतंक की मानसिकता झारखंड में भी मौजूद : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पहलगाम में घटी आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड भाजपा इस दुख की बेला में उनके साथ खड़ी है।

श्री मरांडी ने कहा कि ये पहली आतंकवादी घटना है जिसमें आतंकवादियों ने धर्म पूछकर, कपड़े उतरवाकर और कलमा पढ़ने के लिए मजबूर कर निर्दोष और निहत्थे लोगों की हत्या की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में ऐसे आतंकवादी बक्से नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में भी ऐसी मानसिकता के लोग मौजूद हैं। झारखंड सरकार में शामिल मंत्री ही संविधान से ऊपर शरिया को मानते हैं।

कहा कि मुसलमान कब्र में नहीं है,सब्र कर रहा है।सड़क पर उतरेगा तो मारकाट होगा, ऐसी भाषा बोलने वाले लोग सत्ता की कुर्सी पर बैठे हैं।कहा कि इनके पास हथियार नहीं है इसलिए बयानों से वार कर रहे। लेकिन मानसिकता में कोई अंतर नहीं है।कहा कि अगर मुद्दों की लड़ाई लड़नी है तो लोकतंत्र में कई रास्ते हैं लेकिन हिंसा की भाषा लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं। कहा कि ऐसी मानसिकता जो संविधान से ऊपर शरिया को माने उसे तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए। प्रेसवार्ता में प्रवक्ता रमाकांत महतो, विजय चौरसिया,मिसफिका हसन और योगेंद्र प्रताप सिंह भी शामिल थे।

## पहलगाम आतंकी हमला कायरता पूर्ण : आजसू




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में रांची विश्वविद्यालय गेट से फिरालाल चौक तक विरोध मार्च निकल गया और फिरायालाल चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया एवं मृतकों के प्रति कैंडल जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विरोध प्रदर्शन के माध्यम से भारत सरकार के माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री आदरणीय अमित शाह जी, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी से आजसू आग्रह करती है कि इस आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को शहीद का दर्जा एवं उनके परिजनों को उचित मुआवजा एवं इस आतंकी हमले के जवाबी कार्रवाई करते हुए आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब दिया जाय ताकि भविष्य में कभी भी को भी आतंकवाद फैलाने को सोचने पर भी उनकी रूह कांप जाय।

## पहलगाम आतंकी हमला हृदय विदारक जितनी भी निंदा की जाए कम : राधाकृष्ण किशोर

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के मशहूर पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन में मंगलवार दोपहर आतंकियों ने हमला किया। इस हमले में 27 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर 26 लोगों के मौत होने की पुष्टि हुई है। वहीं करीब 17 लोग घायल है। मृतकों में इजरायल व इटली के दो विदेशी पर्यटकों के साथ देश के अन्य राज्यों के सैलानी और स्थानीय लोग भी शामिल हैं। इस हृदय विदारक घटना पर झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला बेहद दुखद है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है।

### पांच लाख तक का लोन लिए हैं सर नौकरी चली गई तो कैसे चुकाएंगे कर्ज

# मुख्यमंत्री से बात कर कैबिनेट से हल निकालने की करूंगा कोशिश : डा इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दुमका जिले में कार्यरत 160 पारा शिक्षकों का दल स्वास्थ्य मंत्री के आवास पहुंचा। उन्होंने बताया कि उन्हें सेवा मुक्त कर दिया गया है। वे पिछले 25 वर्षों से पारा शिक्षक के रूप में स्कूलों में सेवा दे रहे हैं उनका कहना था कि अब वे कहां जाएंगे, उन्होंने पांच -पांच लाख तक लोन लिया हुआ है अब जब उनकी नौकरी चली गई है तो वे कर्ज का पैसा कैसे चुकाएंगे।

इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जामताड़ा से भी कुछ लोगों का इस तरह का मामला आया है, वे भी मिलने आये थे। आप स्वास्थ्य मंत्री के यहां आ गये हैं आपको शिक्षा मंत्री के पास जाना चाहिए। इस पर उन्होंने कहा कि मंत्री, सचिव सबसे मिलने के लिए पिछले दो दिनों से कोशिश कर रहे हैं दो दिनों से ठीक से खाना नहीं खाए हैं न रहने का ठिकाना है। आप ही हमलोगों की आखिरी उम्मीद है। इतना कहकर



भावकु होते हुए मंत्री डा इरफान अंसारी के पैर पकड़ लिये।

मंत्री भी भावुक नजर आए उन्होंने तुरंत शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह को फोन किया। डा इरफान अंसारी ने कहा कि इन गरीबों की रोजी रोटी चलने दीजिए, पांच साल ही बचा है रहने दीजिए। उन्होंने पारा शिक्षकों को संबंधित करते हुए कहा कि आपलोग रोइए मत मुझे बुरा लगा रहा है। मुख्यमंत्री को आने दीजिए उनसे बात करके कैबिनेट से हल निकालने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा कि ये गरीब लोग काफी परेशानी

# पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र त्वरित कार्रवाई करें: संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट झारखंड के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इसे कयरतापूर्ण एवं घृणित कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने हमला कर देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने की दुस्साहस किया है। जो कि मानवता सहिष्णुता और भारत की संस्कृति एकता पर सीधा आघात है। पहलगाम की पवित्र धरती पर घटी यह क्रूर आतंकी हमला न केवल अमानवीयता की



पराकाष्ठा है बल्कि समूची मानवता के विरुद्ध किया गया एक कायरतापूर्ण अपराध है उन सभी निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने हर संवेदनशील हृदय को व्यथित और मौन कर दिया है, ऐसे विभत्स आतंकी हमले से देशभर में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई है। इस दर्दनाक आतंकी हमले घटना की केंद्र सरकार त्वरित कठोर कार्रवाई करते हुए इसका मुंहतोड़ जवाब दे। हम उन सभी दिवंगत आत्माओं को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं वे हमारे हृदय में सदा अमर रहेंगे न केवल एक स्मृति बनकर बल्कि एक चुप प्रतिरोध बनकर उस अंधकार के विरुद्ध जो मासूम जिंदगियों को निगलता है। आतंकवाद केवल सुरक्षा का मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता की भी चुनौती है। समाज के हर वर्ग को आतंकवादी के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा।

## न्यूज बॉक्स

### हाईकोर्ट ने गृह सचिव को किया तलब

> नाराज कोर्ट को देनी होगी मॉडर्न जेल मैनुअल की विस्तृत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में बुधवार को मॉडर्न जेल मैनुअल बनाने से संबंधित स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। साथ ही जेल में रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अन्य याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश के बावजूद ाज्य सरकार द्वारा मॉडर्न जेल मैनुअल नहीं बनाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। अदालत ने झारखंड सरकार के गृह सचिव को 28 अप्रैल को सशरीर उपस्थित होकर जवाब देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को माडर्न जेल मैनुअल बनाने का निर्देश देते हुए हाईकोर्ट को इसकी निगरानी करने का निर्देश दिया है। पूर्व में मामले की सुनवाई के दौरान बताया गया कि काफी दिन से मामला लंबित है। लेकिन कुछ काम दिख नहीं रहा है। अदालत ने सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि जेल मैनुअल तैयार किया जा रहा है। जिस पर अदालत ने राज्य सरकार को अद्यतन जानकारी देने को कहा। अदालत ने उन्हें शपथ पत्र के माध्यम से विस्तृत जानकारी मांगी थी।

### चौकीदार बहाली परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों के पास रहेगी पाबंदी

**रांची।** जिले में 27 अप्रैल को चौकीदार की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा होगी। यह परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:00 बजे तक चलेगी। परीक्षा शांति से हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने खास तैयारी की है। परीक्षा के दिन हर केंद्र के चारों ओर 200 मीटर तक की सीमा में कुछ पाबंदियां रहेंगी। सुबह 6:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक वहां 5 या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक रहेगी। लाउडस्पीकर चलाना, हथियार लाना और किसी भी तरह की सभा या बैठक करना मना होगा। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी वहां तैनात रहेंगे। परीक्षा रांची के 15 स्कूलों में होगी। इसमें अनिता गर्ल्स स्कूल कांके, कार्मेल गर्ल्स स्कूल नामकुम, गोस्सनर स्कूल मेन रोड, संत अलोइस और संत अन्ना स्कूल-कॉलेज, उसुर्लाईन स्कूल-कॉलेज, मारवाड़ी स्कूल, सरकारी स्कूल कांके और बरियातू, संत जॉन और संत जोसेफ स्कूल शामिल हैं।

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म मामले में आरोपी को नहीं मिली जमानत, याचिका खारिज

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची की अपर न्यायायुक्त की अदालत ने नाबालिग छात्रा को घर छोड़ने के बहाने सिद्धि विनायक होटल के कमरे में ले जाकर नशे की हालत में दुष्कर्म करने के आरोप में जेल में बंद आरोपी मो. तल्हा को राहत देने से इनकार किया है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। कर्बला नगर चर्च रोड निवासी तल्हा उक्त आरोप में 2 मार्च 2025 से जेल में है। उसके खिलाफ दुष्कर्म के साथ पोक्सो एक्ट के तहत लोअर बाजार थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज है। पीड़िता ने पुलिस को बतायी थी कि 28 फरवरी 2025 को रात 12 बजे ड्रामा बार लालपुर में पार्टी करने के बाद वह अपने दोस्त आदित्य राज और मो. तल्हा के साथ अपने कमरे पर जा रही थी। तीनों एक स्कूटी पर सवार थे और आदित्य राज स्कूटी चला रहा था। लालपुर चौक के पास एक्सीडेंट हुआ जिसमें आदित्य राज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्कूटी से सैमफोर्ड अस्पताल ले गए। उसे अस्पताल में भर्ती कराने के बाद मो. तल्हा के साथ अस्पताल से निकली। तब उसने घर छोड़ने के बहाने होटल के कमरे में ले गया और घटना का अंजाम दिया।

### पहलगाम का आतंकी हमला निंदनीय : नौशाद



**रांची।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जो हैवानियत का नंगा नाच आतंकियों ने कर पर्यटकों की हत्या की जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। देश के साथ पूरी दुनिया में इस आतंकी हमला पर गम और गुस्सा है। लोक सेवा समिति घोर निंदा और गम का इजहार करती है। वहीं मारे गए सभी की आत्मा के शांति और घरवालों को हिम्मत व सब्र की कामना करती है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार से मांग करते हैं की सुरक्षा और शांति के लिए ठोस कदम उठाए और भविष्य में हत्या हिंसा आतंक ना हो इस पर गंभीर कार्य करे और लापरवाही न बरता जाए। घटना में कोई भी शामिल हो उसको सबक जरूर सिखाएं। घटना पर हरबिंदर बीर सिंह, संगीता सिंह, बरखा रानी, मकसूदआलम, अनीता लिंडा सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।



### डॉ आशा लकड़ा ने राष्ट्रपति से की भेंट

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) से संबंधित कार्यों को लेकर जनजातीय मामलों पर चर्चा भी की।

# झारखंड की पंचायतों को मिलेगा नया जीवन: दीपिका पांडेय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की पंचायती राज मंत्री आज रांची में आयोजित बात भारत की - विकसित पंचायत फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में ग्रामीण सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुधार और स्थानीय शासन में नवाचार को लेकर सरकार की प्रतिबद्धताओं को विस्तार से साझा किया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, झारखंड सरकार जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। पंचायतें लोकतंत्र की असली ताकत हैं और यदि पंचायतें बदलेंगी तो देश बदलेगा। हमारा उद्देश्य है कि हर



पंचायत फाइलेरिया मुक्त हो, हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य और सुविधा मिले और पंचायतें विकास की मिसाल बनें।

उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में मुखिया और पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों को सशक्त बनाने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक्सपोजर विजिट और कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। केरल, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों की सफल ग्रामीण नीतियों को देखने का अवसर देकर झारखंड के प्रतिनिधियों को नई दृष्टि दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर लिम्फेटिक फाइलेरिया और कालाजार जैसी बीमारियों के उन्मूलन के लिए की गई पहल की भी सराहना की गई। पीवीटीजी जिलों में शिक्षा और सामाजिक समावेश को लेकर पिरामल फाउंडेशन के साथ किए गए कार्यों का ज़िक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि ह्लयह साझेदारी शिक्षा, स्वास्थ्य और समावेशी विकास को पंचायत नेतृत्व से जोड़ने का बेहतरीन उदाहरण है। पंचायती राज दिवस की पूर्व संध्या पर मंत्री ने पिरामल फाउंडेशन और सभी पीआरई सदस्यों को बधाई देते हुए कहा, आपके सहयोगात्मक प्रयासों ने झारखंड की पंचायतों को नई दिशा दी है। हम मिलकर एक ऐसा झारखंड बना रहे हैं जहाँ हर गाँव आत्मनिर्भर और विकासशील हो।

### दिवंगत ज्योति कुमारी हमारी विभाग की कर्मी

# पीड़िता को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता : डॉ इरफान अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के निर्देश पर मेडिका अस्पताल में इलाजरत रूहीडीह में कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) ज्योति कुमारी महतो का निधन हो गया। तमाम प्रयासों के बावजूद डॉक्टर उन्हें नहीं बचा सके। इस घटना के संबंध में बुधवार को झारखंड कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोनी प्रसाद और जनरल चीफ सच्चिदानंद कुमार ने मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और पीड़िता के परिवार के लिए न्याय व सहायता की मांग की। मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि हमले की घटना बेहद दुःखद और निंदनीय है। यह हमारे विभाग का मामला है और दिवंगत ज्योति कुमारी हमारी विभाग की कर्मी थीं। इस दुःखद घड़ी में हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। राज्य सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। जो भी इस निंदनीय घटना के लिए जिम्मेदार है, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार इस मामले में पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से कार्यवाही सुनिश्चित करेगी ताकि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मौके पर बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी भी उपस्थित थे।

### सीटी बजाओ अभियान 2.0 का हुआ विधिवत शुभारम्भ, डीसी ने कहा

# सामूहिक सहभागिता से ही शिक्षा में गुणात्मक सुधार किया जा सकता है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के नवनिर्मित सभागार में 05 से 18 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति, नामांकन, ठहराव के लिए स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ अभियान गीत के साथ शुभारम्भ किया गया।

## जिले में बेहतर और गुणात्मक शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहें




उपायुक्त ने कहा की जिला में बेहतर और गुणात्मक शिक्षा के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहें है। इसके लिए शिक्षक एवं जन प्रतिनिधि की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ताकि शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराया जा सकें। उपायुक्त ने कहा कि अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बच्चों को गुणात्मक शिक्षा पर विशेष जोर दे ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बने। झारखंड में स्कूल रुआर कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को वापस स्कूल लाना है जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए हैं या जिन्होंने स्कूल छोड़ दिया है। रुआर का अर्थ है फिर से लौटना। इसलिए, यह कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में फिर से जोड़ने पर केंद्रित है।

### शिक्षक अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करें

उपायुक्त ने कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से कहा की शिक्षक अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बच्चों को बेहतर एवं गुणात्मक शिक्षा दे। सभी शिक्षक सामाजिक दायित्व समाज सेवा की भावना से बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ाएं। जिला स्तर से शिक्षकों द्वारा पढ़ाई का मूल्यांकन प्रतिवर्ष कराया जाएगा। इंप्रूवमेंट नहीं होने पर सम्बंधित विद्यालय के शिक्षकों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। क्यों की लगभग 90 प्रतिशत बच्चें सरकारी विद्यालय में पढ़ते है, इसलिए शिक्षा की गुणवत्ता में ध्यान दे। साथ जन प्रतिनिधि भी अपनी जन सहभागिता निभाते हुए जो बच्चें स्कूल नही जा रहें है, उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें। साथ उनका नामांकन कराने में अपनी सहभागिता निभाए। क्यों की सामूहिक सहभागिता से ही शिक्षा में गुणात्मक सुधार किया जा सकता है।

### कार्यक्रम 10 मई तक अभियान के रूप में चलेगा

स्कूल रुआर कार्यक्रम झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जो राज्य के सभी पात्र बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एक सतत प्रक्रिया है जो नियमित रूप से आयोजित की जाती है। वर्तमान में, यह कार्यक्रम 10 मई 2025 तक अभियान के रूप में चलेगा। इस कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह एवं जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग से सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ साथ जिला परियोजना कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### विद्यालयों में नामांकन शत प्रतिशत हो कोई बच्चें छूटे नही

उपायुक्त ने कहा की इस कार्यक्रम में सबकी अहम सहभागिता बनती है, बच्चों का नामांकन शत प्रतिशत हो, सभी बच्चें स्कूल जरूर आए, बच्चें स्कूल में ड्रापआउट ना हो, गुणात्मक शिक्षक के लिए बेहतर प्रयास करें। निश्चित रूप से बच्चों का नामांकन कराए। जिले में इससे सम्बंधित कई गतिविधि भी कराई जा रही है, ताकि नामांकन का प्रतिशत में बढ़ोतरी हो।

## झारखंड में बढ़ते साइबर अपराध पर जताई चिंता

**रांची।** एफजेसीसीआई की आईटी उप समिति की बैठक मंगलवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक में झारखंड में बढ़ते साइबर अपराध पर चिंता जताई गई और एआई को लेकर एक विशेष कार्यशाला की घोषणा की गई। वहीं बैठक मनोज कुमार मिश्रा और अल्तमश आलम की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि साइबर हमला कारोबार और आम लोगों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। व्यवसायों को इससे बचाने के लिए तकनीकी जागरूकता जरूरी है। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि एआई आने वाले समय में सभी उद्योगों के लिए अहम भूमिका निभाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए आईटी उप समिति 20 मई को ट्रांसफॉर्मिंग बिजनेस फॉर टुमॉरो एआई इन एक्शन कार्यशाला आयोजित कर रही है। इसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी डॉ। संतोष कुमार मुख्य वक्ता होंगे। वहीं, पंजीकरण 25 अप्रैल से शुरू होगा। व्यापारी, स्टार्टअप, प्रोफेशनल्स और छात्र इस कार्यशाला में भाग ले सकते हैं। इस सत्र का उद्देश्य राज्य में डिजिटल जागरूकता बढ़ाना और एआई के माध्यम से व्यवसायों को नई दिशा देना है। हाल ही में आईटी उप समिति ने डॉक्टर वाइव्स एसोसिएशन की साइबर अवेयरनेस वर्कशॉप में भी भाग लिया था।

## रिम्स के इमरजेंसी में भर्ती की प्रक्रिया को सरल करने की आवश्यकता : शशि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) शशि बाला सिंह ने बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) हीरेन्द्र बिरुआ, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, क्रिटिकल केयर विभागाध्यक्ष सह ट्रामा सेंटर, इमरजेंसी इंचार्ज प्रो (डॉ) प्रदीप भट्टाचार्य, उपाधीक्षक-1 डॉ अजय कुमार और प्रशासनिक पदाधिकारी कर्नल ए के श्रीवास्तव के साथ इमरजेंसी, ट्रामा सेंटर का निरीक्षण कियो। इमरजेंसी में मरीजों की संख्या को देखते हुए निदेशक ने पदाधिकारियों को एक ऐसी प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया है जिस से इमरजेंसी में मरीजों की भर्ती में कम समय लगे और यह पूरी प्रक्रिया सरल हो डॉ शशि बाला ने कहा है कि इमरजेंसी में भर्ती की प्रक्रिया को सरल करने की आवश्यकता है ताकि सभी मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने 10 मल्टीपर्पस वर्कस नए मरीजों के लिए उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान दूसरे विभागों के कंसल्टेंट कॉल के संबंध में चिकित्सकों द्वारा कई दिनों तक मरीज को नहीं देखने की शिकायत प्राप्त हुई, जिस संबंध में निदेशक ने सभी विभागाध्यक्षों को चार घंटे के अंदर मरीज को देखना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा है कि ट्रामा सेंन्टर से मरीजों के स्थानांतरण में अक्सर देरी होती है, इस संदर्भ में सीएमओ और सिस्टर प्रभारी को जल्द से जल्द स्थानांतरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए है और पेईंग वार्ड में जिन भी मरीजों को स्थानांतरण किया जाएगा उनके बीएसटी में इमरजेंसी एक्सटेन्सन स्टॉम्प से मुहर लगाना अनिवार्य है, जिससे उनके तुरन्त स्थानांतरण में सुविधा हो। निदेशक ने सभी सीएमओ को नाम, पद नाम तथा रजिस्ट्रेशन नंबर का एक मुहर बनवाने का निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान कॉटेज के आस-पास तथा कैंटीन के पीछे कूड़ा-कचरा तथा गंदगी पायी गयी जिसे निदेशक ने तुरंत ही साफ कराने के निर्देश दिये हैं। इसके अतिरिक्त निदेशक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह सभी वार्डों में साफ-सफाई, शैचालय की सफाई, बेडशीट, कंबल इत्यादि को 10 दिनों के अंदर व्यवस्थित करना सुनिश्चित करेंगें। वहीं पुरानी इमरजेंसी स्थित अमृत फामेर्सी और जन औषधि केंद्र के बीच की जगह जन औषधि केंद्र के विस्तार हेतु देने का निर्णय लिया गया है इसके पूर्व मंगलवार को भी निदेशक डॉ शशि बाला सिंह ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और इस दौरान लगभग सभी विभागों में वरीय चिकित्सक सुबह 9:30 बजे ही उपस्थित थे।

## कांडों के अनुसंधान व निष्पादन के लिए गहन समीक्षा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल सहित सभी डीएसपी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल पुलिस पदाधिकारी और सभी थाना प्रभारी शामिल रहे। जहां डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा कई महत्पूर्ण निर्देश दिए गए। जिसमें सभी पुलिस उपाधीक्षक/थाना प्रभारी को कांडों के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं निष्पादन के लिए कांडों की गहन समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है।




सीपीएमएस के माध्यम से सभी वारंटःसम्मन का तमिला एवं निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।दुष्कर्म एवं पॉक्सो से संबंधित कांड का अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सभी थाना के मोस्ट वांटेड क्रिमिनल के विरुद्ध कार्ययोजना पर चर्चा की गई। थाना क्षेत्र में सभी विवाद से संबंधित घटनाओं पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। सभी गस्ती वाहनों में गस्ती पंजी संधारण करने का निर्देश दिया गया। क्यूआर कोड आधारित पेट्रोलिंग के बारे में जानकारी दी गई।वारंट का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

## विश्व पुस्तक दिवस पर पुस्तकालयों का हाल

# राजधानी की चकाचौंध में गुम हो चुका है संतुलाल पुस्तकालय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** बुधवार को विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। पुस्तक दिवस के मौके पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने रांची स्थित पुस्तकालयों की पड़ताल की। जिसमे सामने आया कि राजधानी में कई पुस्तकालय हैं जहां विद्यार्थी और परीक्षाओं की तैयारी करने वाले लोग जाकर अपनी पढाई करते हैं। राजधानी में स्टेट लाइब्रेरी, सेंट्रल लाइब्रेरी, रामकृष्ण लाइब्रेरी, जैसे कई लाइब्रेरी हैं। कुछ लाइब्रेरी को सरकारी फंड मिलता है तो कुछ लाइब्रेरी में नहीं मिलता है। वहीं, कई कारणों से लाइब्रेरी बंद होने की कगार पर हैं तो कई बंद भी हो चुके हैं।

- रामकृष्ण पुस्तकालय को नहीं मिलता सरकार का कोई योगदान
- सरकारी पुस्तकालयों में होती है भीड़, आधुनिक समय में भी लोग ट्रेडिशनल पढाई करते हैं पसंद
- कई सालों बाद होता है सरकारी पुस्तकालयों का जीर्णोद्धार

### रामकृष्ण पुस्तकालय




वहीं दूसरी तरफ 1927 में स्थापित राम कृष्ण पुस्तकालय को सरकार का कोई योगदान नहीं मिलता है। एस एन शाह राम कृष्ण पुस्तकालय के लाइब्रेरियन हैं जिन्होंने बताया की पहले सरकार की तरफ से सहायत मिलती थी लेकिन अब कोई सहायता नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा पहले की तुलना में अब बच्चों की संख्या भी कम हुई है। हालांकि पुस्तकालय में सभी किस्म की पुस्तकें उपलब्ध है। वहीं पुस्तकालय का जीर्णोद्धार रामकृष्ण मिशन की ओर से होता है। उन्होंने कहा यह पुस्तकालय राजधानी की सबसे पुराने पुस्तकालयों में से एक है।

### संतुलाल पुस्तकालय

बंद लाइब्रेरी में अपर बाजार के गोविंद भवन में स्थित संतुलाल लाइब्रेरी शामिल है। जिसने रेयरेस्ट ऑफ रेयर मैग्जीन व किताबों को सहेजे रखा था। जहां हिंदी स्वाधीन पुस्तकालय से लगभग 779 पुस्तकें मिलती थी। 1955 में पुस्तकों की संख्या 11 हजार से अधिक रहती थी। 1960 में चौदह हजार थी। संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी की हजारों पुरानी किताबें संग्रहित थी। रवींद्रनाथ टैगोर का हिंदी में साहित्य यहां कई खंडों में उपलब्ध था। इसके अलावा कई किताबों का संग्रह था लेकिन आज यह पुस्तकालय राजधानी की चकचौंध में कहीं गम हो चुकी है।

### सेंट्रल लाइब्रेरी






सेंट्रल लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन डॉ संजय कुमार कर्ण ने बताया यह लाइब्रेरी की स्थापना 1962 में हुई थी। शुरुआती दौर में डिपार्टमेंट की संख्या कम थी इसलिए विद्यार्थी की संख्या कम थी और इसलिए कलेक्शन भी कम था। लेकिन अब की तारीख में 30 डिपार्टमेंट्स है इसके अनुसार किताबें हैं। 8 बजे सुबह से लेकर 10 बजे रात तक लाइब्रेरी खुला रहता है। जिसमे विद्यार्थी यहां आकर अपनी पढाई शांति से कर पाते हैं। वहीं उन्होंने कहा आधुनिकीकरण का असर तो पड़ा ही है फिर भी अधिकतर बच्चे ट्रेडिशनल पढ़ाई करना पसंद करते हैं। पहले की तुलना में अब लाइब्रेरी की स्थिति सुधर गई है। लाइब्रेरी का जीर्णोद्धार किया गया है। अब बच्चे बेझिझक यहां आकर पढाई करते हैं।

### स्टेट लाइब्रेरी



वहीं स्टेट लाइब्रेरी की लाइब्रेरियन ज्योति कुमारी ने बताया कि स्टेट लाइब्रेरी को 1953 में स्थापित की गई थी। उन्होंने कहा उस वक्त की तुलना में भले अभी पुस्तकालयों में जाकर पढने की रुचि लोगों में कम हुई है लेकिन आज भी कई ऐसे लोग हैं जो शांति और ट्रेडिशनल तरीके से पढने के आदि हैं। यहां करीबन 8000 से अधीक एडमिशन हैं हालांकि प्रतिदिन आने वालों की संख्यां 11 सौ के आस पास है। वहीं उन्होंने बताया स्टेट लाइब्रेरी लोग इसलिए भी आना पसंद करते हैं क्योकि यहां सभी तरह की किताबें उपलब्ध है। साथ ही सभी सुविधाएं भी है। वहीं पुस्तकालय का रखरखाव जीणोर्धार राज्य सरकार के द्वारा किया जाता है। साथ ही उन्होंने बताया की पुस्तकालय का नवीनीकरण कभी 2 वर्ष में तो कभी 5 वर्ष में होता है। पिछली बार साल 2020 में नवीनीकरण किया गया था।

### सेंट्रल लाइब्रेरी का छज्जा गिरने से हुए थी एक की मौत

रांची विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी में छज्जा गिरने की घटना हुई थी, जिससे एक छात्र की मौत हो गई थी। घटना 14 जून 2023 को हुई थी जब छात्र लाइब्रेरी में साइकल रखने के बाद खड़ा था, तभी छज्जा गिर गया। जिसके बाद कई दिनों तक सेंट्रल लाइब्रेरी को बंद रखा गया था। हालांकि अब सेंट्रल लाइब्रेरी का जीणोर्धार किया जा चूका है।

## ग्रामीण एसपी ने की लैंगिक अपराध की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बुधवार को महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराध और पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित मामलों कि समीक्षा की। मौके पर संबंधित पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं अनुसंधानकर्ता के समझ किया गया। समीक्षा के क्रम में मामलों को समय सीमा के अंदर अनुसंधान पुरे करने के निर्देश दिए गए।



## एक नजर

### गांधीनगर अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा शिविर 26 को

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में 26 अप्रैल को सुबह 9 बजे से निशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिपोर्ट/जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाएं। सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आज होगा महाभिषेक



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी)मंदिर में गुरुवार को वैशाख कृष्णपक्ष की वरूथिनी एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर अखिल लोकलोकेश्वर परमात्मा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर दिव्य दम्पति का उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक होगा। फिर शृंगार, महाआरती, नित्याराधन नैवेद्य भोग और महास्तुति आदि के बाद सुबह 7:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक आम श्रद्धालुओं के पूजा - अर्चना करने हेतु मंदिर गोपुरम के बाहरी कपाट को खोल दिया जाएगा। वैशाख कृष्ण पक्ष की यह एकादशी इस लोक में और परलोक में भी सौभाग्य प्रदान करने वाली है।

### साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरूआत हुलहूंडु गांव में की गई। पहले दिन का कार्यक्रम साइबर सुरक्षा पर जागरूकता के विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें ग्रामीणों को डिजिटल युग में साइबर खतरों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनएसएस राज्य समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने एनएसएस वॉलंटियर्स और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, एच वन टीच वन पहल, नशा मुक्ति जागरूकता और अन्य सामाजिक विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सेंट जेवियर स्कूल के शिक्षक डॉ. संतोष कुमार उपस्थित थे।

# जिम्मेदारियां छात्रों के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करती है : कैलाश



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो में बुधवार को छात्र परिषद का सफलतापूर्वक गठन किया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं, जिनका उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना का विकास करना है। डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए उनके जीवन में अनुशासन और जिम्मेदारी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसी जिम्मेदारियाँ छात्रों के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करती है और भविष्य में एक सफल नेता और ज़िम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करती हैं। इस वर्ष सुगंधा कुमारी को हेड गर्ल चुना गया है, जबकि स्मृति गोस्वामी को डिप्टी हेड गर्ल नियुक्त किया गया। दुर्गेश कुमार को हेड बॉय बनाया गया है और जीवन महतो को डिप्टी हेड बॉय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभिन्न हाउस कैप्टन भी नियुक्त किए गए, जिनमें प्राची कुमारी, पार्थ प्रतीक, प्राची मेहता, अनीशुल अंसारी, चाहत परवीन, माही कुमारी, प्रिंस महली, प्रिंस गोपे, काव्या राज, द्रोणाचार्य प्रज्ञा सहित अन्य शामिल हैं। समारोह का समापन छात्र परिषद के सदस्यों को शिक्षकों द्वारा बैच पहनाया गया और छात्र परिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण एक साथ हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यालय के आदर्शों का पालन करने और अपने साथियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनने का संकल्प लिया।

### कैंडल मार्च निकाला गया

**रांची।** आतंकी हमले में मारे गए लोगों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। श्री दुर्गा मंदिर समिति और ट्रस्ट की ओर से मोमबत्ती जुलूस समिति के सचिव नकुल तिर्की के नेतृत्व में मंदिर प्रांगण से निकाली गई। मौके पर रमेश सिंह, विवेक गर्ग, पिंटू भगत, प्रदीप लकड़ा, राणा मिश्र, गौर चंद दास, सुनील दुबे सहित मंदिर के ट्रस्टी जयंत नाथ शाहदेव, रमेन्द्र कुमार, राजेश रजक, उत्तम गोराई उपस्थित थे।

### प्रज्ञा केंद्र में विवाह निबंधन की प्रक्रिया शुरू



**मांडर।** प्रखंड के सभी पंचायत भवन के प्रज्ञा केंद्र मे विवाह निबंधन की प्रक्रिया बुधवार से सुरु कर दी गईं है। प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने बताया कि अब इसके लिए लोगों को कचहरी का चक्कर नहीं लगाना होगा। मांडर प्रमुख कार्यालय मे पहला विवाह प्रमाण पत्र सरिता खलखो पति अनमोल नियोन एक्का को प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, सीताराम साहू और अंजनी ज्योति टोप्पो के हाथो संयुक्त रूप से दिया गया। विवाह पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज दोनों का आधार कार्ड, पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो दूल्हे एंव दुल्हन का हस्ताक्षर, लेटर पेड पर मुखिया द्वारा प्रमाणित हस्ताक्षर एवं मुहर, तीन फोटो शादी का जोड़े का, 3 गवाह का आधार एंव पहचान पत्र, 3 गवाह का पासपोर्ट फोटो, 3 गवाह का हस्ताक्षर आवश्यक होगा।

### एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब,रात गुजरती है अंधेरे में

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के बड़ामुरी पंचायत के काशीडीह गांव के में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब है और ऐसे में गांव में लगा ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से लोगों के घरों तक बिजली नहीं पहुंच रही है। जिसके चलते अब गांव में अंधेरा पसरा है। बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग अधिकारियों को भी अवगत कराया इसके बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारी मुकदर्शक बने हुए हैं। 100 केवी के ट्रांसफार्मर में अत्यधिक उपभोक्ता हो जाने के कारण ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है। इसलिए हमेशा यह समस्या उत्पन्न हो जाती है। विभाग की ओर से न ही ट्रांसफार्मर बदला जा रहा है। जिससे रात होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है इसके बावजूद भी विद्युतकर्मी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। विद्युत विभाग के मुकेश साहू से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सूचना मिली है जल्द ही ट्रांसफार्मर को ठीक कर लिया जाएगा।

### गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण के लिए शिक्षकों से आदर्शवादिता अपेक्षित है : डॉ जेबी पांडेय



**रांची।** पटेल बीएड कॉलेज लोधमा के तत्वावधान में फैकल्टी दक्षता विकास कार्य क्रम के तहत उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। आगत अतिथियों ने समवेत रूप में दीप जलाकर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि शिक्षा विकास का मूलाधार है। सुप्रसिद्ध दार्शनिक अरस्तू ने कहा है कि मनुष्य की चार मौलिक आवश्यकताएं हैं -भोजन, वस्त्र, आवास और शिक्षा। भले ही क्रम में शिक्षा चौथे नंबर पर है, लेकिन महत्व और गुणवत्ता की दृष्टि से वह प्रथम स्थान की अधिकारिणी है। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी कहा करते थे कि किसी देश का भविष्य वहां के आदर्श नागरिक पर, नागरिकों का भविष्य वहां की समुचित शिक्षा व्यवस्था पर और शिक्षा का भविष्य वहां के योग्य शिक्षकों पर निर्भर करता है।

### समर्पण शाखा ने चलाया सफाई अभियान



**रांची।** विश्व पृथ्वी दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में शाखा ने बड़ा तलाब में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और साफ सफाई किया। पर्यावरण एवं स्वच्छता प्रभारी पूजा तोदी और सयोजिका पिंकी शर्मा ने साफ-सफाई के लिए बहुत अच्छे से तैयारी की थी। शाखा अध्यक्ष ने कहा कि यह धरती मां के समान है, इसकी सुरक्षा के बिना सब बेकार है। इसलिए हम सब को मिलकर पृथ्वी की साफ सफाई में ध्यान देना चाहिए। रियल हीरोज ने इतनी कड़ी धूप में साफ सफाई की और लोगों को जागरूक भी किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के बीच शाखा द्वारा पानी बोतल, ग्लूकोन डी और धूप से बचाव के लिए टोपी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, पूजा तोदी, पिंकी शर्मा, वर्षा धानुका,पायल जैन, कविता जालान, सोनल शर्मा , दीपिका मोतीका एवं अन्य सदस्य उपस्थित थी।



साईं मंदिर का दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू

# महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

*बाबा का अभिषेक के साथ कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए*

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
ओम साईं नमो नमः श्री साईं नमो नमः जय जय साईं नमो नमः जैसे मंत्रोच्चार के बीच लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध सरसा साई मंदिर का दो दिवसीय 32 वां मंदिर का स्थापना दिवस के पहले दिन धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया गया। 32वें स्थापना दिवस पर साई बाबा मंदिर लापुंग में बाबा का भव्य रुप से पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5:15 में बाबा का ककड़ आरती से किया गया। इसके बाद सुबह 10:00 बजे 251 महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के तत्पश्चात 11:00 बजे बाबा का दूध दही घी शहद और पवित्र जल से बाबा का भव्य अभिषेक किया गया। बाबा के अभिषेक के बाद बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। उन्हें नए वस्त्र धारण कराए गए। कई धार्मिक अनुष्ठानों के बाद दोपहर 12:00 बाबा का मध्याह्न आरती का भव्य आयोजन किया गया एवं अपराह्न 1:00 बजे पंच देवता पूजन नवग्रह पूजन राजकुमार पाठक एवं विकास पाठक के नेतृत्व में पांच पंडितों के द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। शाम 5:00 बजे बाबा का हवन किया गया एवं धूप आरती 6:00 बजे किया गया रात 10:00 बजे सेज आरती की गई। गुरुवार 24 अगस्त 2025 को 11:00 बजे विसर्जन का कार्यक्रम रखा गया है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज उरांव, सत्येंद्र भगत, पवन साहू, प्रसन्न जी, आदित्य कुमार पांडे, हीरालाल शेखर सिंह, राजधन शेखर सिंह, विजय महतो, नपिंदर सिंह, नाथूराम भगत, गंदुर तिर्की एवं संतोष चौरसिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आतंकी हमले के विरोध में एवीबीपी ने किया प्रदर्शन

**रांची।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर इकाई ने प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने न्यूक्लियस माल चौराहे पर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। मौके पर महानगर मंत्री तुषार दूबे ने कहा कि भारत की सहनशीलता को कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी ने केंद्र सरकार से हमले के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही सीमापार से होने वाली आतंकी गतिविधियों पर रोक लगाने को कहा। नगर सह मंत्री रौशनी मुंडा ने कहा कि यह अगस्त 2019 के बाद से जम्मू कश्मीर के अंदर ये सबसे बडी और भयावह घटना है।अभाविप सरकार से मांग करती है की आंतकवाद को उनके घर में घुस कर मार गिराना चाहिए। अभाविप राष्ट्र की सुरक्षा और अखंडता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। संगठन देशविरोधी ताकतों का विरोध करता रहेगा। प्रदर्शन में प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शारदा कुमारी एवं सत्यम, महानगर सह मंत्री शिवम लोहरा,हर्ष भगत, खेलों भारत के संयोजक गोपाल चौहान, सुधांशु ,नीरज, लव ,बादल,सहित कई छात्र मौजूद रहे।

### बीएयू: डॉ एमके गुप्त वेटनरी संकाय के डीन बने



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर तथा पशु विकृति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ मधुरेंदु कुमार गुप्त को पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहां के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद का 21 अप्रैल को असामयिक निधन हो गया था। लोकप्रिय शिक्षक और शोध वैज्ञानिक के रूप में प्रतिष्ठित डॉ गुप्त पिछले कई वर्षों से बीएयू के निदेशक आवासीय शिक्षा सह अधिष्ठाता स्नातकोत्तर संकाय का भी अतिरिक्त दायित्व संभाल रहे हैं। साथ ही पशुचिकित्सा महाविद्यालय के कई विभागों के अध्यक्ष का भी अतिरिक्त प्रभार उनके पास है।

### डॉ सुशील प्रसाद के निधन पर शोक सभा

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद के असामयिक निधन पर रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में एक शोक सभा हुई जिसमें विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कुलपति डॉ एससी दुबे सहित विभिन्न वक्ताओं ने डॉ सुशील प्रसाद के मानवीय गुणों तथा एक व्यवहारकुशल शिक्षक, समर्पित वैज्ञानिक एवं प्रशासक के रूप में उनके योगदान को याद किया। अंत में 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत प्राणी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### हाइवा ने पति- पत्नी को कुचला, पत्नी की मौत

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया में बुधवार को एक हाइवा ने बाइक पर बैठे पति-पत्नी को घसीटा जिससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर हालात को काबू में लाया। वहीं, पुलिस के आश्वासन के बाद आक्रोशितों ने जाम खत्म किया।

### बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजन 11 मई को

रांची। कलिंगा भारती फाउंडेशन नई दिल्ली की ओर से आर्यभट्ट सभागार में बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजन 11 मई को किया जाएगा। बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती पर यह आयोजन सम्पन्न होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष कुरमाली भाषा परिषद् के अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो है। गठित आयोजन समिति एवं सलाहकार समिति की देख-रेख में आयोजन की पुरजोर तैयारियां की जा रही है।

## न्यूज | बॉक्स

### रांची टीम ने जमशेदपुर को 5 विकेट से हराया



**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में जामताड़ा में खेले गए फाइनल मैच रांची टीम ने जमशेदपुर टीम को 5 विकेट से हराया । आज के फाइनल मैच में रांची टीम को जीत के लिए 199 रनों का लक्ष्य जमशेदपुर ने दिया जिसे रांची टीम ने 5 विकेटों के नुकसान पर 201/5 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें रक्षित प्रवीण ने 68 रन नाबाद एवं वैभव संतोष ने 65 रनों का योगदान दिया और 5 विकेट से फाइनल मैच जीत लिया।सौरव कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। सौरव कुमार ने 37/4 विकेट लिए।

### नेपाल में स्टार वॉरियर्स फुटबॉल अकैडमी का शानदार प्रदर्शन



**रांची।** नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला फुटबॉल लुंबिनी कप में भारत की स्टार वॉरियर्स फुटबॉल अकैडमी ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें नेपाल की 7 टीमें और भारत की स्टार वॉरियर्स फुटबॉल अकैडमी शामिल थी।स्टार वॉरियर्स फुटबॉल अकैडमी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन आखिरी समय में नेपाल पुलिस की टीम विजय बनी। टीम की कप्तान यमुना पूर्ति थीं, जो खूंटी की रहने वाली हैं। नेपाल में इस टूर्नामेंट के आयोजन में शानदार मेजबानी की, जिसमें खिलाड़ियों के रहने, खाने और सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद सभी खिलाड़ियों के चेहरों पर खुशी थी।टीम में शामिल खिलाड़ियों में रुपाली कुमारी, रिया कुमारी, राधिका कुमारी, श्वेता गाड़ी, ललिता टोप्पो, राखी कुमारी, नैंसी मुंडा, पुनीता कुमारी, दीक्षा कुमारी, आयुषी कुमारी और रानी कुमारी शामिल थीं। टीम के कोच अनवरूल हक (बबलू) और मैनेजर रमेश कुमार थे।

68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता

### दूसरे दिन झारखंड की झोली में आए 2 कांस्य पदक

**रांची।** 21 से 26 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता 2024-25 के दूसरे दिन झारखंड की दो पहलवानों, रिचा कुजूर एवं स्नेहा कुमारी ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। झारखंड विद्यालय कुश्ती टीम की पहलवान खुशबू तिर्की के रजत पदक जीतने पर, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह, शिक्षा निदेशक शशि रंजन, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर,अभिभावक-के रवि कुमार, हमारे मार्गदर्शक-भोलानाथ सिंह, शिक्षा विभाग राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी-धीर सेन सोरेंग,महासचिव-रजनीश कुमार,बिजय शंकर सिंह, सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष/सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार तथा शिक्षा विभाग के द्वारा बधाईयां दी।

### भाजपा अड़की मंडल ने किया आतंकवाद का पुतला दहन



**अड़की ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी अड़की मंडल ने पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया। विरोध प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष परशुराम दास के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए गए और आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रकट किया गया। मौके पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मुंडा सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।इनमें गोपाल स्वर्णकार, सुभाष हालदार, अजय साहू, शिवनारायण तिवारी, विपुल तिवारी, प्रदीप साहू, बबलू पुराण, प्रदीप गुप्ता, विकास साहू, जयचंद कुमार, हरलाल मुंडा, प्रवीण साहू, कुलदीप मुंडा, रोहित हजम, विमल साहू, राजू साहू, अमित साहू, प्रमोद साहू और महात्मा आदि प्रमुख थे।

मधुकान प्रोजेक्ट में मजदूरों के शोषण के खिलाफ धरना 26 को

# मजदूरों की मांगें नहीं मानी गईं तो जाएंगे हड़ताल पर : अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ कांग्रेस (इंटक) के बैनर तले असंगठित मजदूर आगामी 26 अप्रैल को एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना देंगे। धरना की तैयारी को लेकर बुधवार शाम असंगठित मजदूरों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि एनके एरिया अंतर्गत केडीएच परियोजना में मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड कोल हैंडलिंग प्लांट का निर्माण कर रही है। कंपनी द्वारा यहां काम करने वाले मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा मजदूरों के शोषण व श्रम कानूनों के उलंघन के खिलाफ 26 अप्रैल को धरना दिया जाएगा। एनके एरिया महाप्रबंधक को इस प्रस्तावित धरने की लिखित जानकारी दे दी गई है। मजदूरों की ओर से मांग रखी गई है कि कंपनी में काम कर रहे ड्राइवर, सुपरवाइजर, वेल्डर, फिटर को कोल इंडिया के नियम के तहत वेतन दिया जाय। कंपनी में काम कर रहे सभी मजदूरों को साप्ताहिक रेस्ट दिया जाए। मजदूरों को आठ घंटा काम कराया जाए। कंपनी में काम कर रहे हेल्पर सिक्युरिटी गार्ड को झारखंड सरकार के श्रम कानून के तहत वेतन दिया जाए और श्रम कानून के नियमों को सख्ती से कंपनी द्वारा लागू किया जाए। अंसारी ने कहा कि इन सभी मांगों पर मधुकान कंपनी आज तक सिर्फ टाल मटोल करती रही है। उन्होंने कहा कि अभी इन सभी मांगों को लेकर धरना दिया जाएगा। धरना के बाद भी मजदूरों की मांग नहीं मानी गई तो मजदूर हड़ताल पर जाएंगे। जरूरत पड़ी तो कंपनी का काम भी बंद कराया जाएगा। बैठक में अशोक सिंह, अमजद अंसारी, कृष्णा सिंह, मुमताज अंसारी, जसीम अंसारी, उपेंद्र ठाकुर, अरबिंद कुमार, मोहन एक्का, बबलू अंसारी, राकेश चौहान, सुनील चौहान, शमीम अंसारी, असीम अंसारी, चंदन कुमार, राजराम डोम, सूरज चौहान आदि शामिल थे।

स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई

# वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लेकर उनके दांत खट्टे कर दिए थे

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य गौरीशंकर कामिला ने बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर व उन्हें नमन कर किया। विद्यालय के शिक्षक गोविन्दकुमार चौहान ने बताया कि बाबू वीर कुंवर सिंह को बूढ़ा शेर कहा जाता है। वह अंग्रेजों के दांत कटट् कर दिए थे। उन्होंने कविता के रूप में कहा कि 'गूंज रहा है दुनिया में जीत का नगाड़ा, चमक रहा है आसमान में भारत का सितारा, आजादी के लिए लड़ने वाले उन वीरों को नमन, जिनके कारण लहरा रहा तिरंगा हमारा। शिक्षक पुरूषोत्तम कुमार सिंह ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि अस्सी वर्ष की हड्डी में जागा जोश पुराना था, सब कहते है कुंवर सिंह भी बड़ा वीर मर्दाना थे। प्रभारी प्रधानाचार्य ने बाबू वीर कुंवर सिंह की



**वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार प्रकट किए**

जीवन से जुड़ी कई वीर गाथाओं को छात्रों को बताया। वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूनम पाठक, सूरज कुमार, उमेश कुमार, संजीवकुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में जेएसएससी ने कोर्ट को सौंपी टाइम लाइन

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में बुधवार को 26000 सहायक आचार्य नियुक्ति के मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जेएसएससी ने सहायक आचार्य रिजल्ट के प्रकाशन के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से एक टाइम लाइन कोर्ट को दिया है जिसमें सितंबर माह के द्वितीय सप्ताह में सहायक आचार्य के अंतिम रिजल्ट का प्रकाशन कर दिया जाएगा। जेएसएससी द्वारा बताया गया है कि सहायक आचार्य के ग्रेजुएट लेवल ट्रेंड टीचर (कक्षा 6 से 8) के मैथ एवं साइंस टीचर के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। वही सोशल साइंस के टीचर के लिए जुलाई के तृतीय सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित होगा और लैंग्वेज टीचर के लिए अगस्त के प्रथम सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित होगा। इंटरमीडिएट ट्रेंड टीचर (कक्षा 1 से 5) के शिक्षकों के लिए सितंबर के द्वितीय सप्ताह में रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा।

सीजेएम व डालसा सचिव की पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ बैठक

# लंबित वादों के निस्तारण में पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका अहम : सीजेएम

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झालसा के निर्देशनुसार न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, चंदन एवं डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की अध्यक्ष में बुधवार को पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस अवसर पर सीजेएम चंदन एवं डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर जिले के सभी थाना से आए पुलिस पदाधिकारियों से मुखातिब हुए एवं आगामी 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत पर फोकस किए। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक-से-अधिक वादों का निस्तारण करना है। सुदुरवर्ती क्षेत्रों में वादकारियों को नोटिस का तामिला कराने में पुलिस प्रशासन के लोगों की भूमिका अहम होती है। इसलिए आप सभी अधिक से अधिक नोटिस का तामिला स-समय कराएं ताकि वादकारियों को उनके वादों के निस्तारण में मदद मिले और न्यायालय में लंबित मामलों को कम किया जा सके। ज्ञात हो कि वर्ष 2025 का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को आयाजित होगा। वादकारी 09 मई तक कार्यालय अवधि में उपरोक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पारस्परिक संतुष्टि (आपसी सहमति/समझौता) के आधार पर अपने केस का सुलभ एवं त्वरित निपटारा करा सकते है एवं इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## एक नजर

### आरसीसी ने विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की

**गिद्दी।** आरसीसी गिद्दी ने बुधवार को गिद्दी सी में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया। चित्रकला, क्विज, निबंध और गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में निरुल कुमारी प्रथम, निकीता कुमारी द्वितीय, सुमन कुमारी तृतीय और संतोषी कुमारी चौथा स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में सिंताजलि श्रद्धा प्रथम, सुमन आसिफ द्वितीय, गुलाबी अंशु तृतीय स्थान प्राप्त किया। गीत प्रतियोगिता में हिना प्रवीण प्रथम, गुलाबी जया द्वितीय स्थान प्राप्त की। निबंध प्रतियोगिता में आरिफा तहसिन प्रथम, हिना प्रवीण द्वितीय और जया टोप्पो तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया।

### काली मंदिर नईसराय में छेड़खानी का मामला गरमाया

**रामगढ़।** काली मंदिर नईसराय के समीप स्कूटी सवार दो युवतियों के साथ छेड़खानी का मामला गरमा गया है। अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर हिन्दू संगठनों में उबाल है। इसे लेकर मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल इंस्पेक्टर से रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार से मिला। इस दौरान 24 घंटे के अंदर दोषी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन की चेतावनी दिया। अगले दिन बुधवार को विहिप प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से भी मिलेगा। इस दौरान दोषी के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। थाना प्रभारी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, युवा नेता पंकज महतो, रवि कुमार, महेन्द्र ठाकुर, दानिश पटेल आदि शामिल थे।

### वायरल ऑडियो की जांच करेगी तीन सदस्यीय कमेटी

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पनेश्वर महतो और युवा मोर्चा जिला सचिव रोहित कुमार महतो के बीच बातचीत का पिछले दिनों एक ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें दोनों एक - दूसरे से असंसदीय भाषा और आर्थिक गतिविधियों के बाबत बातचीत कर रहे थे। पार्टी ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता माना है। साथ ही तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन हुआ है। इसमें जेएलकेएम जिलाध्यक्ष देवानंद महतो, आनंद केटिआर और संतोष टिडुआर शामिल हैं। कमेटी को 30 अप्रैल तक पूरे मामले की जांच रिपोर्ट समर्पित करने की बात कही गई है। यह जानकारी केंद्रीय प्रवक्ता सह संगठन महामंत्री विजय कुमार सिंह ने पत्र के माध्यम से साझा की है।

पत्रकार के नाम पर ठगी करने का मामला आया सामने

# फर्जी लोगों के खिलाफ थाना में सूचना दें



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

प्रखंड के सुदूर क्षेत्र डपोक पंचायत के ओरपरता गांव में पत्रकार के नाम पर धमकी देने व पैसे मांगने जैसे ठगी का मामला प्रकाश में आया है. मामला मंगलवार की बताई गई है. भुक्तभोगी ओरपरता मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि मंगलवार की अहले सुबह दो लोग विद्यालय का विडियो बनाने लगे. पूछे जाने पर बताया कि दोनों पत्रकार हैं. आपका विद्यालय बंद है. बीस हजार रुपए नकद तत्काल दें. अन्यथा विद्यालय बंद रहने को लेकर खबर प्रकाशित किए जायेंगे. शिक्षक ने बताया कि उनके गांव में यज्ञ हो रहा है, जो विद्यालय के समीप ही है. इस कारण बच्चे कम आ रहे है. विद्यालय समय से खुल रहे है. पैसे लेने और धमकी देने की जानकारी प्रेस क्लब बरही को दी गई. पूछे जाने पर जिन दो व्यक्तियों का नाम बताया गया वह वाकई पत्रकार नहीं है. पत्रकारिता के आड़ में उगाही इनकी मुख्य धंधा है. प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज यादव ने कहा कि पत्रकारों को किसी भी प्रकार का कार्रवाई का अधिकार प्राप्त नहीं है. अवैध या अनैतिक कार्यों के लिए साक्ष्य के साथ खबर बनाना उनका अधिकार है. किसी भी प्रकार की धमकी या वसूली प्रेस एक्ट के खिलाफ है. उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि बरही में पत्रकारों के नाम पर पैसे उगाही करने वाले कुछ फर्जी लोगों की जानकारी मिली है. जो बरही में स्वच्छ पत्रकारिता की छवि को बदनाम करना चाह रहे हैं. प्रेस क्लब ऐसे गंदे लोगों के मानसिकता के खिलाफ है और किसी भी अनैतिक कार्य का समर्थन नहीं करता है. वैसे लोगों को चिन्हित कर प्रेस क्लब या थाना को खबर करें। अध्यक्ष श्री यादव ने सर्वसाधारण से पत्रकार के नाम पर राशि या चंदा देने के पूर्व प्रेस क्लब के अधिकारियों से संपर्क संपर्क करें. साथ ही ऐसे लोगों को चिन्हित कर स्थानीय थाना को भी इसकी सूचना दें.

### गोला में रेलवे अधिकारी के साथ परामर्श समिति की बैठक आयोजित

**गोला।** गोला रोड रेलवे स्टेशन में मंगलवार को रेलवे अधिकारियों व परामर्श समिति की बैठक हुई। जिसमें गोला रोड रेलवे स्टेशन को विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए गोला रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग दोहराई गई। कहा कि जम्मूतवी एक्सप्रेस इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव हो। साथ ही बरकाकाना से रांची तक एक मेमो ट्रेन चलाने की मांग की गई। परामर्श समिति के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक आशीष कुमार झा व वाणिज्य निरीक्षक मुरी सुखदेव रक्षित को मांग पत्र सौंप कर रेलवे फाटक तक चौड़ीकरण सड़क बनाने, रेलवे स्टेशन में फुट ऑवरब्रिज का निर्माण करने, रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म व शेड का निर्माण करने की मांग किया है।

आतंकी हमले के खिलाफ बच्चों में दिखा आक्रोश

# केंद्र करे कार्रवाई : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में 28 भारतीय के नृशंस हत्या के खिलाफ आईलेक्स पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्हें बच्चों में आक्रोश साफ दिखा. विद्यालय प्रांगण में एकत्रित होकर बच्चे अपने हाथों में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का फोटो लेते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाए. नन्हे मुन्हें बच्चों ने हाथो में तख्ती लिए हुए आतंकवाद के खिलाफ जोरदार आवाज लगाते हुए विरोध किया. निदेशक डॉ शैलेश कुमार, सह निदेशक डॉ सुषमा भारती सहित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने आतंकी हमला में मारे गए लोगों के लिए मौन श्रद्धांजलि दिया. निदेशक ने आक्रमण संबंधित संक्षिप्त जानकारी दिया. उन्होंने कहा कि आतंकियों का यह कायराना हमला है, जो पूर्णतः पाकिस्तान से प्रेरित है. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के हमले कतई माफी के लायक नही है. मजहब पूछ बेगुनाहों का खून बहाया गया है. पर्यटकों के ऊपर अचानक गोलियां बरसाई गई है और निर्दोष लोगों की हत्या की गई है. उन्होंने भारत सरकार से तत्काल जवाबी कारवाई की मांग किया. अंत में निदेशक ने शहबाज शरीफ का पुतला जलाकर पाकिस्तान के इस घिनौने और हताशपूर्ण कारवाई के लिए कड़ी निंदा किया है.

## मोमबत्ती जलाने का नहीं एक्शन का समय है : टोनी जैन



**हजारीबाग।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष पर्यटकों पर की गई इस बर्बर घटना को लेकर जन आक्रोश चरम पर है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ सबसे घिनौनी हरकत करार दिया है। टोनी जैन ने कहा, यह वक्त मोमबत्ती जलाने का नहीं, एक्शन लेने का है। जिस तरह धर्म पूछकर मासूम पर्यटकों को उनके परिवार के सामने मौत के घाट उतारा गया, वह कायरता की पराकाष्ठा है। पूरे भारतवर्ष का हिंदू समाज आज मर्माहत है, क्रोधित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से अपील की है कि अब वक्त आ गया है कि भारत के दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा, जिस नवविवाहिता के सामने उसके पति को बेरहमी से मारा गया, उसका कसूर क्या था? आज भारत की हर बेटी, हर मां सरकार की तरफ उम्मीद से देख रही है। टोनी जैन ने मांग की कि इस हमले का जवाब ऐसा हो जो पूरी दुनिया के लिए मिसाल बने। 27 निर्दोषों की बलि का बदला 27 हजार आतंकियों को जहन्नुम भेजकर लिया जाए, ताकि भविष्य में कोई भारत की ओर आंख उठाने से पहले सौ बार सोचे। उन्होंने सरकार से अपील की कि अब शब्दों का नहीं, कार्यवाही का समय है। जिहादियों को उनकी ही भाषा में जवाब देना होगा, तभी शहीदों की आत्मा को शांति मिलेगी और भारतवासियों का विश्वास सशक्त होगा।

## आतंकियों को सबक सिखाने का समय आ गया है : दिगंबर



रामगढ़। 22 अप्रैल को को जम्मू कश्मीर के पहलगांव क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में 28 लोगों की आतंकवादियों ने निर्मम तरीके से हत्या कर दी। दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने बुधवार को इस कायराना हरकत की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस घृणित कार्य की जितनी भी निंदा और भर्त्सना की जाए कम है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब आतंकियों को सबक सिखाने का समय आ गया है। केन्द्र सरकार सख्ता कार्रवाई कर सजा दे। इस अमानवीय कृत्य से हम सभी मर्माहत, स्तब्ध और आक्रोशित भी हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत सरकार से अनुरोध करते है की आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को हर संभव मदद की जाए। मानिक चंद जैन ने कहा की हम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और दोषियों को सजा देने की मांग करते हैं। हमले में मारे गए लोगों को अरविंद सेठी,नरेंद्र छाबड़ा ,राजू सेठी,नीरज सेठी, निशांत सेठी,महेंद्र बागड़ा,बिनोद पहाड़िया,मनोज काला,सुभाष जैन,विनोद जैन,प्रदीप पाटनी आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित कंडसार में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के संयुक्त तत्वावधान में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल एवं रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गई। कई जरूरतमंद मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्धेश्य है।

जेएलकेएम के मीडिया प्रभारी बने रमेश कुमार

## जिम्मेवारी पर खरा उतरते हुए पार्टी को मजबूत करूंगा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केन्द्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो, केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार शीर्ष नेतृत्व एवं केंद्रीय पदाधिकारियों ने रमेश कुमार महतो जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को पार्टी का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। जिसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रमेश कुमार महतो ने बुधवार को कहा कि मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी नेतृत्व ने प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाने का जो कार्य किया है उसके लिए मैं पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। रमेश कुमार महतो ने कहा कि मैं संगठन के प्रति अपनी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ कार्य करने का संकल्प लेता हूं। कहा कि मैं पार्टी नेतृत्व की उम्मीद पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। साथ ही झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की विचारधारा, सिद्धांतों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को पार्टी संगठन से जोड़ने का कार्य करूंगा। रमेश कुमार महतो को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर रवि कुमार, संतोष महतो, अरुण महता, लीलावती महतो, खतियानी सुमित महतो, प्रभुदयाल महतो, दीपक महतो, रविंद्र महतो, महादेव महत, आरजे अभिजीत, विशाल कुमार, सत्येंद्र कुमार अकेला, विजय कुमार, विनोद कुमार, सनी कुमार, प्रकाश कुमार, मुकेश कुमार महतो, महेंद्र राज, मोहम्मद नौशाद, पांचू महतो,प्रभु कुमार, शिवदयाल प्रसाद, रवि कुमार ,प्रेमजीत कुमार आदि ने बधाई दी है।

### शिक्षिका से स्मार्टफोन की हुई छिनतई, थाना में आवेदन

**बरही ।** बीते संध्या सात बजे अपराधियों ने कोनरा नहर रोड पुलिया मोड़ के समीप डीएवी विद्यालय की शिक्षिका प्रीति कुमारी का स्मार्ट फोन छीन कर फरार हो गए. इस बावत भुक्तभोगी ने बरही थाना में आवेदन देते हुए उचित कारवाई की मांग किया है. लिखे आवेदन में शिक्षिका ने बताया कि वह ग्रोसरी की दुकान से समान खरीदकर नहर रोड स्थित अपने आवास जा रही थी. इसी क्रम में मोड़ के समीप एक बाईक पर तीन अपराधी आए और उनके हाथ से उनका स्मार्टफोन छीनकर फरार हो गए. वह नहर रोड स्थित संजय यादव के मकान में भाड़े पर रहती है. घटना के संबध में स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम होते ही दूसरे क्षेत्र के कुछ मनचले लड़के पुलिया के पास बैठकर देर रात तक गपशप या शराब इत्यादि पीते रहते हैं. आने जाने वाले लोगो पर भी फब्तियां कसते हैं, मना करने पर झगड़ा झंझट करने पर उतारू हो जाते है.

## विद्या मंदिर में वीर कुंवर सिंह जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में बुधवार वीर कुंवर सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने कुंवर सिंह के जीवन और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना एवं आचार्य अमरदीप द्वारा वीर कुंवर सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। कार्यक्रम में भैया बहनों ने बड़े ही उत्साह के साथ वीर कुंवर सिंह की जीवनी, 1857 ई. की गौरव कथा,प्रेरक जीवन प्रसंग प्रस्तुत किया। प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा, अतुलनीय पराक्रम एवं शौर्य का प्रतीक एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। कार्यक्रम में भैया बहनों के बीच भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिशु वर्ग भाषण प्रतियोगिता में प्रथम-धैर्य झा,द्वितीय-आयुष कुमार, तृतीय-काव्या बक्शी तथा चित्रकला में प्रथम-आकांक्षा कुमारी,द्वितीय-स्मृति कश्यप, तृतीय-नव्या श्री वहीं बाल वर्ग में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम-सूर्यांश रंजन, द्वितीय-विभा भट्टाचार्य, तृतीय-देवांशु राज तथा चित्रकला में प्रथम-उषा गोराई, द्वितीय-प्रतिमा कुमारी, तृतीय-रीत कुमारी प्राप्त किये, जिन्हें पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### 15 वें नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना



**हजारीबाग।** देहरादून उत्तराखंड में 25 से 27 अप्रैल तक चलने वाले 15 वें नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन के प्राध्यापक प्रो. अविनाश कुमार का चयन नेशनल रेफरी एवं प्रशिक्षु बी. एड. (24-26) रूबी कुमारी सीनियर श्रेणी में चयनित हुई।

इस नेशनल चैंपियनशिप के लिए झारखंड के विभिन्न वर्ग भाग में कुल 15 अभ्यर्थी भागीदारी कर पाएंगे, जिसमें शानदार प्रदर्शन के आधार पर रूबी कुमारी का चयन किया गया। महाविद्यालय के प्रो. अविनाश कुमार इस चैंपियनशिप के लिए बतौर नेशनल रेफरी चयनित किए गए हैं। महाविद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार, निदेशक रवि कुमार, प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद सहित प्राध्यापकों तथा प्रशिक्षुओं ने टीम को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। मौके पर श्री रवि प्रकाश ने कहा कि इस प्रकार के गतिविधियों में शामिल होने वाले प्रशिक्षुओं तथा प्राध्यापकों का महाविद्यालय हमेशा सहयोग तथा उत्साहवर्धन करता रहेगा।

### पावरलिफ्टिंग इंडिया स्टेट चैंपियनशिप में स्कूल के छात्र ने लहराया परचम



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के कक्षा 12वीं कॉमर्स के छात्र भास्कर वर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल अपना, बल्कि पूरे विद्यालय का नाम भी रौशन किया है। भास्कर वर्मा ने पावरलिफ्टिंग इंडिया स्टेट चैंपियनशिप में कुल 542.5 किलोग्राम भार तीन बार में उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने एकल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी भी अपने नाम की। यह प्रतियोगिता 18 और 19 अप्रैल को रांची में आयोजित की गई थी, जिसमें भास्कर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने भास्कर को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई दी और हेड मिस्ट्रेस मधुश्री ने सम्मानित किया और उनकी मेहनत की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी भास्कर को बधाई देते हुए विद्यालय के खेल शिक्षकों की सराहना की, जिनके मार्गदर्शन में यह सफलता संभव हो सकी।

### स्कूल में मनाया गया अंग्रेजी दिवस



**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंग्रेजी दिवस मनाया गया। प्रार्थना सभा में छात्रों ने विलियम शेक्सपियर की कविताएं सुनाकर सभी को आनंदित किया। बच्चों ने कविता पाठ के माध्यम से शेक्सपियर के जीवन और रचनाओं की जानकारी दी। बताया कि अंग्रेजी दिवस शेक्सपियर के जन्मदिन पर मनाया जाता है। उनका जन्म 23 अप्रैल 1564 को स्ट्रेटफर्ड ऑन एवन में हुआ था। उन्होंने रोमियो एंड जूलियट, हेमलेट, किंग लियर जैसे प्रसिद्ध नाटक और कविताएं लिखीं। उनकी रचनाओं ने अंग्रेजी भाषा और साहित्य को समृद्ध किया। उनके पात्र और कथानक आज भी पढ़े और मंचित किए जाते हैं। शेक्सपियर के कई कथन आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं। 'जीवन एक सपना है' उनका प्रसिद्ध कथन है। प्राचार्य हरजाप सिंह ने छात्रों को अंग्रेजी साहित्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक समिति रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन 12वीं विज्ञान के छात्र -छात्राओं ने किया।

# तत्कालीन पंचायत सचिव पर राशि गबन का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

ग्राम पंचायत अलपीटो विष्णुगढ़ प्रखंड में 15वें वित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई थी। एमआईएस रिपोर्ट के आधार पर क्रियान्वित की गई सभी 16 योजनाओं यथा पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण, पुलिया निर्माण,श्मशान घाट निर्माण, चापानल की मरम्मती, जल नल कनेक्शन आदि में विभागीय दिशा निर्देशों की अवहेलना करते हुए 23लाख 80 हजार रुपए का अवैध रूप से भुगतान कर गबन करने का मामला संज्ञान में आने पर विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा जांच क्रम में इस कार्य में संलग्न अलपीटो मुखिया सुमिता देवी, मुखिया पति धनेश्वर यादव नारायण यादव मुखिया का संबधी तथा तत्कालीन पंचायत सचिव सरयू पासवान की संलिप्तता पाई गई है। उक्त सभी योजनाओं का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम से होना था। प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़ ने इस पर कार्रवाई करते हुए अवैधकताओं द्वारा सरकारी राशि का गबन एवं दुरुपयोग, वित्तीय अनियमित तथा सरकारी नियम परिनियम की अवहेलना,पद का दुरुपयोग करना, साक्ष्य मिटाना एवं अन्य अनियमितताओं के संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत विष्णुगढ़ थाने में अभियुक्तों पर प्राथमिकी की दर्ज कराई गई है।

### योजनाओं के भुगतान में हुई गड़बड़ी

बीडीओ का कहना कि योजना के तहत करवाए गए निर्माण कार्यो का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम होनी चाहिए थी। ऐसी 16 योजनाओ को चिह्नित किया गया। इसका भुगतान मार्गनिर्देशिका के विपरीत किया गया है। इसमें हेठली बोदरा में रामदेव यादव के घर से बालेश्वर यादव के घर तक फेवर्स ब्लांग पथ -60 हजार, हेठली बोदरा में पीसीसी पथ से प्रसादी यादव के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ एक लाख 90 हजार, चौथा में महावीर यादव के घर से छोटे यादव के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 90 हजार, गुंडरो में मनोज ठाकुर के घर से प्रकाश ठाकुर के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 90 हजार रुपए, गुंडरो में पारटांड मंदिर से डेगलाल सिंह के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख 2 हजार रुपए, गुंडरो में मनोज सिंह के घर से महेंद्र सिंह के घर तक फेवर्स ब्लाग पथ-एक लाख, अलपीटो में छतरटांड मंदिर से देवकी यादव के घर तक पेवर्श ब्लाग पथ एक लाख, हेठली बोदरा के मुकेश यादव के घर से पास पुलिया निर्माण -90 हजार, चौथा में बाराघाट में श्माशान घाट निर्माण, 50 हजार रुपए, अलकोपी में चापाकल मरम्मत एक लाख 90 हजार रुपए, उपरैली बोदरा में जलनल कनेक्शन एक लाख 90 हजार, चौथा में 20 घरों में जल नल पाइप कनेक्शन एक लाख 90 हजार, अलपीटो में पंडित टोला में 10 घरों में जल नल कनेक्शन- एक लाख 90 हजार, हेठलीबोदरा में पाठक टोला में जल नल कनेक्शन एक लाख 50 हजार अलपीटो में घटाटांड में जल नल पाइप कनेक्शन, -एक लाख 90 हजार, हेठली बोदरा में सिंह टोला में जलनल पाइप कनेक्शन एक लाख 90 हजार रुपए का भुगतान किया गया है।

## स्कूल में वीर कुंवर सिंह जयंती उत्साह के साथ मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में वीर कुंवर सिंह जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी आचार्य अनिल कुमार एवं आचार्य नरेंद्र कुमार सिंहा ने दीप प्रज्वलन करते हुए वीर कुंवर सिंह के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया। मौके पर विद्यालय के बहने ने बाबू कुंवर सिंह की संपूर्ण जीवनी प्रस्तुत किए। वहीं कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी आचार्य अनिल कुमार ने कहा वीर कुंवर सिंह भारत माता के वीर सपूत सच्चे देशभक्त एवं कर्मठ योद्धा थे उन्होंने अपने वीरता एवं पराक्रम के बल पर अंग्रेजों को घुटने टिका दिया आप सभी विद्यार्थी गण उनके विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करते हुए देश हित का संकल्प लें। वहीं विद्यालय के आचार्य नरेंद्र कुमार सिंहा ने कहा आप सभी भैया- बहन सच्चे मन से बाबू साहब के व्यक्तित्व को अपने में समाहित करें एवं उन गुणों के आधार पर देश की रक्षा का संकल्प लें उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लें। मौके पर विद्यालय के एनसीसी एएनओ राजीव रंजन, आचार्य रामेश्वर गोस्वामी, आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया -बहन मौजूद थे।

जिला उद्योग केंद्र में जागरूकता शिविर आयोजित

# छोटे-छोटे उद्योगों से जुड़कर रोजगार को आगे बढ़ाएं उद्यमी : महाप्रबंधक

*श्याम कुमार गुप्ता जिला उद्योग केंद्र द्वारा क्रियान्वित योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली पहल पर चर्चा की*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

जिला उद्योग केंद्र में उद्यम रजिस्ट्रेशन कम-जागरूकता शिविर का आयोजन आज बुधवार को किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के पंजीकरण को बढ़ावा देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शंभु शरण बैठा, जिला उद्योग प्रबन्धक राकेश आनंद, ईओडीबी मैनेजर श्याम कुमार गुप्ता, चैंबर ऑफ कॉमर्स हजारीबाग के अध्यक्ष शंभु नाथ अग्रवाल एवं प्रतिनिधि तारिक राजा,आर सेटी के साथ-साथ विभिन्न जगहों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मौके पर श्याम कुमार गुप्ता जिला उद्योग केंद्र द्वारा क्रियान्वित योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली पहल पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन, पीएमईजीपी, पीएम एफ एम ई और माइक्रो इंटरप्राइजेज डेवलपमेंट जैसी योजनाएं छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत फॉर्म भरने में भी उद्यमियों को सहयोग दिया जाएगा। महाप्रबंधक ने लोगों को छोटे-छोटे उद्योगों से जुड़कर रोजगार करने की अपील की। जिला अग्रणी प्रबंधक बैंक से संबंधित सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न प्रकार के योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि लोग घर पर ही रहकर के स्वरोजगार कर सकते हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने हजारीबाग में उद्योग से संबंधित संभावनाओं को बताया शिविर के दौरान उद्यमियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया वित्तीय सहायता और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए रचनात्मक प्रयासों पर जोर : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा, शिक्षा विभाग के द्वारा बुधवार को नगर भवन में स्कूल रुआर 2025 अभियान के तहत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कर ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ते हुए उनके भविष्य को संवारने की चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम की उद्देश्य पर प्रकाश डालें। उन्होंने कहा कि स्कूल रूआर कार्यक्रम 2025 को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि की भागीदारी से ही संभव है। जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं, उनके घरो में जाकर अभिभावकों से बात करें। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक को शिक्षित करना हीं समग्र शिक्षा का मूल उदेश्य है। शिक्षा की मुख्यधारा में आकर जब शत प्रतिशत लोग शिक्षित होंगे तब हीं समग्र शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण होगा। इसके लिए शिक्षा विभाग, समाज के जागरूक लोग और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधि सभी को आगे आकर अपने क्षेत्र को शत प्रतिशत शिक्षित करना होगा। इसके अलावा उन्होंने 24 एवं 25 अप्रैल को प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले में विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रमुख, मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थित सुनिश्चित करने की बात का। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की जन भागीदारी से ही इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैकरा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित बीआरसी, शिक्षक एवं अन्य उपस्थित थे।

### "स्कूल रुआर-2025 अभियान हर बच्चा स्कूल में, कोई भी न रहे शिक्षा से वंचित"

स्कूल रुआर-2025 अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा ड्रापआउट बच्चों और आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसी के उद्देश्य से आज नगर भवन में स्कूल रुआर अभियान 2025 के तहत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें उपायुक्त सिमडेगा सहित विभिन्न वक्ताओं के द्वारा ड्रापआउट बच्चों और आउट ऑफ स्कूल बच्चों को जनप्रतिनिधि के सहयोग से स्कूल से जोड़ने की बात कही। उपायुक्त ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा अनामांकित ना रहे। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय पदाधिकारी लगातार डेटा का विश्लेषण कर अभियान की निगरानी करें। उन्होंने पदाधिकारियों को समय पर अभियान के सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए रचनात्मक प्रयासों पर जोर दें।



## सिमडेगा में वीर शहीद तेलंगा खड़िया की 216वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**सिमडेगा।** स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान देने वाले वीर शहीद तेलंगा खड़िया की 216वीं पुण्यतिथि बुधवार को सिमडेगा जिले में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिले के घोड़बहार स्थित तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरुआत सरना विधि से पूजा-अर्चना के साथ हुई। तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल समिति के सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वीर शहीद की बलिदान गाथा को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।इस मौके पर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने स्मारक स्थल की समुचित देखरेख और सौंदर्यीकरण के निर्देश देते हुए नगर परिषद प्रशासक समीर बोदरा को आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही समिति के सदस्यों द्वारा स्मारक स्थल पर शेड निर्माण, पेयजल व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग भी रखी गई।कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, विशाल तिर्की, पप्पू कुमार, पुष्पा कुल्लू सहित नगर परिषद के कर्मी, कांग्रेस कार्यकर्ता और स्मारक समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने भी बड़ी संख्या में पहुँचकर वीर शहीद को श्रद्धांजलि दी।




## कश्मीर आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत पर विहिप ने व्यक्त की शोक संवेदना

**नवीन मेल संवाददाता**

- पाक इस्लामिक आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग,25 को पुतला दहन

**सिमडेगा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार ही में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत के मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। परिषद के अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने इस अमानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है और घायल पर्यटकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।उन्होंने कहा गया है कि यह हमला पाकिस्तान प्रायोजित इस्लामी आतंकवाद की नापाक साजिश का हिस्सा है, जिसे भारत सरकार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। परिषद ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस कायराना हरकत का माकूल जवाब दिया जाए और आतंकियों के साथ-साथ उनके सरपरस्त पाकिस्तान को भी मुंहतोड़ जवाब मिले।जिला मंत्री कृष्णा शर्मा कहा कि बार-बार निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर देश को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है, जिसे अब निर्णायक कार्रवाई से ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब केवल निंदा और संवेदना से बात नहीं बनेगी, बल्कि सरकार को सख्त और ठोस सैन्य एवं कूटनीतिक कदम उठाने होंगे।विहिप ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं कहां की इस दुख की घड़ी में मृतक के परिजनों के साथ खड़ी है। एवं देशवासियों से एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने की अपील की। वही हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल द्वारा पाकिस्तान एवं इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन तथा हमले में मारे गए दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा 25 अप्रैल 2025 को सभी जिला तथा प्रखंडों में आयोजित होगी।

## विधायक ने केरसई के ब्यापारियों की समस्याओं का कराया निदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा केरसई पहुंचे। जहाँ प्रखंड मुख्यालय के ब्यापारियों ने अंचल प्रशासन द्वारा मुख्यालय में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्देश दिए जानी की शिकायत की। ब्यापारियों ने बताया कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर सड़क किनारे बने कई दुकानों को तोड़ने का निर्देश जारी किया है। जबकि केरसई प्रखंड शहर की तरह भीड़ भाड़ वाला इलाका नहीं है। प्रशासन द्वारा बेवजह ब्यापारियों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। इस पर विधायक ने तत्काल सीओ को बुलाया। साथ ही तत्काल अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगाने का निर्देश दिया। इसके बाद सीओ ने भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर सहमति जताई। इसपर ब्यापारियों ने विधायक भूषण बाड़ा एवं अंचल प्रशासन के प्रति आभार जताया।



- मुख्यालय में नहीं चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष जेफरेंन केरकेट्टा, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुंस खेस्स, जिप सदस्य श्रीमती प्रेमा बाड़ा,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, जिला सचिव मनोहर कुमार, पंचायत अध्यक्ष नोवेल मिंज, पूर्व मुखिया बालासियुस खेस्स,असरानी एक्का,शम्भू प्रसाद, अरविंद कुमार यादव, शंकर प्रसाद,पिंटू प्रसाद, जगदीश प्रसाद,सुरज कुमार,अजय कुमार झा, महेश प्रसाद, शहजाद अंसारी, प्रदीप प्रसाद, मोइन अंसारी,जयंत प्रसाद, बद्रीनारायण पांडे, कर्मा महतो, अभय प्रसाद, संजू डुंगडुंग,आभास टोप्पो,कृष्णा प्रसाद,विवेक प्रसाद, विजय प्रसाद, राजू प्रसाद, तबरेज अंसारी,अभिषेक कुमार, प्रदीप कुमार,मनिक प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद सहित सैकड़ों ब्यापारी उपस्थित थे।

## कश्मीर के हमले को लेकर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया ने जताया दुख

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत के मामले में सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया सिमडेगा के सदर मोहम्मद ग्यास ने दुख जताया है उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में जो हमला हुआ है जिससे कई निर्दोष एवं मासूम लोगों की जान गई यह केवल उन मासूमों पर हमला नहीं बल्कि पूरे इंसानियत पर हमला है ,पूरे इंसानियत पर यह बेहद शर्मनाक है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि आतंकियों एवं आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ कर फेंका जाए पीड़ित परिवार के साथ हमारी गहरी संवेदना है और घायलों को जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## नए थाना प्रभारी झा ने स्थानीय लोगों से जाना समस्याओं का हाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** ठेठटांगर थाना परिसर में नवनियुक्त थाना प्रभारी रमेश कुमार झा की अध्यक्षता में एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में थाना प्रभारी ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध संबंधी गतिविधियों और जनता की समस्याओं की जानकारी ली।बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी आपराधिक घटना, दुर्घटना अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहेगी।साइबर अपराध को लेकर उन्होंने लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अज्ञात कॉल पर ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करे। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।थाना प्रभारी ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य करें ताकि न केवल सुरक्षा सुनिश्चित हो, बल्कि चालान से भी बचा जा सके।बैठक में स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी से नेशनल हाईवे 143 पर मुख्यालय चौक के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके।बैठक में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, उप प्रमुख जॉर्जीना समद, मुखिया कोरोलिना सोरेंग, संगीता मिंज, नरेंद्र बड़ाईक, बंधु मांझी, अमित बड़ाईक, रिंटू सिन्हा, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद तबरेज, मनोज कुमार सिंह, प्रिंस कुमार, विक्की वर्मा सहित कई शांति समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## तेलंगा खड़िया के विद्रोह और शहादत को सदैव याद रखा जाएगा : विधायक

- वीर शहीद तेलंगा खड़िया की पुण्यतिथि पर विधायक भूषण बाड़ा ने किया तेलंगा खड़िया की प्रतिमा का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** वीर शहीद तेलंगा खड़िया की पुण्यतिथि मंगलवार को घोड़बहार में मनायी गई। शहर के घोड़बहार स्थित वीर शहीद तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में पाहन ने विधि-विधान से पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने वीर शहीद तेलंगा खडिय़ा की प्रतिमा पर मर्ल्यापण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्य कार्यक्रम वीर शहीद तेलंगा खडिय़ा स्मारक समिति के तत्वावधान में किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मतियस कुल्लू ने की।इधर विधायक भूषण बाड़ा ने भी वीर शहीद तेलंगा खडिय़ा के प्रतिमा पर मर्ल्यापण कर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए व अंग्रेज शोषकों के खिलाफ उनके विद्रोह और शहादत को सदैव याद रखा जाएगा। झारखंड की माटी के वीर सपूत को शत-शत नमन।वीर शहीद तेलंगा खड़िया अंग्रेजों के खिलाफ तथा जमींदारी प्रथा के खिलाफ लड़ाई हुए शहीद हो गए थे। उस अमर शहीद ने लोगों को जीने का राह दिखाया। उन्होंने समस्त लोगों से वीर शहीद तेलंगा खड़िया द्वारा बताएं मार्ग पर अनुश्रण करने की अपील की। उन्होंने वीर शहीद तेलंगा खडिया के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। मौके पर मौके प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि अनुज सोरेंग, विधायक प्रतिनिधि पुरूषोतम कुजूर, विधायक प्रतिनिधि केशवेर सिंह,विधायक प्रतिनिधि संजय साहू,एस सी मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम,20 सूत्री अध्यक्ष सह युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का,खड़िया समाज के अध्यक्ष सह कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ता अनुज सोरेंग, जिला महासचिव विजय ठाकुर, 20 सूत्री सदस्य सतनारायण केशरी, भूषण सिंह, मनोज मिश्रा, सोमरा कुजूर, माठा खड़िया,सूरज साहू, बालगोविंद खड़िया, अजीत गुप्ता, ऋषि गुप्ता, राधेश्याम ग्वाला, सुमिल लकड़ा, महिला प्रखंड अध्यक्ष प्रमिला कुमारी, राजेंद्र साहू, पंचायत अध्यक्ष विनोद उरांव, श्याम उरांव, निमिल मिंज, संजय नागरची,फकीर भगत, रिजु टाना भगत, बलदेव टाना भगत, लड़ु टाना भगत, गोविंद टाना भगत, धनपैत खड़िया, छड़कूपाल सिंह, पैरु उरांव आदि उपस्थित थे।



### पोप के निधन एंव 26 पर्यटकों के निर्मम हत्या पर शोकसभा का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में पोप फ्रांसिस के निधन पर एवं काश्मिल के पहलगाम में 26 पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या किए जाने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। साथ ही सभी दिवंगतों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। वहीं 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या किए जाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को कड़ी सुजा देने की मांग की है।

### कश्मीर के हमले को लेकर सेंट्रल अंजुमन ने जताया दुख

**सिमडेगा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत के मामले में सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया सिमडेगा के सदर मोहम्मद ग्यास ने दुख जताया है उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में जो हमला हुआ है जिससे कई निर्दोष एवं मासूम लोगों की जान गई यह केवल उन मासूमों पर हमला नहीं बल्कि पूरे इंसानियत पर हमला है ,पूरे इंसानियत पर यह बेहद शर्मनाक है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि आतंकियों एवं आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ कर फेंका जाए पीड़ित परिवार के साथ हमारी गहरी संवेदना है और घायलों को जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## सिमडेगा में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने हेतु टू-लेन डिवाइडर तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर की जाम और अव्यवस्थित ट्रैफिक समस्या से निजात दिलाने को लेकर सिमडेगा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। सिमडेगा बस स्टैंड से लेकर महावीर चौक तक मुख्य सड़क पर बेरिकेडिंग कर टू-लेन डिवाइडर बनाया गया है। इसके साथ ही सड़क के बीच में रस्सी और बेरिकेड्स लगाकर आने-जाने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग लेन निर्धारित की गई है, जिससे ट्रैफिक सुचारू रूप से चल सके।नवीन व्यवस्था के तहत एक ओर से सिर्फ आने वाली और दूसरी ओर से जाने वाली गाड़ियों की आवाजाही सुनिश्चित की जा रही है। इससे न केवल जाम की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है।यातायात को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से झूलन सिंह चौक पर एक नया ट्रैफिक चेक पोस्ट भी तैयार किया गया है। इस चेक पोस्ट के माध्यम से ट्रैफिक की निगरानी की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।सिमडेगा एसपी ने बताया कि शहर में दिनोंदिन बढ़ते ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। लोगों से अपील की गई है कि वे नए नियमों का पालन करें और प्रशासन को सहयोग दें, ताकि सिमडेगा को एक व्यवस्थित और सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था वाला शहर बनाया जा सके। इस पहल की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इससे शहर की यातायात स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा में कार्यरत रहे सुशील झा के पुत्र ने यूपीएसई में लाया 59 वीं रैंक

**सिमडेगा।** कार्यरत रह चुके सुशील झा के पुत्र विद्यांशु शेखर झा ने यूपीएसई की परीक्षा में ऑल ओवर इंडिया में 59 रैंक लाया है। यूपीएसई परीक्षा में सफलता हासिल करने पर पूरा परीक्षा और समाज आज विद्यांशु शेखर झा को बधाई और शुभकामनाएं दे रहा है। विद्यांशु शेखर झा के पिता सुशील झा वर्ष 2008 से 2013 तक सिमडेगा में आइडिया नामक एक एनजीओ में कार्यरत थे। अपने बेटे की सफलता पर हर्षित होते हुए उन्होंने बताया कि वे जब सिमडेगा में कार्यरत थे, उस वक्त सिमडेगा में डीसी के रूप में अबू बकर सिद्दीकी थे। उस वक्त डीसी सर ने विद्यांशु की लगन और क्षमता देख कर उसे कहा था कि वह यूपीएसई की तैयारी करे। उसके अंदर क्षमता है कि वह यूपीएसई निकाल सकता है। उनकी बातों ने विद्यांशु को प्रेरणा दी। इसके बाद विद्यांशु यूपीएसई परीक्षा को अपने जीवन का टारगेट बना लिया। विद्यांशु ने कहा कि उसकी सफलता के पीछे उसके परिवार का भरपूर सहयोग रहा।



### परशुराम जन्मोत्सव की हुई भव्य शुरुआत, आठ दिवसीय कार्यक्रम में होंगी प्रतियोगिताएं

**सिमडेगा।** शहर के राम जानकी मंदिर परिसर में मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, सिमडेगा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुरुआत धार्मिक श्रद्धा एवं उत्साह के साथ की गई। आठ दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की पूजा, आरती एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभा के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश शर्मा ने नारियल फोड़कर इस आयोजन की विधिवत शुरुआत की।इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा, जिनमें कैरम, लूडो, क्रिकेट जैसे खेलों के साथ-साथ बच्चों के बीच भगवान परशुराम जी की पेंटिंग प्रतियोगिता, उनकी जीवनी पर प्रश्नोत्तरी तथा भाषण प्रतियोगिता भी शामिल है। आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं बच्चों को भगवान परशुराम जी के जीवन मूल्यों से जोड़ना और उनके आदर्शों को समझाना है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें श्याम लाल शर्मा, शंकर शर्मा, कृष्णा शर्मा, पवन शर्मा, राजेश शर्मा, संजय शर्मा 'बल्लू', प्रदीप शर्मा, बजरंग शर्मा, कालूराम शर्मा, शिव शर्मा, राजेश शर्मा 'मुन्ना', रोहित शर्मा 'सोनू', विक्की नागवान, शंभु शर्मा, गेनू शर्मा, प्रकाश शर्मा, विपुल शर्मा, किशन शर्मा, वसंत शर्मा, विष्णु शर्मा, गुड्डू शर्मा, पिकू शर्मा, सोनू शर्मा एवं अन्य सदस्य शामिल रहे।

### तिलैयाटांड़ गांव का दौरा कर इंटक नेता ने जाना ग्रामीणों की समस्याओं का हाल

**पाकरटांड़।** पाकरटांड़ प्रखंड के क्रूसकेला पंचायत अंतर्गत तिलैयाटांड़ गांव में कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। दौरे के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क की भारी कमी है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी में काफी परेशानी होती है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क काफी जर्जर स्थिति में है विशेष कर बरसात के मौसम में स्थिति और भी दैनिय होती मीठी फिसलन होने के कारण छोटी बड़ी कोई गाड़ी गांव तक नहीं पहुंचती है। कई बार पंचायत प्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की गई है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है, काम धरातल पर नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि गांव में जल-नल योजना का भी लाभ अब तक नहीं मिला है, जिससे लोगों को पेयजल के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि कोबांग डेम से गांव तक पाइप लाइन बिछाया गया है एवं उसमें प्लास्टिक के पाइप घरों तक पहुंचाया गया है ओ भी जगह जगह टूट गया है । इन समस्याओं को सुनने के बाद दिलीप तिर्की ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को संबंधित विभागों और अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे और जल्द समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार है और इसके लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे।

### रायकेरा ब्रिंगा टोली से वृद्ध महिला लापता, मानसिक रूप से अस्वस्थ

**बानो।** बानो प्रखंड के गिरदा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत रायकेरा ब्रिंगा टोली की एक वृद्ध महिला चामीन देवी 17 अप्रैल से लापता हैं। परिजनों के अनुसार वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। उनके पुत्र छोटू मांझी ने बताया कि उनकी मां का रंग गोरा है और वह हल्के लाल रंग की साड़ी पहनी हुई थीं।परिजन अब तक अपने स्तर से उनकी खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय थाना को सूचना नहीं दी गई है। अगर किसी को यह महिला कहीं दिखे तो कृपया 6301535488 पर संपर्क कर सूचना दें, जिससे उन्हें सुरक्षित घर लाया जा सके।

### पीड़ियापोंछ में जहरीले सांप के डसने से युवक की हालत गंभीर

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पीड़ियापोंछ गाँव में एक युवक को जहरीले साँप ने डस लिया, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ियापोंछ गाँव निवासी प्रफुल्ल लकड़ा, पिता जोन लकड़ा, उम्र 31 वर्ष, अपने घर में सो रहे थे। देर रात अचानक एक जहरीले साँप ने उन्हें डस लिया।परिजनों को जैसे ही इसकी जानकारी हुई, वे घबराकर उन्हें तुरंत बोलबा अस्पताल ले गए। वहाँ प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बताया कि युवक की स्थिति चिंताजनक है। समय पर बेहतर इलाज की आवश्यकता को देखते हुए उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार हाल के दिनों में क्षेत्र में साँप निकलने की घटनाएँ बढ़ी है। बताया गया कि बारिश और गर्मी के बीच मौसम में आ रहे हैं उतार-चढ़ाव की वजह से जहरीले सांपों का प्रकोप शुरू है ,जिसकी वजह से इस तरह की घटना घट रही है।

### लचरागढ़ में वीर शहीद तेलंगा खड़िया का मनाया गया शहादत दिवस

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ प्रिंस चौक स्थित वीर शहीद अमर स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर बुधवार को माल्यार्पण कर उनका शहादत दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने भाग लिया। 'मुझे कुछ करना है' संस्था के बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर शहीद को श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक खड़िया विधि से पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिसमें खड़िया पहन, किशन पहन, पालतू पुजार और हुकुम पहन ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा सम्पन्न कराई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।। वक्ताओं ने कहा तेलंगा खड़िया का जन्म 9 फरवरी 1818 को गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के मुर्गू गांव में एक खड़िया आदिवासी कृषक परिवार में हुआ था। उन्होंने अंग्रेजों और जमींदारों के अत्याचारों के विरुद्ध 1849-50 में विद्रोह किया। उन्होंने 'जुड़ी पंचायत' नामक संगठन बनाकर लगभग 1500 शिष्यों को तीर-धनुष, तलवार व लाठी चलाने का प्रशिक्षण दिया। मौके पर वक्ताओं ने उनकी जीवनी से सीख लेने की बात कही।इस मौके पर क्लेमेंट टेटे, जोसेफ सोरेन, संजय पॉल, एंथोनी बागवार, पुनीत कुल्लू, फभियान कुल्लू, फुलकारिया डांग, लक्ष्मण केरकेट्टा, कल्याण टेटे, सुनील बघवार, विजय बघवार, संजय टेटे सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सेमिनार आयोजित कर ग्रामीणों को दी गई मनरेगा कानून की जानकारी

**जलडेगा।** ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रखंड के कोनमेरला पंचायत अंतर्गत पाहन टोली गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम आयोजित गया। इस कार्यक्रम के तहत संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, आबुआ आवास, पीएम आवास, जन वितरण प्रणाली, आत्मा , कृषि के अलावा श्रम विभाग द्वारा संचालित प्रवासी व असंगठित मजदूरों का निबंधन करने की जानकारी दी गई और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया और उन्हें आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की एएनएम आभा बरवा ने ग्रामीणों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी और उन्हें समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया। वहीं जलडेगा एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनू सिंह ने ग्रामीणों को भूमि संरक्षण, आत्मा, कृषि विभाग, उद्यान विभाग आदि से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

21 अप्रैल से 10 मई तक रुआर कार्यशाला होंगे आयोजित

# डीसी पदाधिकारियों के साथ आज करेंगी बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विद्यालयों में विद्यार्थियों के ठहराव को लेकर 21 अप्रैल से 10 मई तक रुआर कार्यशाला आयोजित किया जाना है. जिसमें जिले के पीएमश्री विद्यालय सहित सभी विद्यालय शामिल होंगे. इस संबंध में सचिव स्कूली एवं साक्षरता विभाग के निर्देश निर्गत किए जा चुके हैं. कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आगामी 24 अप्रैल को डीसी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में नगर भवन हजारीबाग में अपराह्न 2:00 बजे से एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है. बैठक में सभी जनप्रतिनिधि, जिलास्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, गैर सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधि, पीआरआई के प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है. इस बाबत जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने पत्र जारी कर बैठक में शत प्रतिशत उपस्थिति की अपेक्षा की है. उक्त जानकारी बीईइओ बरही 3 किशोर कुमार ने दी.

## भैंस धोने गए टेनु की डूबने से हुई मौत, प्रमुख ने मुआवजे की मांग की



**बरही ।** दौरवा निवासी करीब 50 वर्षीय टेनू उरांव का तालाब में डूबने से मौत हो गई है. यह घटना मंगलवार की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार मृतक अपने भैंस धोने तालाब गया था. जो देर संध्या तक अपने घर नही लौटा. परिजनो ने काफी खोज बीन किया पर पता नही चला. बुधवार को मोटर पंप लगाकर तालाब का पानी निकालने का किया गया. जहां मृतक का शव बरामद हुआ. मौके पर पहुंचे प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने बताया कि मृतक काफी निर्धन परिवार से है. वही दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था. मृत्यु के उपरांत परिवार के समक्ष जीवन यापन की बड़ी समस्या आ गई है. उन्होंने प्रखंड प्रशासन से मृतक को उचित मुआवजा देने की मांग किया है.

मरम्मत के नाम पर हो रहा है मजाक

# टंकी चालू होते ही टूटी पाइपलाइन



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत की बहुप्रतीक्षित पानी टंकी आखिरकार बुधवार को चालू हुई, लेकिन इसके साथ ही एक और लापरवाही की कहानी उजागर हो गई। नौ महीनों से बंद पड़ी इस पानी टंकी की वजह से करीब 12,000 लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहे। स्थानीय जनता बार-बार गुहार लगाती रही, लेकिन प्रशासन ने जैसे आंखें मूंद ली थीं। बुधवार को जब टंकी को मरम्मत के बाद दोबारा चालू किया गया, तो उम्मीदें जगी थीं कि अब लोगों को राहत मिलेगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिन्हा भी मौजूद थे। लेकिन जैसे ही टंकी से जल प्रवाह शुरू हुआ, पाइप फटने की खबर सामने आ गई। टंकी से निकलते ही तेज बहाव ने सिस्टम की पोल खोल दी – साबित हो गया कि मरम्मत में सिर्फ खानापूर्ति हुई थी। ग्रामीणों में नाराजगी है।

## बाराती बस ने तीन को कुचला, एक की मौत, दो गंभीर

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकारबांध में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां बारातियों से भरी बस ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी. फिर भागने के क्रम में पूजा टॉकीज के समीप निगम के तीन सफाईकर्मियों को अपनी चपेट में ले लिया ओर काफी दूर तक उनको घसीटते ले गयी. इस हादसे में नगर निगम के सफाईकर्मी बजरंगी भुईयां की मौके पर ही मौत हो गयी, जो बस्ताकोला धनबाद के निवासी थे. जबकि दो अन्य सफाईकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया. घायल सफाईकर्मियों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है.

शिशु विद्या मंदिर में विद्यार्थी संस्कार शिविर का आयोजन

# योग के माध्यम से हम स्वस्थ और निरोग रह सकते हैं : स्वामी कौशल

◆युवा अपने इन्द्रियों पर नियंत्रण रख लें, तो निश्चित ही जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे




**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय** गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ पंचायत अंतर्गत भलपहरी गांव स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को विद्यार्थी संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीतन पंडित ने किया। शिविर का उद्घाटन पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार से पधारे स्वामी रामदेव के परम शिष्य पूज्य स्वामी विश्व देव व पूज्य स्वामी कौशल देव, युवा प्रभारी रणधीर कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य पवन कुमार अग्रवाल तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सक्रिय सदस्य अनिल राम एवं राजकुमार मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। हरिद्वार से आए सन्यासियों को फूल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। स्वामी विश्व देव ने युवाओं को गलत संगति से बचने का संदेश देते हुए कहा कि यदि युवा अपने इन्द्रियों पर नियंत्रण रख लें, तो निश्चित ही जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सलाह दी। स्वामी कौशल देव ने बच्चों को योगाभ्यास कराया और योग से होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम स्वस्थ रह सकते हैं और दवाओं की आवश्यकता भी कम हो सकती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्याएं उपस्थित थे।

शोभा की वस्तु बन कर रह गई जलमीनार

# 12 माह भी नहीं चल पाई टंकी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से बढ़ रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक गर्मी का प्रचंड रूप दिख रहा है। गर्म हवा व लू के चलने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण पानी की समस्या भी गहराने लगी है। जल के लिए ग्रामीणों को दूर दराज से जाकर पानी लाना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के चापाकल खराब हो गए हैं। कहीं-कहीं चापाकल से 10- 15 बार चलाने से थोड़ा सा पानी निकल रहा है। पानी की सबसे अधिक समस्या सिजुआ, ऊपरैलीडेबो, हेठलीडेबो, पांतीतीरी, करांडो, पाला, बसरामों, चेचकपी समेत बरकट्ठा उतरी व दक्षिणी गांव में है। बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित जल मीनार दिल्ली की कुतुब मीनार की तरह खड़ा लोगों को खूब चिढ़ा रही है। बरकट्ठा उतरी मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने कहा निर्माण के कुछ महीने बाद से ही यह जल मीनार बंद पड़ा है। इसके पश्चात लोगों को अब तक एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ है। भीषण गर्मी में यह लोगों को याद दिलाकर दर्द को और गहरा बना देती है। कई बार हम लोग अधिकारियों को इसे ठीक करने का आग्रह किए है लेकिन अभी तक इसे ठीक नहीं किया गया है। जानकारी हो कि लगभग 3 करोड़ 70 लाख की लागत से लोगों को घर-घर तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से यह जल मीनार बनाया गया था।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म का असफल प्रयास, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घंघरी गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का असफल प्रयास किया गया। मामले को लेकर लड़की के पिता ने बरकट्ठा थाना में मामला दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि घंघरी गांव के धिरेन्द्र सिंह पिता स्वः लखन सिंह ने मेरी पुत्री को अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। पुत्री को खोजने के दौरान धिरेन्द्र के घर गया तो देखा कि उसका घर अंदर से बंद है। जबरन दरवाजा तोड़ा तो देखा कि वह मेरी पुत्री के साथ गलत हरकत करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने आरोपी धिरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## घर का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों के गहने की हुई चोरी, भुक्तभोगी ने थाना में लगाया गुहार



**बरही ।** न्यू रेलवे कॉलोनी निवासी मुनेश्वर सिंह ने बरही थाना में आवेदन देकर अपने घर में हुई चोरी की जानकारी देते हुए उचित कारवाई की मांग किया है. दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि बीते 18 अप्रैल को वह सपरिवार अपने बहन के घर एक शादी समारोह में मयूरहंड गए थे. बुधवार को वापस लौटने पर बाउंड्री स्थित मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था. घर में प्रवेश करने के बाद सभी कमरे का ताला टूटा पाया गया. घर का सारा सामान अस्त व्यस्त था. साथ ही अलमीरा में रखे हुए लगभग छः लाख के सोने चांदी के गहने, एक एंड्रॉयड फोन और 15000 रुपए नकद गायब थे. उन्होंने थाना प्रभारी से उचित कारवाई करते हुए चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए समान की वापसी करवाने का आग्रह किया है. पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने कहा कि मामला प्रकाश में आया है, पुलिस मामले के अनुसंधान में लग गई है. सूत्रों की माने तो बीते कुछ दिनों से बरही मे अपराधियो का मनोबल बढ़ा है. छिनतई और चोरी जैसे घटनाएं बढ़ी है. पुलिस को इस दिशा में गश्ती बढ़ाते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी पर ध्यान देने की आवश्यकता है. जिससे बरही में शांति व्यवस्था बरकरार रहे.

## वीर कुंवर सिंह के विजय उत्सव का भव्य आयोजन



**हजारीबाग।** 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की स्मृति में बुधवार को हजारीबाग के सर्किट हाउस के समीप वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक अवसर वीरता, राष्ट्रप्रेम और त्याग की भावनाओं से ओतप्रोत रहा। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए । उन्होंने वीरता के इस अप्रतिम प्रतीक को शत-शत नमन करते हुए कहा, बाबू वीर कुंवर सिंह न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे, बल्कि वे भारतीय स्वाभिमान और अद्वितीय साहस के प्रतीक हैं। उनके बलिदान ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। मुन्ना सिंह ने युवाओं से भी विशेष रूप से राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उन गुमनाम नायकों की याद दिलाता है, जिनकी कुर्बानियों से आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी सदैव ऐसे महान क्रांतिकारियों के सिद्धांतों और मूल्यों को प्रणाम करती रही है और उनके दिखाए रास्ते पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रवीण ने यूपीएससी में 837वां रैंक लाकर क्षेत्र का नाम किया रौशन




**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी** सहायक अध्यापक के पुत्र ने देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा यूपीएससी में सफलता हासिल करके गिरिडीह जिला एवं उल्लीबार का नाम रौशन किया है। बुधवार को कोलकाता से अपने घर उल्लीबार जाने के क्रम में डुमरी ओवरब्रिज के समीप प्रवीण कुमार का उसके परिजनों,गांव के लोगों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।सरिया थाना क्षेत्र के उल्लीबार निवासी सहायक अध्यापक कामेश्वर मंडल के बड़े पुत्र प्रवीण कुमार ने यूपीएससी में 837वां रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस संबंध में श्री मंडल ने बताया कि प्रवीण अपनी पढ़ाई में बचपन से ही तेज था।प्राथमिक शिक्षा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय उल्लीबार में हुआ उसके बाद 7वीं कक्षा से 10वीं कक्षा तक की शिक्षा अटका हाई स्कूल में हुआ उसके बाद इंटर विज्ञान विषय की परीक्षा संत कोलंबस हजारीबाग से 2012 में 70 फीसदी अंक से उत्तीर्ण हुआ तत्पश्चात जमशेदपुर रांची से बीटेक किया, फिर 2017 में बीटेक करने के बाद भारत पेट्रोलियम में लगभग 5 वर्षों तक नौकरी की लेकिन मन में कुछ अलग करने की चाहत में वह लगातार प्रयास करते रहे और 2022 में सीजीएल एसएससी में उत्तीर्ण होकर इनकम टैक्स अधिकारी बनकर कोलकाता में जॉब करने लगे।जॉब करते हुए इस बार उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा दी और पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की।इधर प्रवीण ने बताया कि आईपीएस बनकर देश सेवा करने की इच्छा में यहां तक पहुंचे हैं।सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता पिता का विश्वास व अपने मेहनत को दिया है।कहा कि इंसान मन में ठान ले तो कोई भी लक्ष्य पाना मुश्किल नहीं है।बस जरूरत है अपनी लक्ष्य का निर्धारण कर मेहनत करने की।

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत तीन घायल

**बिरनी।** बिरनी थाना क्षेत्र के पन्दनाखुर्द के समीप मंगलवार रात करीब 9 बजे दो मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा गईं। विपरीत दिशा से आ रही पलौंजिया नंबर की बाइक ने विजय साव (30) एवं पत्नी बिमलाल देवी की सवार बाइक को जोरदार टक्कर मारी। हादसे की चपेट में हरदिया से साजिद अंसारी और नीमाटांड के जमरुद्दीन अंसारी भी आए। टक्कर इतनी भयंकर थी कि घटना स्थल पर ही विजय साव की मौत हो गई। उनकी पत्नी बिमलाल देवी, साथ सवार साजिद व जमरुद्दीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लिया और तीनों घायलों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। बिमलाल देवी को बिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जबकि साजिद व जमरुद्दीन की हालत नाजुक देख उन्हें सरिया के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों को दी गई स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडीह** गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस के तहत वर्चुअल एक्सटर्नल असेसमेंट का आयोजन किया गया। अहिल्यापुर में आयोजित असेसमेंट का संचालन डॉक्टर अजय कुमार व डॉक्टर लक्ष्मी प्रिया मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर अहिल्यापुर में मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तृत जानकारी साझा किया गया। असेसमेंट के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जांच की तथा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर सिविल सर्जन एसपी मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर प्रतिमा कुमारी, मो शाहनवाज, बिप्लब बैनर्जी, सौरव कुमार, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अबू काशिफ हसन, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर शिवनारायण मंडल, सीएच ओ मनोज भैरवा, सीएचओ करण कुमार, बबीता कुमारी, रशिमी डहांगा, एएनएम सुनीता सोरेन, सोनम कुमारी, नीलम खातुन, एमपीडब्ल्यू रमेश मुर्मू, हिरालाल वर्मा, बीटीटी सुखुदी बास्की, ब्रह्मदेव रजक,नीलम कुमारी समेत स्वास्थ्य विभाग के दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

# बाबूलाल की भतीजी ने जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर पैसे मांगने का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** सुबे में भ्रष्टाचार की दास्तान किसी से छुपी हुई नहीं है, आए दिन इससे जुड़े कई मामले सामने आते रहते हैं। आप चाहे आम हो या खास अपना कार्य करवाने के लिए आपको चढ़ावा तो देना ही होगा। आज आलम यह है कि भ्रष्टाचार से पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष का भी परिवार इससे अछूता नहीं रहा है तो आम जनता की क्या बिसात। दरअसल नेता प्रतिपक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी के भाई और भतीजी से जन्म प्रमाणपत्र ऑनलाइन करवाने के एवज में 5000 रुपय की रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आरोप खोरीमहुआ अनुमंडल कार्यालय में बैठने वाले एक वकील पर लगा है। इस बाबत बाबूलाल मरांडी के भाई राधे श्याम मरांडी ने बताया कि उनकी पुत्री ज्योति मरांडी का जन्म प्रमाणपत्र बना हुआ है। बस उसे ऑनलाइन करवाने के लिए वे अनुमंडल कार्यालय गए थे। जहां शपथपत्र भरवाने के लिए वहां बैठे वकील उदित कुमार अम्बष्ट से उन्होंने बात की। उदित कुमार ने शपथ पत्र से लेकर उनसे जन्म प्रमाण पत्र बनवाने तक के लिए 5000 की मांग की। सरकारी कार्यों में बरती जाने वाली लापरवाही का हवाला देते हुए वकील ने कहा कि वे केवल पैसे और डॉक्यूमेंट दें बाकी के काम में स्वयं करवा लेंगे। इसपर राधे मरांडी ने कहा कि आप केवल शपथपत्र बना दें बाकि हम स्वयं करवा लेंगे। इसपर वकील ने कहा कि बहुत दौड़ना - धुपना पडता है, आप पैसे दे दें 15 दिन में काम हो जायेगा। जिसके बाद कुछ पैसे और लग सकते हैं। पैसे कैश या ऑनलाइन ट्रांसफर करवा दीजिए। जिसके बाद राधे मरांडी पैसे भेज देने की बात कहकर वकील का नंबर लेकर घर लौट आए। यहां गौर करने वाली बात यह है कि वकील ने पैसे भेजने के लिए अपने एक रिश्तेदार का नंबर दिया है। जिसके बाद उनकी पुत्री व बाबूलाल की भतीजी ज्योति मरांडी ने उस नंबर पर फोन कर वकील से पूछा तब वकील ने पहले तो फोन पर पैसे मांगने में थोड़ा संकोच किया फिर कहा कि उन्होंने पहले ही बता दिया है 5000 रुपय लगेंगे,आपको दौड़ भाग कुछ भी नहीं करना है।


**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**
(Email ID – eedwsd.ranchiwest@gmail.com)

**शुद्धि – पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित प्रथम आमंत्रण निविदा संख्या– **DWSD/RW/RM-01/2025-26** दिनांक– 16.04.2025, जिसका **PR No. 350575 (Drinking Water and Sanitaion)** 2025–26 है, में तिथि एवं प्राक्कलित राशि को निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

2. परिमाण विपत्र बिक्री की अन्तिम तिथि : 26-04-2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।

| क्र० | कार्य का नाम | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पष्चिम, राँची के अन्तर्गत नामकुम एवं काँके प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुषल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 1102 | 1183548.00 | 24000.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 2. | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पष्चिम, राँची के अन्तर्गत बेड़ो, ईटकी, नगड़ी, रातु एवं लापुंग प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुषल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 1483 | 1592742.00 | 32000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 3. | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पष्चिम, राँची के अन्तर्गत माण्डर, खेलारी, बुढमू एवं चान्हों प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुषल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 1148 | 1232952.00 | 25000.00 | 2500.00 | 06 माह |

नोटः निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र http://dwsd.jharkhand.gov.in/ से download किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

PR 350884 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D



**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**समाहरणालय, खूँटी**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

पत्रांक–107(ii)
दिनांक–22.04.25

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

चूंकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम लोधमा थाना– कर्रा थाना सं0 162 अंचल कर्रा** जिला खूँटी में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **हटिया लोधमा कर्रा पथ (MDR-032) का चौडीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम लोधमा थाना– कर्रा थाना सं0 162 अंचल कर्रा जिला खूँटी** के भीतर उपर्युक्त परियोजना के लिए कमोबेश **6.019** एकड़ यानि 2.435803 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है।

**ग्राम लोधमा थाना– कर्रा थाना सं0 162 अंचल कर्रा जिला–खूँटी का विस्तृत विवरणी**

| क्र0 | खाता संख्या | सर्वे भू–खण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए0) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | अर्जन की जाने वाली भूमि की चौहदी उ0, द0, पू0, प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 201 | रैयती | परती कदीम | 0.217 | दुगा उरांव वो लगडा वो मगरा उरांव पिता रुसुवा उरांव | उ0–189 द0–200 पु0–189 प0–202 |
| 2 | 36 | 120 | रैयती | बाग आम टाड़ दो | 0.143 | झलकु साहु पिता नारायण साहु | उ0–124 द0–118 पु0–121 प0–रास्ता |
| 3 | 36 | 185 | रैयती | टाड़ दो | 0.280 | झलकु साहु पिता नारायण साहु | उ0–184 द0–186 पु0–सीवाना प0–182 |
| 4 | 40 | 186 | रैयती | टाड़ दो | 0.405 | झगडु धोबी पिता चमा धोबी | उ0–185 द0–188 पु0–रास्ता प0–187 |
| 5 | 41 | 187 | रैयती | टाड़ दो | 0.429 | सोमरा मुंडा पिता दरुवा मुंडा | उ0–182 द0–188 पु0–186 प0–189 |
| 6 | 48 | 121 | रैयती | बाग आम | 0.447 | श्रीमती शीतल देवी पति,आनद केशरी | उ0–122 द0–118 पु0–218 प0–120 |
| 7 | 48 | 202 | रैयती | दोन तीन | 0.114 | श्रीमती शीतल देवी पति,आनद केशरी | उ0–203 द0–200 पु0–201 प0–216 |
| 8 | 48 | 216 | रैयती | दोन एक | 0.691 | श्रीमती शीतल देवी पति,आनद केशरी | उ0–215 द0–200 पु0–202 प0–122 |
| 9 | 71 | 116 | रैयती | टाड़ तीन | 0.228 | मगरा मुंडा वल्द बन्धु मुंडा | उ0–105 द0–225 पु0–रास्ता प0–110 |
| 10 | 71 | 188 | रैयती | टाड़ दो | 0.202 | मगरा मुंडा वल्द बन्धु मुंडा | उ0–187 द0–191 पु0–रास्ता प0–189 |
| 11 | 81 | 189 | रैयती | टाड़ दो | 0.731 | लोहरा उरांव वल्द रुकआ उरांव | उ0–206 द0–190 पु0–188 प0–201 |
| 12 | 94 | 118 | रैयती | टाड़ दो | 0.223 | किशोरी साहु पिता राम चन्दर साहु | उ0–120 द0–117 पु0–225 प0–रास्ता |
| 13 | 120 | 108 | रैयती | दोन एक | 0.323 | श्री अर्जुन खलखा पिता लेदा खलखो | उ0–79 द0–230 पु0–225 प0–106 |
| 14 | 120 | 110 | रैयती | परती कदीम | 0.100 | अभिमान पाईक पिता अमीन पाईक | उ0–111 द0–225 पु0–116 प0–108 |
| 15 | 130 | 218 | रैयती | दोन एक | 0.296 | किशोरी साहु पिता राम चन्दर साहु | उ0–122 द0–223 पु0–219 प0–225 |
| 16 | 131 | 87 | रैयती | टाड़ दो | 0.983 | रामेशवर लाल मारु पिता सीवा लाल मारु | उ0–50 द0–90 पु0–97 प0–रास्ता |
| 17 | 132 | 102 | रैयती | दोन एक | 0.165 | गोविन्द व गोपाल पेशरान हरख साहु | उ0–86 द0–99 पु0–103 प0–101 |
| 18 | 133 | 101 | रैयती | दोन एक | 0.042 | गोविन्द व गोपाल व पेशरान हरख साहु | उ0–102 द0–97 पु0–99 प0–87 |
| | | | | कुल | 6.019 | | |

यह अधिसूचना भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन उन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है, जिसका इससे संबंध हो। भूमि की योजना/ नक्शा का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी और उसके कर्मचारी को प्राधिकृत करते हैं।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अन्तरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम का धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति के द्वारा जिला भू अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, खूँटी

PR 350890 (Land Reforms)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मेरे मन का राज्य अज्ञान से मलिन है। प्रभु! मुझे आशीर्वाद दें कि आत्मानुशासन के सतत प्रयासों की निरन्तर वर्षा द्वारा में अपनी आध्यात्मिक लापरवाही के नगरों से, अज्ञान के प्राचीन मलबे को हटाने में समर्थ बन सकूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

## बांग्लादेश के बदले तेवर

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच संबंधों को बेहतर करने के लिए बीते दिनों राजनयिक स्तर पर ढाका में बातचीत हुई। बातचीत शुरू होते ही बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 के नागरिकों के कत्लेआम के लिए माफी मांगने और 36 हजार करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग रख दी। इस पर पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच हक्की-बक्की रह गईं। खबरें आ रही हैं कि बांग्लादेश ने अपने यहां रह रहे लाखों बिहारी मुसलमानों को पाकिस्तान भेजने का मुद्दा भी उठाया। भारत के विभाजन के वक्त 1947 में बिहार से कई उर्दूभाषी मुसलमान पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में चले गए थे। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद बिहारी मुसलमान वहीं रह गए थे। इन्हें 'स्ट्रैंडेड पाकिस्तानी' भी कहा जाता है। बांग्लादेश में रह रहे इन बिहारी मुसलमानों ने भारत के बजाय पूर्वी पाकिस्तान को इसलिए चुना था, क्योंकि यह बिहार के करीब था, वहां की संस्कृति, भौगोलिक स्थिति और आर्थिक अवसर उनके लिए अधिक परिचित थे। ये लोग मुख्य रूप से रेलवे, व्यापार और प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत थे। उनकी उर्दू भाषा और एक खास सांस्कृतिक पहचान ने उन्हें बंगाली भाषी पूर्वी पाकिस्तानी आबादी से अलग कर दिया था। इन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखा। बिहारी मुसलमान ढाका, चटगांव और खुलना जैसे शहरों में रहते हैं। बांग्लादेश के लेखक सरवर हुसैन कहते हैं कि बांग्लादेश के 1971 के मुक्ति युद्ध में बिहारी मुसलमान पाकिस्तानी सेना के साथ खड़े थे और बड़ी संख्या में बंगाली विद्रोहियों के खिलाफ हिंसा में भाग ले रहे थे, लेकिन 16 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश के दुनिया के नक्शे पर आते ही बिहारी मुसलमानों के बुरे दिन आ गए। नए देश में बंगाली मुसलमानों ने बिहारी मुसलमानों को 'देशद्रोही' और 'पाकिस्तान समर्थक' के रूप में देखा। हाल ही में जब पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलूच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मिल रही थीं, तब बिहारी मुसलमानों को जरूर उम्मीद रही होगी कि दोनों देश उनके भविष्य को लेकर कोई गंभीर चर्चा करेंगे। ये न तो पूरी तरह से बांग्लादेशी समाज का हिस्सा बन पाए हैं और न ही अपने को मुसलमानों का प्रवक्ता कहने वाला पाकिस्तान इन्हें अपने यहां लेने को तैयार है। हालांकि, इन बिहारी मुसलमानों की पाकिस्तान को लेकर निष्ठा रही है। ये पाकिस्तान के लिए पहले भारत को और फिर बांग्लादेश को खारिज कर चुके हैं। बांग्लादेश में ज्यादातर बिहारी मुसलमानों के पास मतदान का भी अधिकार नहीं है। इन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिलती। ये छोटी-मोटी नौकरी करके अपना गुजारा करते हैं। ये ढाका के मीरपुर के शरणार्थी शिविरों में मुख्य रूप से रहते हैं। इन शिविरों में बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वच्छ पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। इनके पुरखे पटना, बेगूसराय, जमालपुर, सहरसा आदि जगहों से पूर्वी पाकिस्तान चले गए थे। अगर बात पाकिस्तान की करें, तो उसने 1971 की जंग के बाद करीब सवा लाख बिहारी मुसलमानों को कराची, लाहौर और हैदराबाद में बसाया था, जबकि सवा पांच लाख से अधिक लोगों ने पाकिस्तान जाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन पाकिस्तान ने शेष बिहारियों को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया।

*नए देश में बंगाली मुसलमानों ने बिहारी मुसलमानों को 'देशद्रोही' और 'पाकिस्तान समर्थक' के रूप में देखा।*

# हिंदी में शिक्षा : भाषा से दूर होता भारत और बौद्धिक पतन की आहट

भारत, जो कभी विश्वगुरु कहलाता था, आज एक ऐसी मानसिकता से जूझ रहा है जो उसकी जड़ों को ही नकार रही है। यह मानसिकता है - अंग्रेज़ी को ज्ञान का पर्याय मान लेने की। यह मानसिकता है - अपनी मातृभाषा को हीन समझने की। और इसका सबसे बड़ा असर पड़ रहा है हमारी शिक्षा व्यवस्था पर, हमारे बच्चों पर, और हमारे देश के भविष्य पर। आज भी भारत के अधिकांश बच्चे हिंदी भाषी परिवेश से आते हैं, पर उन्हें शिक्षा दी जा रही है एक ऐसी भाषा में जो उनके मन, उनकी सोच और उनकी जड़ों से जुड़ी नहीं है। अंग्रेज़ी आज आवश्यकता बन चुकी है, इसमें कोई दो राय नहीं। लेकिन क्या यह आवश्यकता इतनी अनिवार्य है कि हम अपनी ही भाषा, अपनी ही बौद्धिक परंपरा, और अपनी ही सहजता को भूल जाएँ?

क्या आपने कभी सोचा है कि क्यों आज हमारे बच्चों को वही चीजें याद करने में संघर्ष करना पड़ता है, जो पहले पीढ़ियाँ झटपट याद कर लेती थीं? पहाड़े, कविता, विज्ञान के सिद्धांत या गणित के सूत्र - जो कभी हमारी भाषा में सहज रूप से मस्तिष्क में उतर जाया करते थे, आज वो बोझ बन गए हैं। इसका कारण सिर्फ एक है - हमने शिक्षा की जड़ों को अपनी ज़मीन से उखाड़कर, उसे विदेशी भाषा की कंक्रीट में रोपने की कोशिश की है।

दूसरी ओर, अंग्रेज़ी एक ऐसी भाषा है जिसे जरूरत पड़ने पर सीखा जा सकता है - वह संपर्क का माध्यम है, ज्ञान का स्रोत नहीं। जब हमारे पास हिंदी और संस्कृत में वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, चरक संहिता, आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, और अनेक ग्रंथ मौजूद हैं, तो क्यों न पहले उसी खजाने को आत्मसात करें?

### हमारी शिक्षा व्यवस्था की त्रासदी

आज देश में लाखों बच्चे हर साल पढ़ाई छोड़ देते हैं। वे कहते हैं - "हमें समझ नहीं आता..." लेकिन सच यह है कि वे भाषा में असहज हैं, विषय में नहीं। अगर वही विषय हिंदी में पढ़ाया जाए, तो यही बच्चे देश के विकास की धुरी बन सकते हैं।

### अंग्रेज़ी : भाषा या मानसिक उपनिवेश?

हमने अंग्रेज़ी को ज्ञान का पर्याय बना दिया है, जबकि वह महज एक संवाद की भाषा है। इसमें कोई शक नहीं कि वैश्विक स्तर पर काम करने के लिए अंग्रेज़ी आवश्यक है, लेकिन क्या वह प्राथमिक शिक्षा की ज़रूरत है? अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान - ये देश अपने बच्चों को मातृभाषा में ही पढ़ाते हैं, फिर भी दुनिया की बड़ी ताक़त हैं। भारत में ही रहने वाले बच्चों को, जो एक-दूसरे से हिंदी में बात करते हैं, उन्हें गणित, विज्ञान या इतिहास



अंग्रेज़ी में क्यों पढ़ाया जा रहा है?

### एक शिक्षक का अनुभव : सच्चाई जो आँकड़ों से बड़ी है

मैंने वर्षों से बच्चों को पढ़ाया है - अलग-अलग स्तरों, समाजों और स्कूलों में। और मैंने बार-बार एक ही बात देखी है: ज्यादातर बच्चे भाषा को ही नहीं समझ पा रहे हैं। वे विषय में कमज़ोर नहीं हैं, वे सीखना चाहते हैं, लेकिन जब भाषा ही बोझ बन जाए, तो ज्ञान बोझ से भारी हो जाता है। उनमें योग्यता है, क्षमता है, पर अंग्रेज़ी न समझ पाने के कारण ना वे सवाल पूछ पाते हैं, ना उत्तर समझ पाते हैं। ना वे गणित में आगे बढ़ पाते हैं, ना विज्ञान की जटिलता को पकड़ पाते हैं। वे बस रटते हैं - बिना समझे, बिना आत्मसात किए। और जब यही रटंत विद्या उनका भविष्य बनती है, तो एक भयावह तस्वीर सामने आती है - एक ऐसा भारत जो पढ़ा-लिखा तो है, पर समझ से दूर है। यह स्थिति मुझे अंदर तक हिला देती है। यह देखकर डर लगता है कि यदि यही चलता रहा, तो आने वाली पीढ़ी सिर्फ डिग्रीधारी होगी, बुद्धिमान नहीं।

आज की बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ

### भाषा और बौद्धिक विकास : एक टूटी डोर

हिंदी और संस्कृत जैसी भाषाओं में शिक्षा देना केवल सांस्कृतिक गौरव की बात नहीं है - यह वैज्ञानिक और मानसिक विकास की भी बात है। दुनिया के कई दार्शनिकों और गणितज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि शिक्षा उस भाषा में न दी जाए जो बच्चे की अपनी हो, तो वह सिर्फ रटंत विद्या को ही धारण करता है, सोच को नहीं।

यह सिर्फ भारत की बात नहीं है - दुनिया भर के शिक्षा-विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चा जब अपनी भाषा में सोचता, समझता और पढ़ता है, तो उसकी तार्किक क्षमता, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाते हैं।

### तो फिर हिंदी में पढ़ाई से डर क्यों?

हमें लगता है कि अगर बच्चा अंग्रेज़ी नहीं सीखेगा, तो वह पिछड़ जाएगा। लेकिन यह एक ग़लतफ़हमी है। अंग्रेज़ी भाषा है - ज़रूरत के समय सीखी जा सकती है। भाषा कोई योग्यता नहीं, बस एक माध्यम है। और ज्ञान का माध्यम अगर स्वाभाविक न हो, तो ज्ञान अधूरा रह जाता है।

एक बच्चा अगर भारत में रहकर, भारतीय समाज में बढ़ रहा है, तो वह विज्ञान, गणित, भूगोल, इतिहास - सब कुछ हिंदी में पढ़ सकता है। और अगर भविष्य में कभी उसे अंग्रेज़ी की ज़रूरत पड़े - नौकरी, विदेश या रिसर्च के लिए - तो वह उस समय अंग्रेज़ी सीख सकता है। भाषा सीखना कठिन नहीं, जब सीखने की वजह स्पष्ट हो। लेकिन बचपन में जबरदस्ती सीखाना - बिना समझ के - यह बच्चे की मानसिकता पर भारी दबाव बनाता है। राष्ट्र की चेतावनी : बदलाव अभी नहीं तो देर हो जाएगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा की बात की है, पर उसे जमीनी स्तर पर लागू करने की मानसिकता अभी भी बनी नहीं है। जब तक अभिभावक, शिक्षक और नीति-निर्माता इस बात को नहीं समझेंगे कि शिक्षा का पहला उद्देश्य 'समझ' है, न कि 'शब्दों की विदेशी सजावट', तब तक सुधार अधूरा रहेगा।

अगर हम सच में भारत को शिक्षित बनाना चाहते हैं, तो हमें हिंदी में शिक्षा को प्राथमिकता देनी ही होगी। इससे बच्चों की ड्रॉपआउट दर घटेगी, उनका आत्मबल बढ़ेगा, उनकी सृजनात्मकता निखरेगी, और वे सिर्फ एक पाठ्यक्रम के अनुयायी नहीं, ज्ञान के निर्माता बनेंगे।

### अब क्या करें?

1. प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में अनिवार्य हो।
2. हर विषय की किताबें और शिक्षक-प्रशिक्षण हिंदी में हो सकें।
3. अंग्रेज़ी को एक कौशल की तरह पढ़ाया जाए, न कि ज़रूरी अर्हता की तरह।
4. समाज को यह समझाया जाए कि हिंदी में पढ़ने वाला बच्चा कमज़ोर नहीं होता - वह गहराई से सोचने वाला होता है।
5. मातृभाषा में शिक्षा - आत्मनिर्भर भारत की असली नींव
6. हमारे देश में ज्ञान की कमी नहीं है, पर उसे ग्रहण करने के रास्ते बंद हो गए हैं - क्योंकि हमने भाषा के रास्ते बंद कर दिए हैं। मैं यह पूरे विश्वास के साथ कहती हूँ कि यदि हर बच्चे को उसकी भाषा में शिक्षा दी जाए, तो हमारा एजुकेशन सिस्टम 50% नहीं, बल्कि 100% तक प्रभावशाली हो सकता है।

अब समय आ गया है कि हम अपनी ही ज़मीन पर खड़े होकर आसमान छूने का सपना देखें - और वह सपना तभी साकार होगा, जब हम बच्चों को उनकी भाषा में उड़ने देंगे। क्योंकि शिक्षा तब ही सशक्त होती है, जब वह समझ में आए। और समझ तब ही आती है, जब भाषा अपनी हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आस्था शरण की यूपीएससी में सफल होने की अनुकरणीय कहानी

2024 संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंकिंग में 354 वां स्थान प्राप्त कर हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड के जहरिया ग्राम की बेटी आस्था शरण की इस सफलता की कहानी सकल समाज के लिए अनुकरणीय है। यह सफलता सिर्फ लड़कियों तक ही सीमित नहीं है अपितु लड़कों के लिए भी अनुकरणीय है। वहीं दूसरी ओर लड़कियों के जन्म लेने पर घर वालों की खुशी सिर्फ दिखावे की खुशी होती हैं। उनकी खुशी में कहीं न कहीं लड़की के जन्म ले लेने की पीड़ा छुपी रहती है। वहीं लड़के के जन्म होने पर जो खुशी देखी जाती है, वह खुशी लड़कियों के जन्म होने पर नहीं दिखती है। आज इसी का परिणाम है कि भ्रूण हत्या जैसी प्रथा हमारे समाज को नृशंस बनाती चली जा रही है। हम सब चाहे जितना भी पढ़ लिख लें, आधुनिक बन जाएं, लेकिन अभी भी लड़कियों के प्रति जो हमारे समाज का नजरिया बदला नहीं है। इसी कारण दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा हमारे समाज में जीवित है। आज लड़कियों की शादी के लिए पिता को दरबदर की ठोकरें खाते देखें जाते हैं। लड़की के पिता को दहेज का पैसा इंतजाम करने के लिए बैंकों, मित्रों और परिवार वालों से कर्ज लेने के लिए विवश होना पड़ रहा है। ऐसे सामाजिक हालात में आस्था शरण जैसी साहसी और मेहनतकश लड़की ने जो सफलता हासिल की है, यह सकल समाज के लिए अनुकरणीय है। अगर समाज के लोग लड़कियों को लड़कों के समान अवसर दें, तो लड़कियां किसी भी मायने में लड़कों से कम सिद्ध नहीं होगी। हमारा समाज लड़कियों को लड़कों की तरह पूर्ण आजादी दें, तो लड़कियां भी आस्था शरण की तरह परचम लहरा सकती हैं। लड़कियों के जन्म लेने पर परिवार के लोग इसे बोझ समझने लगते हैं। इस मानसिकता को पूरी तरह बदलने की जरूरत है। आज भी भारत के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को स्कूल न भेज कर घर के चूल्हा चौकी के कामों में झोंक दिया जाता है। जबकि केंद्र सरकार, देश की सभी राज्य सरकारें और कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी लड़कियों को शिक्षित करने के लिए जन जागरण अभियान चला रहे हैं। इसके बावजूद लड़कियों का शिक्षा स्तर जो होना चाहिए, पुरुषों की तुलना में 60 % कम है। यह बेहद चिंता की बात है। विचारणीय यह है कि आस्था शरण को अगर उनके पिता शिव शरण पूरी आजादी नहीं दिए होते, तब क्या वह यूपीएससी की परीक्षा में इतना बेहतर परिणाम दे पातीं? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात



**विजय केसरी**

# कभी फैशन में बहादुरी था, अब उपेक्षित है हमारा सिक्का

कला और संस्कृति की अपनी अलग ही दुनिया होती है। सामाजिक दृष्टि से देखें तो इस दुनिया को असंख्य तौर तरीकों से परिभाषित किया जा सकता है। झारखंड की नजरों से इसे देखने चलें तो अनादि काल से यह अपने मौलिक अवधारणा के साथ चलने में विश्वास करता नजर आ जाता है। इसमें कई धाराएं मिल जाएंगी जो विकास की आधुनिक सोच के आलोक में इस प्रदेश के लिए पिछड़ेपन की बातें करती हैं। आर्थिक दृष्टि से यह दावा ठीक हो भी सकता है परन्तु सामाजिक, सांस्कृतिक व कला की दृष्टि से देखें तो यह शेष समाज की मूल धारा को कहीं पीछे छोड़ता नजर आने लगता है।

उल्लेखनीय है कि आज जमाना ग्लोबलाइजेशन का है। परिस्थितियां बदल गई हैं और बहुत कुछ खो सा गया है। खोए हुए इन तथ्यों में से कुछ ढूंढने निकलें तो आप हैरान होकर रह जाएंगे कि इस प्रदेश के विविधता भरे सांस्कृतिक विरासत में दो तरह की घटनाओं का समावेश दिखने लगता है। पहला तो यह कि भौतिक बस्तुओं के प्रति वह सोच जो किसी भी समाज को अपनी सांस्कृतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रेरित करता है और दूसरी ज्ञान, विश्वास व मूल्य आदि अभौतिक संदर्भों को संस्कृति व कला का आधार प्रदान करता है। झारखंड की इस माटी में दोनों धाराओं के प्रति समान भाव से आदर के उदाहरण देखने मिलते हैं। यह एक बड़ा कारण है कि यहाँ भौतिकता के साथ अभौतिक विश्वासों, बहादुरी व स्मृति के कई सुंदर समीकरण अपने उत्कृष्ट स्वरूप के साथ देखने को मिल जाते हैं जबकि आज कई ऐसे संदर्भ भी सामने हैं जो विलुप्ति के कगार पर हैं या विलुप्त हो चुके हैं।

बताते चलें कि मन को गुदगुदाते, आह्लादित करते, रोमांचित करते व विलुप्ति के कगार पर खड़े इन विषयों पर बहुत कम चर्चाएं हो पाती हैं। इन विषयों की चर्चा से पहले यह जान लेना आवश्यक है कि कल तक यहाँ बालिगों के तमाम संस्कारों में "सिक्का बैठाना" एक बहुत महत्वपूर्ण संस्कार हुआ करता था। आज शायद आपको यह जानकर हैरानी होगी कि कल तक जवानी की दहलीज पर खड़े किसी भी युवक के लिए अपनी बाहों या कलाईयों में "सिक्का बैठाना" न केवल एक आवश्यक संस्कार था बल्कि इसके प्रति आतुरता का एक बड़ा रोमांच भी हुआ करता था। यह आतुरता अब विलुप्त हो चुकी है जबकि कल तक यहाँ के युवक अपने बाएं हाथ की केहुनी से लेकर कलाई के बीच सिक्के के आकार का अमिट दाग लेकर आजीवन गौरव की अनुभूति किया करते थे। लोक मान्यताओं के अनुसार नौ की संख्या में अंकित इन सिक्कों के विधान में उन नौ परिवारों को मान्यता देने की बात की जाती थी जिन्हें कभी घाटियों के पीछे गंगा की मिट्टी में छोड़ दिया गया था। इस विधान का आधार बहादुरी के दर्शन में भी अंतर्निहित था क्योंकि इस प्रक्रिया का शुभारंभ ही अपने शरीर को कष्ट देने में था।

कल्पना कीजिए कि कोई नवयुवक सनाई या मकई के खोखले डंठल के एक सिरे को अपने थूक के बल पर अपनी कलाई के साथ चिपका दे और फिर दूसरे सिरे पर आग लगा दे। ऐसा करते ही आग के गर्म धुआं से कलाई की चमड़ी जलती चली जाए और नौ की संख्या तक यह क्रम चलता रहे। एक दूसरी प्रक्रिया भी थी जिसमें चमड़ी को गोदकर लाल चींटी से निकलने वाले तेजाब की जलनशील लेप के साथ भी सिक्का उठाया जाता। दोनों में से दोनों प्रक्रिया बेहद कष्टकारी होता और अंततः कलाई पर नौ की संख्या में घाव बन जाते। कालांतर में यही घाव जब अपने निशान छोड़ते तो वह बहादुरी व स्मृति का प्रतीक बनकर सामने होता और साथ में कला, संस्कृति, सामाजिकता व अभौतिकता का प्रतीक बनकर भी सामने होता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



**केदारनाथ दास**
बसिया, गुमला।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जंगल था, जंगल रहा, जीवन का एहसास।
यूँ कहने को पास है, शब्दों का इतिहास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# शरीर मैं त्रिदोष के असंतुलन से 120 प्रकार के रोग जन्म लेते हैं

योग के अनुसार त्रिदोष का मतलब है वात, पित्त, और कफ़ ये तीनों दोष शरीर की मूलभूत ऊर्जाएं या सिद्धांत हैं, ये हमारे शारीरिक और मानसिक कार्यों को नियंत्रित करते हैं, योग-आयुर्वेद के मुताबिक, इन तीनों दोषों का संतुलन बना रहना ज़रूरी है,वात दोष प्रकृति में ठंडा और शुष्क होता है,पित्त दोष अग्नि या गर्मी से जुड़ा हुआ है,कफ़ दोष, जल और पृथ्वी से जुड़ा है, योगाचार्य महेश पाल बताते है कि शरीर में निर्मित त्रिदोष वात पित्त कप व सप्त धातुएँ योग आयुर्वेद में त्रिदोष सिद्धांत ब्रह्मांड के तीन तत्वों पर आधारित है, वायु, अग्नि और जल, यह तीन मूलभूत ऊर्जाएँ सभी शारीरिक कार्यों को नियंत्रित करती हैं, वात (वायु और आकाश), पित्त (अग्नि और जल), और कफ (जल और पृथ्वी)। ये ऊर्जाएँ मनुष्यों में विभिन्न शारीरिक दिखावट, स्वभाव और बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता के लिए जिम्मेदार हैं। वात, पित्त, और कफ़ के असंतुलन से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं,इन असंतुलनों को त्रिदोष कहते वात के बिगड़ने से ही 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं,वात दोष से पीड़ित व्यक्तियों में दुबला शरीर, गैस, कब्ज और सूखापन, पाचन संबंधी समस्याएं, थकान, जोड़ों का दर्द, और मानसिक परेशानियाँ शामिल हैं, पित्त के असंतुलित होने पर 40 प्रकार के रोग हो सकते हैं, जिनमें पाचन संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग, और अन्य कई बीमारियां शामिल हैं. पित्त दोष से प्रभावित लोगों की त्वचा तैलीय होती है और उनमें गुस्सा और अधीरता की प्रवृत्ति होती है। कफ दोष बिगड़ने से 20 प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं, जिनमे सांस संबंधी रोग, अस्थमा, त्वचा संबंधी रोग, मोटापा, मधुमेह, थायराइड, कफ दोष से पीड़ित व्यक्तियों का शरीर भारी और अधिक मोटा होता है, और उनका पाचन धीमा रहता है, स्वस्थ शरीर के निर्माण में सप्त धातुओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है जिनमे योग आयुर्वेद के अनुसार, सप्त धातुएं सात प्रकार के शारीरिक ऊर्जा हैं जो शरीर के लिए आवश्यक हैं: रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र इनके असंतुलन से शारीरिक विकास रुक जाता है, रस (Plasma) प्रथम धातु है जो भोजन से प्राप्त पोषक तत्वों को अवशोषित करता है और शरीर में तरल रूप में प्रसारित होता है, रक्त रस धातु से बनता है और शरीर में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को परिवहन करता है, मांस रक्त धातु से बनता है और शरीर को आकार और शक्ति प्रदान करता है, मेद (Fat)मांस धातु से बनता है,शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है और अंगों को सुरक्षा प्रदान करता है,अस्थि (Bone) मेद धातु से बनता है और शरीर को संरचना प्रदान करता है, मज्जा (Bone Marrow) अस्थि धातु से बनता है और रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करता है, शुक्र( वीर्य) मज्जा धातु से बनता है और प्रजनन क्षमता के लिए आवश्यक है, इस तरह त्रिदोष व सप्त धातुओं से स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है जब यह संतुलित अवस्था में होते हैं तो हमारा शरीर पूर्ण रूप से स्वस्थ होता है अगर यह तीनों असंतुलित अवस्था में हो जाते हैं तो हमारा शरीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है और हमारे शरीर का विकास रुक जाता है योग प्राणायाम के अभ्यास से त्रिदोष व सप्त धातु संतुलित हो जाती है और हम विभिन्न प्रकार के रोगों से बच जाते हैं और हमारे संपूर्ण शरीर का संतुलित विकास होता है, इसलिए हमें हमारे दैनिक दिनचर्या में योग प्राणायाम को अवश्य शामिल करना चाहिए और संतुलित दैनिक दिनचर्या व सात्विक आहार शैली को अपनाना चाहिए, योग प्रारंभ करने का सबसे उत्तम समय बसंत ऋतु( मार्च- अप्रैल) का माना जाता है इस समय योग प्राणायाम का अभ्यास प्रारंभ करने से सर्वाधिक लाभ होता है शरीर की अग्नि व त्रिदोष वात पित्त कफ, सम हो जाते है जिससे शरीर के अंदर के रोगों को जल्दी ठीक करने में मदद मिलती है और योग के द्वारा इस बसंत ऋतु के समय में हम आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर पाते हैं इस समय हमारा मन शांत और ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है, योग के शास्त्रों के अनुसार योग अभ्यास करने का सबसे उत्तम समय यही माना जाता है जिससे स्वस्थ संबंधि शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

सेहत की बात



**योगाचार्य महेश पाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अभी शादी का जश्न खत्म नहीं हुआ, सज गई अर्थी...

पहलगाम अटैक



- दो महीने पहले हुई थी की शादी
- शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल – लाल लहंगे में दुल्हन मुस्कुराता दूल्हा शुभम
- वही तस्वीरें अब परिवार के लिए दर्दनाक यादें बन चुकी हैं

**कानपुर।** पहलगाम अटैक में मारे गए शुभम की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं. लाल लहंगे में सजी दुल्हन, सिर पर सेहरा बांधे दूल्हा, वरमाला के फूलों से सजा मंडप, और बीच में शुभम की वो मुस्कुराती आंखें. अब यही तस्वीरें परिजनों के लिए असहनीय दर्द बन चुकी हैं. जो एल्बम पहले यादें थीं, अब वही ऐशान्या की चुप्पी में बदल चुकी हैं. दो महीने पहले शुभम द्विवेदी ने जीवन की नई शुरुआत की थी. शेरवानी पहने, घोड़ी पर चढ़ते, स्टेज पर झूमते हुए, हाथ में ऐशान्या का हाथ थामे... वो हर पल एक जश्न था. हर फोटो में मुस्कान थी. लेकिन किसे पता था कि महज़ दो महीने बाद यही तस्वीरें आंसुओं की बाढ़ बन जाएंगी और एक हंसता-खिलखिलाता चेहरा, आतंकियों की कायराना गोली का निशाना बन जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के चचेरे भाई ने बताया कि भाभी ने भाई के गोली लगने की सूचना दी.चचेरे भाई ने कहा कि भाई और भाभी मैगी खा रहे थे कि तभी अचानक वर्दी में दो लोग उनके पास आए और पूछा क्या तुम मुसलमान हो? अगर हो तो कलमा पढ़ कर सुनाओ, हालांकि जब जवाब सही नहीं मिला तो उनकी हत्या कर दी गई. सरकार को इस घटना का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए. ताकी आतंकी इस तरह की कायराना हरकत न करें और किसी भी हिंदुस्तानी पर गोली चलाने से सोचें। चचेरे भाई ने कहा कि भाभी फिलहाल ट्रामा में हैं. सरकार को जल्द से जल्द भैया की डेडबॉडी भेजनी चाहिए. आपको बता दें कि शुभम के पिता संजय द्विवेदी कानपुर में ही सीमेंट के कारोबारी हैं. शुभम को जम्मू-कश्मीर से बुधवार को लौटना था।

### पूरे देश में आक्रोश

पहलगाम के बैसरन में मंगलवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिससे बाद पूरे देश में आक्रोश है. यहां आतंकियों ने एक टूरिस्ट ग्रुप को निशाना बनाया, जिसमें 28 लोगों की मौत हो गई. दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल भी हुए, जिनका इलाज चल रहा है. आतंक का शिकार हुए इन लोगों की कहानियां सामने आ रही हैं तो झकझोर कर रख दे रही हैं. कानपुर के शुभम की तरह ही एक नेवी में लेफ्टिनेंट के पद पर तैनात करनाल के रहने वाले विनय नरवाल भी थे जिनकी हाल ही में शादी हुई थी. वो हनीमून मनाने कश्मीर गए थे. उन्हें भी आतंकियों ने मार डाला।

# 'भारत को डराया नहीं जा सकता हम जोरदार जवाब देंगे': राजनाथ

**पहलगाम अटैक पर बोले रक्षा मंत्री**

- "पहलगाम हमले पर रक्षा मंत्री सख्त 'आतंकवाद को नहीं बख्शा जाएगा'"
- "शहीदों को सलाम, आतंकियों को सरकार ने दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी"
- बड़ा ऐलान: दोषियों से साथ-साथ पर्दे के पीछे वालों पर भी गिरेगी गाज"
- "देश नहीं भूलेगा पहलगाम की ये कायरता सेना और सरकार एक्शन में"

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, भारतीय वायु सेना एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी के साथ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। वहीं, एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसको लेकर बड़ा बयान भी दिया। उन्होंने सबसे पहले इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत को डराया नहीं जा सकता है। इससे पहले मंगलवार को रक्षा मंत्री ने इस हमले पर "गहरी पीड़ा" व्यक्त की और इसे निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण और निंदनीय हमला बताया। मंत्री सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "पहलगाम (जम्मू और कश्मीर) में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह नृशंस हमला कायरतापूर्ण और अत्यधिक निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।"

### "आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस: राजनाथ सिंह का बड़ा बयान, दोषियों को मिलेगा करारा जवाब"



राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुई कायराना हरकत में कई मासूम लोगों की जान चली गई। हम बहुत दुखी हैं। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने कहा कि मैं आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प को दोहराना चाहता हूं। आतंकवाद के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है... मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। हम न केवल इस कृत्य के दोषियों तक पहुंचेंगे बल्कि पर्दे के पीछे के किरदारों तक भी पहुंचेंगे। आरोपियों को जल्द ही जोरदार और स्पष्ट जवाब मिलेगा, यह मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं। एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी ने क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के बाद पहलगाम, जम्मू और कश्मीर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा स्थिति के बारे में रक्षा मंत्री को जानकारी दी। उपर्युक्त सूत्रों के अनुसार, शीर्ष अधिकारी प्रभावित इलाकों में पहुंच गए हैं, स्थानीय सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है और हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी और विनाश अभियान चलाने के लिए अतिरिक्त सैनिकों को इलाके में भेजा जा रहा है।

## पहलगाम अटैक पर बोले गुलाम नबी आजाद

# 'बस, बहुत हो गया', आज मुसलमानों ने दिखा दिया कि...

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गुलाम नबी आजाद ने कहा कि एक समय था जब जम्मू-कश्मीर की कुछ मस्जिदों में आतंकवादियों के लिए समर्थन मांगा जाता था... यह पहली बार है कि मैं देख रहा हूँ कि मस्जिदों में सभी इमाम आतंकवादियों के खिलाफ बोल रहे हैं। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। आजाद ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया, प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि पहले लोग ऐसी घटनाओं की निंदा कम ही करते थे। शायद इसलिए क्योंकि उन्हें डर था कि अगर वे आतंकवादियों के खिलाफ बोलेंगे तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। लेकिन यह पहली बार है कि मैं देख रहा हूँ कि पूरा जम्मू-कश्मीर शोक में है और जम्मू-कश्मीर का हर गाँव, जिला और शहर कल हुई घटना के विरोध में बंद है। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि एक समय था जब जम्मू-कश्मीर की कुछ मस्जिदों में आतंकवादियों के लिए समर्थन मांगा जाता था... यह पहली बार है कि मैं देख रहा हूँ कि मस्जिदों में सभी इमाम आतंकवादियों के खिलाफ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज अगर कोई आतंकवादी (पर्यटकों से) पूछे कि तुम्हारा धर्म क्या है, तो इसका मतलब है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने हमारी इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया है और शायद यही कारण है कि मुस्लिम बहुल राज्य जम्मू-कश्मीर के मुसलमान आतंकवादियों के खिलाफ खड़े हो गए हैं और कह दिया है कि बस, बहुत हो गया। उन्होंने कहा कि पहले मुसलमानों पर अक्सर ऐसे आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगता था। लेकिन आज उन्होंने दिखा दिया है कि वे ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ हैं। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे आबादी को बांटने के काम से बचें। हमें कश्मीर के मुसलमानों द्वारा दिए गए सकारात्मक संदेश पर ध्यान देना चाहिए कि वे मारे गए हमारे हिंदू भाइयों और बहनों के साथ हैं और आतंकवादियों के खिलाफ हैं।

## पहलगाम अटैक पर बोले कपिल पाकिस्तान को घोषित किया जाए आतंकी देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए मांग की कि हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) में मुकदमा चलाया जाना चाहिए, जो मानवता के खिलाफ सबसे गंभीर अपराधों की जांच करता है। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करने के लिए दबाव डालना चाहिए।नीदरलैंड में 'द हेग' के नाम से मशहूर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय बने सबसे गंभीर अपराधों के लिए आरोपित व्यक्तियों की जांच करता है और जहां आवश्यक हो, उन पर मुकदमा चलाता है: नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ अपराध और आक्रामकता का अपराध। सिब्बल ने आज कहा, "इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमा चलाया जाना चाहिए। मैं गृह मंत्री से आग्रह करता हूं कि वे पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करें और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में जाएं।" हालांकि, भारत ने रोम संविधि की पुष्टि नहीं की है, जो न्यायालय को नियंत्रित करने वाली अंतरराष्ट्रीय संधि है। भारत 'राज्य दलों की सभा' का हिस्सा नहीं है, जो न्यायालय का प्रबंधन करता है। सिब्बल ने आगे विश्वास व्यक्त किया कि विपक्ष (कांग्रेस) प्रतिबंध की मांग का समर्थन करेगा।

## भारत व सऊदी अरब ने संयुक्त बयान में आतंकवाद पर दिखाया कड़ा रुख

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार तड़के सऊदी अरब की दो दिवसीय अपनी राजकीय यात्रा को पहलगाम हमले के चलते अधूरा छोड़ भारत लौट आए। एक दिन की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ 'रणनीतिक साझेदारी परिषद' की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों देशों की ओर से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया गया और दूसरे देशों के खिलाफ आतंकी कृत्य करने के लिए मिसाइलों और ड्रोन सहित अन्य हथियारों तक पहुंच को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। यह प्रधानमंत्री मोदी का सऊदी अरब का तीसरा दौरा था। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा, व्यापार, निवेश और संस्कृति में सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। सितंबर 2023 में सऊदी क्राउन प्रिंस भारत दौरे पर आए थे। उस समय रणनीतिक परिषद की पहली बैठक हुई थी। इस यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारत और सऊदी के बीच अंतरिक्ष, एंटी-डोपिंग तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन शामिल है। इसके अलावा पार्सल सेवा पर द्विपक्षीय समझौता हुआ है। संयुक्त वक्तव्य में दोनों पक्षों ने 22 अप्रैल (मंगलवार) को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। वे इस बात पर सहमत हुए कि आतंकी कृत्य को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने आतंकवाद और आतंकी वित्तपोषण के खिलाफ दोनों पक्षों के बीच उत्कृष्ट सहयोग का स्वागत किया। सीमा पार आतंकवाद की निंदा की और दूसरे देशों के खिलाफ आतंकवाद को हथियार बनाने को अस्वीकार करने, आतंकवाद के बुनियादी ढांचा को नष्ट करने और आतंकवाद के अपराधियों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया। दोनों पक्षों ने दूसरे देशों के खिलाफ आतंकी कृत्य करने के लिए मिसाइलों और ड्रोन सहित हथियारों तक पहुंच को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। दोनों पक्षों ने सामरिक भागीदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा संबंधों को मजबूत करने की सराहना की और सामरिक भागीदारी परिषद के तहत रक्षा सहयोग पर एक मंत्रिस्तरीय समिति के गठन का स्वागत किया। उन्होंने सितंबर 2024 में रियाद में आयोजित रक्षा सहयोग पर संयुक्त समिति की छठी बैठक के परिणामों का स्वागत किया, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच स्टाफ-स्तरीय वार्ता की शुरुआत का उल्लेख किया गया।

## आज का राशिफल

**मेष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है।

**कर्क :** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**सिंह :** चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी।

**कन्या :** निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**तुला :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**वृश्चिक :** संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**धनु :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**मकर :** मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## युवती को जबरन ईसाई बनाया, किडनैप कर किया रेप

**बठिंडा।** पंजाब में एक पादरी और 12 लोगों पर गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस ने पादरी और 12 लोगों के खिलाफ रेप और किडनैपिंग का मामला दर्ज किया है। एसएसपी सुहेल कासिम मीर ने मंगलवार को बताया कि ये केस एक 22 साल की युवती की शिकायत पर दर्ज किया गया है। पुलिस ने पादरी मंजीत सिंह, रिम्मी, कश्मीर मसीह, राजिंदर मसीह, परवे मसीह, ज़ीना, रीना, काजल, हैप्पी मसीह, नपिंदर सिंह, सावर मसीह और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। केस भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 70, 127(4), और 61(2) के तहत दर्ज हुआ है। शिकायत करने वाली युवती ने बताया कि वो एक राइस मिल में काम करती थी। वहां आरोपी पादरी ने उसकी सोशल मीडिया आईडी ले ली और उसे फॉलो करने लगा।

## एकतरफा प्यार में सनकी आशिक ने महिला के चेहरे पर किया ब्लेड से हमला

**एजेंसी। आगरा**



उत्तर प्रदेश के आगरा में सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एकतरफा प्यार में एक युवक ने महिला पर ब्लेड से कई बार हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर घाव हो गए. आरोपी काफी समय से महिला को परेशान कर रहा था. जब महिला ने प्रपोजल रिजेक्ट कर दिया तो आरोपी ने हमला कर दिया. फिलहाल महिला का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है। उत्तर प्रदेश के आगरा में एकतरफा प्यार की सनक में युवक ने एक महिला पर ब्लेड से हमला कर दिया, इससे उसके चेहरे पर गंभीर घाव हो गए. आरोपी मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, तभी लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना लोहा मंडी क्षेत्र के राजनगर मोहल्ले की है. यहां रहने वाली महिला पर विष्णु नाम के युवक ने उस समय हमला कर दिया, जब वह घर से बाहर किसी काम से निकली थी. बताया जा रहा है कि विष्णु काफी समय से महिला को परेशान कर रहा था और उस पर एकतरफा प्यार में दबाव बना रहा था। विष्णु ने महिला को कई बार अपने लव प्रपोजल के लिए मजबूर किया, लेकिन जब महिला ने सख्ती से इंकार कर दिया तो वह बेहद नाराज हो गया. उसने ब्लेड से उस पर हमला कर दिया. हमले के दौरान उसने रेखा के चेहरे पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. उसकी चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और हमलावर विष्णु को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों की सतर्कता से विष्णु को भागने से पहले ही काबू कर लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

# प्रिंसिपल है या जल्लाद! प्राइवेट स्कूल में 10वीं के छात्र को बेरहमी से पीटकर किया लहूलुहान

**एजेंसी। गया**

शहर के एक नामचीन स्कूल के प्रिंसिपल ने पहले तो गुरु के पद की गरिमा को तार-तार कर दिया। दूसरा, हैवानियत की हद पार करते हुए एक छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। छात्र को अस्पताल ले जाना पड़ा है। इधर, स्कूल के डायरेक्टर ने बड़े ही चालाकी से आरोपी प्रिंसिपल को कुछ दिनों के लिए छुट्टी पर भेजकर एक गुनहगार को बचाने का कुत्सित प्रयास किया है। मामला गया शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र के खटकाचक मोहल्ला निवासी यश कुमार नामक छात्र से जुड़ा है। यश परमज्ञान निकेतन स्कूल के 10वीं क्लास का छात्र है, जिसकी गलती भी नहीं कही जा सकती है फिर भी परिस्थितिजन्य कारणों से स्कूल के रूल के अनुसार शनिवार को उस रंग का टीशर्ट पहन कर नहीं बल्कि दूसरे रंग का टीशर्ट पहन कर इसलिए स्कूल चला गया ताकि अनुपस्थित न हो जाए।




### परिजनों ने थाने में दी शिकायत

यश के शरीर पर छड़ी के ये दाग स्पष्ट रूप से कह रहा है कि प्रिंसिपल कितना वहशियाना अंदाज में पिटाई की है। जब इस बात की जानकारी यश के घर वालों को मिली तो पिता रंजन यादव ने प्रिंसिपल के खिलाफ लिखित शिकायत विष्णुपद थाने में दी है। आरोपी प्रिंसिपल के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, थानाध्यक्ष ने बताया है कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। दूसरी तरफ आरोपी प्रिंसिपल को बचाने की नियत से स्कूल के डायरेक्टर ने लंबी अवधि के लिए छुट्टी पर भेज दिया है।

### दूसरे रंग की टी-शर्ट पहनने पर छात्र की पिटाई

दरअसल, बात थी कि यश को जिस साइज की टीशर्ट चाहिए था वह उस दूकान में उपलब्ध नहीं था। दुकानदार ने कुछ दिनों बाद उसके साइज की टी-शर्ट मंगवा लेने की बात कही थी, इसलिए यश दूसरे रंग की टी-शर्ट पहनकर शनिवार को स्कूल चला गया था। इसके बाद प्रिंसिपल तक जब यह शिकायत पहुंची तो उन्होंने यश को अपने पास बुलाकर इस गलती के लिए पहले तो लकड़ी के डंडे से पीटना शुरू कर दिया। जब डंडा टूट गया तो प्रिंसिपल ने वहशियाना अंदाज में प्लास्टिक(पीबीसी) के पाइप से पीटना शुरू कर दिया।

## 01 देसी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को 01 देसी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी डीएसपी टू राकेश कुमार चौधरी ने बुधवार को दी। डीएसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी, छिनतई के हॉट-स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में बीते 22 अप्रैल को बबरगंज थाना के दिवा गश्ती दल द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सकरुल्लाचक कुंआ के पास से एक युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में युवक के पास से 01 देसी कट्टा एवं 02 जिंदा कारतूस बरामद किया तथा उक्त व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार व्यक्ति शुभम सोनार उर्फ छेदी पूर्व में हत्या के 02 कांड में आरोपित है। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक विशाल कुमार, देव कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## पहलगाम हमले के बाद पठानकोट में हाई अलर्ट

- जम्मू-कश्मीर से लगने वाले पंजाब के सभी इंटरस्टेट नाके सील

**पठानकोट।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पंजाब पुलिस भी अलर्ट हो गई है. जिसके तहत पंजाब-जम्मू बॉर्डर पर पठानकोट पुलिस की ओर से सुरक्षा बड़ा दी गई है. बीती रात से ही भारत-पाक सीमा से सटे बमियाल सेक्टर जिसके साथ जम्मू के कई अंदरूनी रास्ते भी लगते हैं, जहां पर पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है. जम्मू कश्मीर से आने वाली गाड़ियां चाहे वह लिंक रास्तों से होकर पंजाब में दाखिल हो रही हैं या फिर नेशनल हाईवे से होते हुए माधोपुर के रास्ते पंजाब में दाखिल हो रही हैं सभी को चेक किया जा रहा है। पुलिस ऐसा इसलिए कर रही है, ताकि घुसपैठिए इन रास्तों का इस्तेमाल कर पठानकोट के रास्ते पंजाब में दाखिल ना हो पाए. जगह-जगह पर पुलिस नाके लगाकर बाहरी राज्यों से आने वाली गाड़ियों को भी चेक कर रही है. इस बारे में जानकारी देते हुए SSP पठानकोट ने बताया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पठानकोट पुलिस अलर्ट पर है. जम्मू कश्मीर से पंजाब में दाखिल होने वाले सभी रास्तों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. अलग-अलग जगहों पर नाके लगाकर गाड़ियों को चेक किया जा रहा है। इसके अलावा स्थानीय लोगों को भी अलर्ट कर दिया गया है. लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध को देखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें. आपको बता दें कि पहलगाम के टूरिस्ट प्लेस पर आतंकियों ने भीड़-भाड़ वाली जगह पर हमला कर दिया. जिससे 28 लोगों की मौत हो गई. जिस वक्त आतंकियों ने हमला किया, उस वक्त लोग मौज मस्ती कर रहे थे।

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी मारे गए

**बारामूला।** जम्मू- कश्मीर के बारामूला जिले के उरी नाला इलाके में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। एक्स के माध्यम से सेना की चिनार कोर ने कहा कि सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी हुई है और दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इस दौरान चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद हुई है। दो एके 47, एक पिस्तौल और आईईडी भी बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन जारी है।

## पहलगाम हमला: चीयरलीडर्स और आतिशबाजी के बिना हुआ एसआरएच और एमआई का मैच



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाड़ी बुधवार को हैदराबाद में होने वाले अपने आईपीएल 2025 मैच से पहले एक मिनट का मौन रखेंगे और मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टियां बाधेंगे। मैदान में आमतौर पर रहने वाले चीयरलीडर्स और आतिशबाजी इस मैच में नहीं होंगे। आईपीएल की परंपरा से हटकर यह निर्णय लिया गया है। बीसीसीआई इस दुखद घटना के पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं कई तरीकों से प्रकट करेगा। इसकी शुरूआत स्टेडियम के सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पीए सिस्टम) से एक घोषणा के साथ होगी, जिसके तुरंत बाद एक मिनट का मौन रखा जाएगा ताकि स्टेडियम में मौजूद दर्शक और टीवी दर्शक भी इस श्रद्धांजलि में भाग ले सकें। इसके बाद टॉस के समय दोनों टीमों के कप्तान पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और आतंकी हमले की निंदा करेंगे। सभी खिलाड़ी, मैच अधिकारियों, कमेंटेटर्स और सपोर्ट स्टाफ काली पट्टियां बाधेंगे। ब्रॉडकास्ट कमेंटेटर्स को निर्देश दिया गया है कि वे दर्शकों को इन काली पट्टियों के महत्व और इस दुखद घटना के प्रभाव के बारे में जानकारी दें। मंगलवार को पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में अब तक की जानकारी के अनुसार 26 लोगों की जान गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने बुधवार को एक बयान में कहा, कल पहलगाम में हुए इस अमानवीय आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दर्दनाक मौत से क्रिकेट जगत स्तब्ध और व्यथित है। बीसीसीआई की ओर से हम इस घृणित और कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी से कड़ी निंदा करते हैं और शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

## खुशी है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को उनके केंद्रीय अनुबंध वापस मिल गए हैं : रवि शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को हाल ही में पुरुषों की केंद्रीय अनुबंध सूची में फिर से शामिल किया गया है। अय्यर और किशन दोनों को घरेलू मैच नहीं खेलने के कारण वार्षिक रिटेनर के पिछले संस्करण में बाहर रखा गया था, लेकिन हाल ही में उन्हें 2024/25 सीजन के लिए सूची में वापस लाया गया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो के नवीनतम एपिसोड में कहा, श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को फिर से टीम में देखना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी, क्योंकि जो कुछ भी हुआ वह टीम प्रबंधन, बीसीसीआई और इसमें शामिल व्यक्तियों के बीच था। मुझे खुशी है कि संवाद हुआ, चीजें सुलझ गईं और उन्हें अपने अनुबंध वापस मिल गए। विशेष रूप से श्रेयस अय्यर, जिस तरह से उन्होंने पिछले 18 महीनों में भारत के लिए खेला है और वह खेल के सफेद गेंद प्रारूप, विशेष रूप से एक दिवसीय प्रारूप में एक पूर्ण निश्चितता की तरह बन गए हैं, और जिस तरह से उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में खेला, वह मान्यता की मांग करता है।"

## अक्षर ने आगे बढ़कर अपनी टीम का नेतृत्व किया और प्रभाव छोड़ा : वॉटसन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने कहा कि वह इस बात से बहुत प्रभावित हैं कि अक्षर पटेल ने किस तरह से प्रभावशाली प्रदर्शन किया और अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) पर एक और शानदार जीत दिलाई। बीआरएसएबीवी एकाना स्टेडियम में, अक्षर ने अपने चार ओवर पहले ही फेंके, जिसमें उनके आंकड़े 0/29 थे। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका इकॉनमी रेट कुलदीप यादव से बेहतर था, जो आईपीएल 2025 में पहली बार विकेट से चूके।

बल्लेबाजी में, अक्षर ने 20 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाकर फिनिशिंग टच दिया, क्योंकि डीसी ने 17.5 ओवर में 160 रनों का पीछा पूरा किया। इन सबका मतलब यह था कि अक्षर स्पष्ट रूप से अपने एलएसजी समकक्ष ऋषभ पंत की तुलना में बेहतर कप्तान थे, जो सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद शून्य पर आउट हो गए। पिच बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गई थी, लेकिन पहली गेंद से अक्षर पटेल का इरादा सबसे अलग था। एलएसजी ने शुरूआत में उनके खिलाफ विशेष रूप से अच्छी गेंदबाजी नहीं की, लेकिन उन्होंने इसका फायदा उठाया।

## बजरंग पुनिया ने पहलगाम हमले में निर्दोष लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर मंगलवार को हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि जो लोग शांति की तलाश में यात्रा कर रहे थे, वे दुखद रूप से मूर्खतापूर्ण और क्रूर हिंसा के शिकार हो गए। आतंकवादियों ने श्रीनगर से लगभग 30 मील दक्षिण-पूर्व में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में स्थित एक सुंदर घास के मैदान बैसरन घाटी में पर्यटकों पर गोलीबारी की।

# हेनरिक क्लासेन के 71 रन मुंबई को मिला 144 रन का लक्ष्य



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला शुरू हो गया है। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। बहरहाल, मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है। हैदराबाद ने 35 रन पर 5 विकेट गंवा देने के बाद मजबूती से वापसी की और हेनरिक क्लासेन के 71 तो अभिनव मनोहर के 43 रन की बदौलत 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 143 रन बना लिए।

**सनराइजर्स हैदराबाद : 143-8 (20 ओवर)**

हैदराबाद की शुरूआत एक बार फिर से खराब रही। दूसरे ही ओवर में ट्रेविस हेड 0 रन पर बोल्ट की गेंद पर आऊट हो गए। तीसरे ओवर में दीपक चाहर ने ईशान किशन को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि ईशान आऊट थे या नहीं, इस पर विवाद था लेकिन ईशान ने खुद ही विरोध नहीं किया और चुपचाप पवेलियन लौट गए। चौथे ओवर में बोल्ट ने अभिषेक शर्मा को भी 8 रन पर आऊट कर दिया। इसके बाद नीतीश रेड्डी 2 तो अनिकेत वर्मा 12 रन बनाकर आऊट हो गए। इस तरह हैदराबाद ने 10 ओवर के अंदर ही अपने पांच विकेट गंवा लिए थे। लेकिन हेनरिक ने टीम को संभाला। उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट लगाए और 19वें ओवर में बुमराह की गेंद पर आऊट हो गए। हेनरिक ने 44 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 71 रन बनाए। अभिनव मनोहर ने 37 गेंदों पर 2 चौके और तीन छक्कों की मदद से 43 रन बनाए और टीम को 143 स्कोर तक पहुंचा दिया।

टॉस जीतने के बाद हार्दिक पांड्या ने कहा कि मैं आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहूंगा। हम पहले गेंदबाजी करेंगे। यह एक अच्छा ट्रैक लग रहा है, हमारे लिए बस एक बदलाव है - अश्विनी की जगह विग्नेश को मौका मिला है। हमें बस अपनी योजनाओं को लागू करने और खेल को यथासंभव सरल बनाने की जरूरत है, ठीक से योजना बनानी होगी।

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमारे लिए एक बदलाव - जयदेव की जगह शमी को मौका मिला है। यह सकारात्मकता का कारण है, हम इस सतह और मैदान को अच्छी तरह से जानते हैं। हमने इस साल बहुत अच्छी क्रिकेट खेली है।

## सीनियर खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बेहतरीन तैयारी है : तिलक वर्मा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस (एमआई) के बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा का मानना ??है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के खिलाफ खेलना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में उनका सामना करने के लिए बेहतरीन तैयारी है।

वर्मा ने जियोस्टार पर कहा, मैं 2022 में मुंबई इंडियंस में शामिल हुआ, इसलिए यह मेरा चौथा सीजन है। मुझे कई सीनियर और घरेलू खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। चूंकि आईपीएल में आप कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सामना करते हैं, इसलिए जब आप अंततः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं तो यह वास्तव में मदद करता है।

## डीएसए 'ए' डिवीजन लीग: शापूरजी के चार गोल, फ्रंटियर ने विक्ट्री को रौंदा

**नई दिल्ली।** जाहान शापूरजी की तिकड़ी सहित जमाए चार गोलों की मदद से फ्रंटियर फुटबाल क्लब ने विक्ट्री एफसी को 9- 0 से हरा कर डीएसए 'ए' डिवीजन लीग में दूसरी जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में फ्रंटियर ने स्कूली खिलाड़ियों से सजी विक्ट्री को शुरू से ही दबाव में रखा ' फ्रोंटियर की जीत में सनी दहिया ने दो, भूपेंद्र, शोभित भंडारी और अक्षत तनेजा ने एक-एक गोल जमाए। दिन के पहले मुकाबले में पश्चिम हीरोज ने शक्ति एफसी को संजीत के एकमात्र गोल से परास्त किया।

# पहलगाम आतंकी हमले से आहत भारतीय खेल जगत

## खिलाड़ियों ने व्यक्त किया शोक, कई प्लेयर्स गुस्से में

**नई दिल्ली। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा और पीवी सिंधु तथा दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय खेल जगत ने पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले पर शोक व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।**

### कोहली ने पोस्टे पर लिखा



पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारों को शांति और शक्ति मिले और उन्हें क्रूर कृत्य के लिए न्याय मिले, इसके लिए प्रार्थना करता हूं।'

### सचिन तेंदुलकर ने लिखा



प्रभावित परिवार एक अकल्पनीय परीक्षा से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया दुख की इस घड़ी में उनके साथ है। हम लोगों की मौत पर शोक मनाते हैं और न्याय के लिए प्रार्थना करते हैं।'

### सिंधु ने भी पोस्ट में लिखा

दर्द। इतना नुकसान। कोई भी किसी भी कारण से ऐसी क्रूरता को उचित नहीं ठहरा सकता। पीड़ित परिवारों का दुख शब्दों से परे है, लेकिन आप अकेले नहीं हैं। हम आपके साथ हैं।'

### चोपड़ा ने एक्स पर लिखा

जम्मू-कश्मीर में हुए दुखद हमले से दिल दहल गया है।

पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं।'

**इसी तरह की भावनाएं जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव** जैसे अन्य शीर्ष खिलाड़ियों ने भी व्यक्त कीं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने एक भावनात्मक संदेश पोस्ट किया जिसमें उन्होंने न्याय की गुहार लगाई। सिराज ने लिखा, ह्यधर्म के नाम पर निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना और उनकी हत्या करना पूरी तरह से गलत है। यह कैसी लड़ाई है जहां इंसान की जान की कोई कीमत ही नहीं है। मुझे उम्मीद है कि यह पागलपन जल्द ही खत्म होगा और इन आतंकवादियों को दंडित किया जाएगा।'

**भारत के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने कड़े शब्दों में एक पोस्ट लिखा,** जिसमें पाकिस्तान के साथ सभी खेल संबंधों को खत्म करने की मांग की गई। गोस्वामी ने लिखा, और यही कारण है कि मैं कहता हूं - आप पाकिस्तान के साथ क्रिकेट न खेलें। अभी नहीं। कभी नहीं। जब बीसीसीआई या सरकार ने पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को भेजने से इनकार कर दिया, तो कुछ लोगों ने यह कहने का साहस किया, ओह, लेकिन खेल को राजनीति से ऊपर उठना चाहिए। निर्दोष भारतीयों की हत्या करना पाकिस्तान का राष्ट्रीय खेल लगता है और भारत को इसका जवाब बल्ले या गेंद से नहीं बल्कि शून्य सहिष्णुता के साथ देना चाहिए।'



- भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच **गौतम गंभीर** ने लिखा, पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी होगी। भारत हमला करेगा।'

- ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से दिल दहल गया है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। हमारी दुनिया में आतंक के लिए कोई स्थान नहीं है, हमें नफरत और हिंसा के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।'



- **पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा**, आज कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले से दिल टूट गया है। मैं पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं।



## बीसीसीआई सचिव देवजीत ने पहलगाम में हुए भयावह



**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद, जिसमें 26 लोग मारे गए और कई घायल हो गए, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस जघन्य और कायराना कृत्य की कड़ी निंदा की और साथ ही कहा कि शासी निकाय इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। सैकिया ने बुधवार को एक बयान में कहा, पहलगाम में कल हुए भीषण आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा लगा है और वह दुखी है। बीसीसीआई की ओर से, इस भयावह और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। मंगलवार दोपहर को, जम्मू-कश्मीर के पर्यटन शहर पहलगाम से लगभग छह किलोमीटर दूर स्थित सुंदर बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में 26 पर्यटक और स्थानीय लोग मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

---

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## शेयर बाजार लगातार सातवें दिन हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 80,000 के पार

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में मजबूती देखी गई। सेंसेक्स 520.90 अंक या 0.65 प्रतिशत बढ़कर 80,116.4 पर और निफ्टी 161.70 अंक या 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,328.95 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 4.34 प्रतिशत बढ़ा। इसके अलावा, ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। बीते सात कारोबारी सत्रों से बाजार में तेजी जारी है। इस दौरान निफ्टी 8.6 प्रतिशत या 1,930 अंक बढ़ चुका है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के अच्छे दमदार नतीजे पेश करने के कारण एचसीएल टेक्नोलॉजीज में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह सितंबर 2019 के बाद से कंपनी का सबसे अच्छा तिमाही प्रदर्शन था।

## स्विगी को नवंबर 2024 में लिस्टिंग के बाद से पहली बार 'सेल' रेटिंग मिली

**नई दिल्ली।** स्विगी लिमिटेड को नवंबर 2024 में लिस्टिंग के बाद से पहली बार 'सेल' रेटिंग मिली है। विश्लेषकों ने 'फूड डिलीवरी' और 'क्विक कॉमर्स' दोनों ही सर्विस में स्विगी की खराब होती स्थिति को लेकर चिंता जताई है। एम्बिट कैपिटल की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, स्विगी ने इन सेक्टर में अपनी शुरूआती बढ़त खो दी है और अब यह फूड डिलीवरी में दूसरे और क्विक कॉमर्स में तीसरे स्थान पर है। एम्बिट कैपिटल ने स्विगी के कवरेज की शुरूआत सतर्क दृष्टिकोण के साथ की और प्रति शेयर 310 रुपए का टारगेट प्राइस निर्धारित किया। इससे कंपनी के आखिरी कारोबार मूल्य से 20 प्रतिशत से ज्यादा की संभावित गिरावट का संकेत मिलता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फूड डिलीवरी सेगमेंट में स्विगी अब अपने प्रतिस्पर्धी जोमैटो से पीछे है।

# इंडिगो ने श्रीनगर की उड़ानों पर कैंसीलेशन और रिशेड्यूलिंग फीस की माफ



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की कम लागत वाली सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि कंपनी पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए श्रीनगर की उड़ानों पर कैंसलेशन और रिशेड्यूलिंग फीस माफ कर रही है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय पहलगाम में मौजूदा स्थिति के कारण हमारे ग्राहकों को होने वाली चिंताओं और कठिनाइयों के कारण लिया गया है। एयरलाइन ने साथ ही कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में जिन लोगों को तत्काल सहायता की जरूरत है, उन्हें सहानुभूतिपूर्ण सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, श्रीनगर से और श्रीनगर के लिए यात्रा करने वालों की सहायता के लिए, इंडिगो कैंसलेशन और रिशेड्यूलिंग फीस हटा रहा है। इंडिगो ने तत्काल प्रभाव से दिल्ली और मुंबई से श्रीनगर के लिए विशेष उड़ानें शुरू की हैं और भारत के विभिन्न हिस्सों से श्रीनगर से/के लिए 160 साप्ताहिक उड़ानों के नियमित शेड्यूल के अलावा इनका संचालन करेगी। एयरलाइन स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है और ग्राहकों की हरसंभव सहायता करने की कोशिश कर रही है। इंडिगो ने कहा, आपातकालीन स्थिति को देखते हुए, हमने किराए को नियंत्रित रखने के लिए कदम उठाए हैं। हमारी प्राथमिकता अपने ग्राहकों की सुरक्षा और कुशल सेवाएं प्रदान करना है। एयरलाइन के इस बयान से पहले नागरिक विमानन के क्षेत्र में नियामक संस्था डीजीसीए ने इंडिगो और एयर इंडिया जैसी वाणिज्यिक एयरलाइनों को पहलगाम में आतंकवादी घटना के मद्देनजर श्रीनगर में फंसे पर्यटकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने की सलाह दी थी। एयरलाइनों से आग्रह किया गया है कि वे देशभर में पर्यटकों को उनके घरों तक वापस लौटने में सुविधा प्रदान करें और उड़ानों के लिए कैंसलेशन और रिशेड्यूलिंग फीस न लें। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से जारी परामर्श में कहा गया, पहलगाम में हुई घटना के बाद, पर्यटकों की अपने घरों को लौटने की मांग तेजी से बढ़ गई है।

## भारत के ऑफिस मार्केट ने 2025 की पहली तिमाही में तेज गति बनाए रखी

**नई दिल्ली।** भारत के ऑफिस रियल एस्टेट मार्केट ने 2025 की पहली तिमाही में अपनी तेजी की गति को बनाए रखते हुए लगातार सातवीं तिमाही में रिक्तियों में 15.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करवाई। यह 2023 की दूसरी तिमाही में 18.45 प्रतिशत से 2025 की पहली तिमाही तक 275 आधार अंकों (बीपीएस) की संचयी गिरावट को दिखाता है। यह तेजी मजबूत लीजिंग और नई सप्लाई में कमी की वजह से देखी गई। कुशमैन एंड वेकफील्ड की 2025 क्वार्टर-1 ऑफिस मार्केट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के टॉप आठ ऑफिस मार्केट में वर्ष की पहली तिमाही में सप्लाई बाधाओं और मजबूत ऑक्यूपायर डिमांड की वजह से रिक्तियों की दर घटकर 15.7 प्रतिशत रह गई। रिक्तियों में 2024 की चौथी तिमाही से 55 आधार अंकों (बीपीएस) की गिरावट दर्ज की गई।

## अप्रैल में भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि दर्ज : एचएसबीसी रिपोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली।** एचएसबीसी के आंकड़ों के अनुसार, मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट और सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी में तेजी के कारण अप्रैल में भारत के कम्पोजिट फ्लैश परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि अप्रैल में यह 60 अंक पर रहा, जो व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बावजूद मार्च के मुकाबले अधिक है। पीएमआई पर 50 का आंकड़ा विस्तार और संकुचन को अलग करता है। इस महीने के दौरान नए निर्यात ऑर्डर में तेजी से वृद्धि हुई, जो कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर '90-डे ब्रेक' से जुड़ी थी। जबकि, निमार्ताओं के लिए विस्तार की गति थोड़ी तेज थी, सेवाओं के नए निर्यात व्यवसाय में वृद्धि भी उतनी ही प्रभावशाली रही। समग्र स्तर पर, नए निर्यात ऑर्डर सीरीज की शुरूआत के बाद से सबसे तेज गति से बढ़े। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ पैनलिस्टों ने इसका श्रेय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्यह्रास के कारण 'बेहतर प्रतिस्पर्धा' को दिया। महीने के दौरान मार्जिन में भी सुधार हुआ क्योंकि लागत मुद्रास्फीति मार्च के स्तर के अनुरूप थी, लेकिन कीमतें कुछ तेजी से बढ़ीं। एचएसबीसी की रिपोर्ट में कहा गया, विकास के 100 संकेतकों के हमारे फ्रेमवर्क से पता चलता है कि मार्च तिमाही पिछली दो तिमाहियों की तुलना में बेहतर है, लेकिन जून 2024 से काफी नीचे है। फसल कटाई के बाद ग्रामीण मांग और मौद्रिक नीति में ढील से विकास को समर्थन मिलने की संभावना है। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया है कि एक बार जब रिस्टॉकिंग डिमांड कम हो जाएगी, तो माल निर्यात में कमी आएगी।

## भारत को निर्यात बढ़ाने के लिए मानव निर्मित फाइबर क्षमताओं को बढ़ाना होगा : एक्सपर्ट्स

**नई दिल्ली।** भारत में एक मजबूत और टिकाऊ फाइबर इकोसिस्टम की आवश्यकता है। साथ ही, पॉलिएस्टर उत्पादन में चीन के वैश्विक प्रभुत्व को समाप्त करने के लिए मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक दूरदर्शी रणनीति अपनाना होगा, यह बयान एक्सपर्ट की ओर से बुधवार को दिया गया। नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन (एनटीटीएम) के निदेशक अशोक मल्होत्रा के कहा, भारत के लिए एमएमएफ को आगे बढ़ाना जरूरी है। इसका लक्ष्य वैश्विक प्रतिस्पर्धा हासिल करने के लिए बाजार में पहुंच बढ़ाना है। पीएचडीसीसीआई कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए मल्होत्रा ने टेक्निकल टेक्सटाइल में भारत की क्षमता और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और एडवांस एप्लीकेशन की खोज के लिए एनटीटीएम की पहल के बारे में बताया। पीएचडीसीसीआई टेक्सटाइल कमेटी के अध्यक्ष और फिलाटेक्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी मधु सुधन भगेरिया ने कहा कि देश को एक मजबूत और टिकाऊ फाइबर इकोसिस्टम की आवश्यकता है। आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने कहा कि वैश्विक स्तर पर एमएमएफ का बाजार बढ़ रहा है और भारत को महत्वाकांक्षी निर्यात लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एमएमएफ फाइबर आधार को बढ़ाना होगा। साथ ही कहा कि निजी क्षेत्र के इनोवेशन को सरकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

# विधायक ने सीओ से मांगी सभी हल्का व वित्तीय वर्ष के लंबित व रिजेक्ट म्यूटेशन की सूची

**विधायक ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में तय कार्यक्रम के अनुसार सभी विभागों के साथ विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने बुधवार को बैठक की। एसडीओ गौरांग महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, एमओ अमरेश कुमार सहित पेयजल से संबंधित अधिकारी सभी मुखिया व पंसस, पंचायत सचिव ने भाग लिया। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने सीओ संतोष कुमार से सभी हल्का व वित्तीय वर्ष 2021- 22 से अब तक लंबित व रिजेक्ट म्यूटेशन की सूची की मांग की। उन्होंने प्रखंड सभागार के अलावा हैदरनगर (पूर्वी), इमामनगर बरेवा सहित अन्य पंचायत क्षेत्र में फैली गंदगी पर राजनगी प्रकट करते हुए कहा कि मनरेगा मजदूरों को काम दो, पालनेट लगाओ और साफ सफाई पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया तो संबंधित अधिकारी बक्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने बीडीओ को उनके प्रतिनिधि के सभी कार्यों को गंभीरता से लेने और अग्रेतर कार्रवाई करने कहा है। साथ किसी क्षेत्र में आवास के वास्तविक लाभुक भी नहीं वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक के दौरान विभिन्न आने वाली कॉल पर गुस्साकर कहा कि मोबाइल बंद करो, वरना बाहर का रास्ता दिखा देंगे। उन्होंने पंचायत सचिव, बीडीओ से कहा कि बिना पैसा लिए आवास का जियो टैग नहीं करने की भी लगातार शिकायत मिल रही है। इस बीच एसडीओ ने पंचायत सचिव को भी इस मामले में तलब किया। भूमि मामले के सवाल से असंतुष्ट एसडीओ गौरांग महतो ने सीओ संतोष कुमार को कहा कि कहां है कर्मचारी बुलाओ। उन्होंने सभी पंचायत में कार्यरत मनरेगा मजदूरों का डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ इसकी अगले दिन ही जांच कराने की चेतावनी देते हुए कहा कि देखेंगे धरातल पर है या नहीं। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से भी इस मामले को प्रमुखता से उजागर करने का सुझाव दिया। जिससे उन्हें तत्काल कार्रवाई करने में सुविधा हो सके। बिलासपुर पंचायत से आए ग्रामीण कमलेश राम की शिकायत पर मुखिया व सचिव पर भड़कने के बाद सभी आवास निर्माण की जांच कराने का निर्देश दिया है। ग्रामीण के गंभीर आरोप ग्राम पांती में एक दिन भी आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं खुलने की शिकायत पर संबंधित सेविका को निलंबित करने और सुपरवाइजर का वेतन रोकने का निर्देश एसडीओ ने दिया है।

## मारपीट करने पर प्राथमिकी दर्ज

हुसैनाबाद। थाना के कचरा गांव निवासी उमेश मेहता व उपेंद्र मेहता ने हुसैनाबाद थाना में सोमवार को अलग अलग आवेदन देकर मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उपेंद्र मेहता ने अपने आवेदन में कहा कि वह अपने घर के दरवाजा पर बैठे थे। इस बीच उमेश मेहता वहां आकर गाली गलौज करने लगे। उन्होंने पैर में जूता पहने हुए ही मेरे पेट पर चढ़ गया। जिससे कान से खून बहने लगा। इस बीच उमेश मेहता के दो पुत्र प्रकाश व सुभाष भी वहां पहुंच गए। उनके हाथ में लोहे की रॉड थी। उन्होंने भी रॉड से मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। लोगों को जमा होता देख सभी लोग भाग गए। उपेंद्र मेहता ने बताया कि पुराने विवाद को लेकर मारपीट हुई है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी बताया कि दोनों पक्षों ने इस संबंध में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# कस्तूरबा विद्यालय में गरीब व निर्धन छात्राओं का नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में: वार्डेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हैदरनगर और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 वीं में नामांकन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने बताया कि झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हैदरनगर के लिए कक्षा 6 वीं की 50 सीटें निर्धारित है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद में कुल 75 सीटों पर नामांकन होना है। दोनों विद्यालयों में चयन प्रक्रिया के तहत अनाथ बालिकाओं, एकल अभिभावक वाली बालिकाओं, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग की बालिकाओं, दिव्यांग बालिकाओं, दूरस्थ व वंचित क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। आवेदन जमा करते समय अभिभावकों को आवेदिका और माता-पिता या अभिभावक का आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साइज के दो-दो फोटो (आवेदिका और अभिभावक के) संलग्न करना अनिवार्य है। वार्डेन ने बताया कि यह पहल बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक समावेशन सुनिश्चित करने और वंचित वर्ग की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इन विद्यालयों को संचालित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी अभिभावकों से समय रहते आवेदन जमा करने की अपील की है। जिससे संबंधित क्षेत्र के छात्राओं को समुचित शिक्षा का लाभ मिल सके।

# आबादगंज में ट्रेन से कटकर महिला की मौके पर मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादगंज में बुधवार को एक महिला ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर लगभग 11:30 बजे महिला चोपन-रांची एक्सप्रेस के सामने ट्रैक पर लेट गई, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के कारण महिला का शरीर दो हिस्सों में कट गया। मृतका की पहचान शोभा देवी (उम्र 35 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पलामू जिले के लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत दीदरी गांव की रहने वाली थीं और वर्तमान में अपने पति व परिवार के साथ हमीदगंज में रह रही थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला ट्रेन आने से पहले ही ट्रैक के किनारे खड़ी थी और जैसे ही गढ़वा रोड की ओर से ट्रेन आई, वह अचानक दौड़ कर पटरियों पर लेट गई। मृतका के भाई समीर पांडे ने बताया कि शोभा देवी की शादी वर्ष 2005 में संजीव कुमार पांडेय से हुई थी। शादी के बाद से ही पति और भसुर के द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। समीर के अनुसार, अक्सर शराब के नशे में मारपीट की जाती थी और 2008 में एक बार अत्यधिक हिंसा की गई थी। यह सिलसिला हर महीने, लगभग पंद्रह दिनों के अंतराल पर जारी रहता था। शोभा देवी के पति संजीव कुमार पांडेय ने बताया कि घटना के समय वह अपने गांव दीदरी में गेहूं कटवा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

## उपायुक्त की पहल पर शुरू हुई तैयारी, चैनपुर पार्क का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

# पुन: शुरू होगा कोयल आजीविका अपैरल पार्क, 300 महिलाओं को मिलेगा रोजगार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर स्थित कोयल आजीविका अपैरल पार्क को फिर से शुरू करने की दिशा में जिला प्रशासन ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर मंगलवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने पार्क का निरीक्षण कर मशीनों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने आधुनिक सिलाई, कढ़ाई, कटिंग, बटन अटैच और एम्ब्रॉइडरी मशीनों की कार्यक्षमता का अवलोकन किया और पूर्व की संचालन प्रक्रिया को समझा। उन्होंने बताया कि पार्क के संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी, जिससे सखी मंडल की महिलाएं सीधे तौर पर जुड़ सकेंगी और उन्हें रोजगार के अवसर मिलेंगे। पार्क में 150 आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं, जिन पर पूर्व में दो शिफ्ट में काम होता था और लगभग 300 महिलाएं इससे जुड़ी थीं। वर्तमान में मशीनों की सर्विसिंग और बिजली कनेक्शन बहाली जैसे कार्य शेष हैं। जेएसएलपीएस द्वारा बिजली बिल माफ करने और मशीनों की मरम्मत की मांग रखी गई है। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने सैनेटरी पैड निर्माण केंद्र का भी दौरा कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। चैनपुर के साथ-साथ पाटन और नीलांबर-पीतांबरपुर में भी पार्क की शुरूआत की जाएगी।

## लापता तीन बच्चे एक सप्ताह बाद लौटे घर

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर थाने पुलिस ने श्री बंशीधर नगर से लापता तीनों बच्चों को उत्तर प्रदेश के कानपुर से सकुशल बरामद कर लिया है। सभी बच्चे सीडब्लूसी से यहां से लाये गये हैं। यह जानकारी नगर ऊंटारी थाने के पुअनि जितेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को नगर ऊंटारी से तीन नाबालिग बच्चे बर्थडे पार्टी के बाद लापता हो गये थे। बच्चों के लापता होने के बाद बच्चों के परिजनों द्वारा इस संबंध में थाने में सूचना दर्ज कराई गई थी।

## पेज एक के शेष

### पाक उच्चायोग बंद...

वहीं, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के रक्षा, नौसेना और वायुसेना सलाहकारों को ह्यअवांछित व्यक्तिह्ण घोषित किया गया है। उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। इसी तरह भारत भी इस्लामाबाद में स्थित अपने सैन्य सलाहकारों और पांच सहायक कर्मचारियों को वापस बुलाएगा। दोनों देशों के उच्चायोगों की कुल कर्मचारियों की संख्या को 55 से घटाकर 30 किया जाएगा, जो 1 मई तक प्रभावी किया जाएगा। इसके साथ ही बताया गया कि सीसीएस ने इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। दुनियाभर की कई सरकारों ने इस हमले की निंदा करते हुए भारत के प्रति समर्थन और एकजुटता जताई है, जिसे सीसीएस ने सराहा। सीसीएस ने देश की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और सभी सुरक्षा बलों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। समिति ने दोहराया कि इस आतंकी हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा और उनके संरक्षकों को भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। जैसे भारत ने हाल ही में ताहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण में सफलता पाई है, वैसे ही भारत आतंक के हर सूत्रधार को पकड़ने के लिए अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

### पहलगाम हमला : सुरक्षा...

सुरक्षा एजेंसियों ने लश्कर-ए-तैयबा के बड़े आतंकी सैफुल्लाह कसूरी उर्फ. खालिद को इस हमले का मुख्य साजिशकर्ता बताया है ।हमले के बाद सुरक्षाबलों ने बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और जंगलों में छिपे आतंकियों को ढूंढने के लिए हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं। जांच में यह भी पता चला है कि आतंकियों ने बहुत उन्नत हथियार और संचार उपकरण इस्तेमाल किए, जिससे साफ है कि उन्हें बाहर से मदद मिल रही थी। कुछ आतंकियों ने हेलमेट पर लगे कैमरे और बॉडी कैमरों से पूरे हमले की रिकॉर्डिंग भी की। उनके पास सूखे मेवे और दवाइयां भी थीं, जिससे साफ है कि वे पूरी तैयारी के साथ आए थे। सूत्रों के अनुसार, आतंकियों ने हमले से पहले कुछ स्थानीय लोगों की मदद से इलाके की रेकी भी की थी। चश्मदीदों का कहना है कि दो आतंकी पश्तो भाषा बोल रहे थे, जो दर्शाता है कि वे पाकिस्तानी थे। वहीं, दो स्थानीय आतंकी आदिल और आसिफ बताए जा रहे हैं, जो बिजबेहरा और त्राल के रहने वाले हैं। हमले की एकदम सही तैयारी और सटीक योजना से यह लगता है कि इसे ऐसे व्यक्तियों ने अंजाम दिया है जिन्हें इसकी अच्छी ट्रेनिंग मिली हुई है, न कि कोई सामान्य स्थानीय व्यक्ति। जांच एजेंसियों ने यह भी पाया है कि इन आतंकियों के डिजिटल फुटप्रिंट पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद और कराची के सुरक्षित ठिकानों से जुड़े हुए हैं, जिससे सीमा पार आतंकी साजिश की पुष्टि होती है।

### राजस्व संग्रहण में...

पीएल अकाउंट में राशि जो 2010 से पार्क की गई है वह गलत है। इसपर हम पूरी संवेदनशीलता के साथ समीक्षा कर रहे है। श्री किशोर ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई है। वहीं, राजस्व व्यय की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1,31,234.42 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिनमें से 1,18,279.69 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वित्त मंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य के आर्थिक ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होगी की हमारी सरकार का वित्तीय प्रबंधन पारदर्शी हो । उन्होंने कहा कि सभी विभागों के सचिवों को निदेश दिया गया है कि अप्रैल के अंत तक या फिर 7 मई तक योजनाओं के विरुद्ध जिलों को राशि आवंटित कर दी जाए ताकि विकास का काम बाधित ना हो। वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा की झारखंड सरकार के वाणिज्य कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 26 हजार करोड़ रुपये के विरुद्ध 22292.25 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण प्राप्त कर लिए है जो वार्षिक लक्ष्य का 85.74 फीसदी राजस्व संग्रहण है। जबकि वित्तीय वर्ष 2019-20 में 14286.27 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई थी । इस प्रकार विगत पांच वर्षों में प्राप्त राजस्व संग्रह में कुल 56.04 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है । वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व संग्रह 26,500 करोड़ रुपया का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी श्री किशोर ने बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।

### पहलगाम आतंकी हमले...

नौशाद के ट्वीट के बाद लोग लगातार झारखंड पुलिस को टैग करके सख्त ऐक्शन लेने की मांग कर रहे ते। आरोपी इससे पहले भी काफी भड़काऊ बातें सोशल मीडिया पर लिखता रहा है। पहले भी लोग झारखंड पुलिस से उसकी शिकायत कर चुके थे। अब पुलवामा हमले पर एक बार फिर उसने जहरीलेपन की हदें पार कर दीं।

मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने टेक्निकल सेल को शामिल कर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी गठित की। एसआईटी ने रात भर के प्रयास के बाद बुधवार सुबह नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। थाने में उससे पूछताछ चल रही है। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद उसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## राहगीरों के लिए प्याऊ का किया गया उद्घाटन

**रंका।** थाना मोड़ में मदनी बाइक सर्विस सेंटर के संचालक इसरार अंसारी ने बुधवार को गर्मी के मौसम में राहगीरों की सुविधा के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गर्मी की मौसम को देखते हुए प्याऊ का शुभारंभ इसरार अंसारी ने किया। इसका उद्घाटन झामुमो नेता सह जिला अध्यक्ष आफताब आलम ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर मनव्वर राय ने अपने हाथों से उपस्थित लोगों के बीच गुड़ बताशा,बांटकर पानी पिलाया।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर अज्ञात अपराधियों ने की हवाई फायरिंग



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर से सटे हूर गांव में बुधवार को दोपहर में अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की। अचानक गोलियों की आवाज से वहां हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि दो बाइक पर सवार चार युवक हूर गांव के अंडरपास के पास पहुंचे। वहां शिवालया कंस्ट्रक्शन का एक छोटा कैंप स्थित है। वहां पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। अपराधी वहां पर पहुंच कर हवाई फायरिंग की। हवाई फायरिंग की घटना से साइट में रहने वाले कर्मी और काम कर रहे लोगों में दहशत का माहौल है। गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फायरिंग क्यों की गई उसकी किसी को कोई जानकारी नहीं है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने भी हवाई फायरिंग की घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गोली चलाने वालों की मंशा क्या थी, उसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से अभी तक थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी की गई है।

# एसडीएम ने तीन सरकारी चापानलों में लगे निजी मोटर खुलवाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्राप्त शिकायत के आलोक में मेराल के बाना गांव में तीन सरकारी चापानलों से निजी मोटर का कनेक्शन खुलवाया। साथ ही हिदायत दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति हुई तो सबमर्सिबल मोटर की जब्ती के साथ उन पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक हैंडपंप हर किसी के उपयोग के लिए है, न कि निजी मोटर डालकर खेती-बाड़ी और सिंचाई करने के लिए। उन्होंने पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता और सभी बीडीओ को भी पत्र लिखकर कहा कि उनके द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लगाए गए हैंडपंप सरकारी संपत्ति हैं। इसलिए अपनी इन संपत्तियों का अपने स्तर से सर्वेक्षण करवा लें। जहां पर उन्हें इन चापानलों पर अतिक्रमण या निजी कब्जा दिखे तो वह या तो स्वयं अपने स्तर से अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें या अंचल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इन्हें कब्जा मुक्त करवाएं। या अनुमंडल कार्यालय को इस बात की सूचना दें। उन्होंने कहा कि गढ़वा पेयजल संकट से जूझने वाला जिला है। ऐसे में हैंडपंप बहुत बड़ा सहारा होता हैं, किंतु जब एक चापानल किसी व्यक्ति विशेष द्वारा गिरफ्त में ले लिया जाता है तो इससे एक बड़ी आबादी को पेयजल की दिक्कत हो जाती है। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# नदी में डूबने से छात्रा की मौत



**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के चंदनी गांव स्थित डोमनी नदी के कुड़ैसवा घाट में बुधवार को नहाने के दौरान एक छठी की छात्रा सुषमा कुमारी (पिता कुलदीप राम) की डूबने से मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली श्रृष्टि कुमारी को ग्रामीण गोपाल मेहता ने बहादुरी से बचा लिया। दोनों छात्राएं बैतरी गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैतरी की छठी कक्षा में पढ़ती थी। सुबह 9 बजे नदी में नहाने गई थी। दोपहर करीब 11 बजे दोनों गहरे गड्ढे में चली गईं और डूबने लगी। आस पास मौजूद बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद चंदनी गांव के गोपाल मेहता ने तुरंत पानी में छलांग लगाकर श्रृष्टि कुमारी को बचा लिया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। सुषमा कुमारी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही खरौंधी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया।

# सोने चांदी की दुकान से झोला लेकर भागे चोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज के गांधी चौक के बगल में स्थित दिलीप प्रसाद की सोना चांदी के दुकान से सोमवार की सुबह 10 बजे दुकान में रखें झोला को चोर लेकर भाग निकले। चोरी होने की भनक दुकानदार को लगी तब तक देर हो चुकी थी। थाने में दिए गए लिखित आवेदन के अनुसार दुकानदार दिलीप प्रसाद प्रतिदिन की तरह सोमवार को सुबह अपनी दुकान खोलने आए थे। उनके हाथ में झोला था जिसको दुकान में रखकर दुकान की साफ सफाई करने लगे। मौका देखते ही चोरों ने झोला लेकर वहां से भाग निकले। दुकानदार दिलीप प्रसाद की माने तो दुकान के बाहर किसी ने सड़ा हुआ मछली फेंक दिया था। जिसकी सफाई में वह व्यस्त हो गए इसी का मौका पाकर चोर झोला लेकर भाग निकले। इस घटना के विरोध में लेस्लीगंज के दुकानदारों ने अपनी दुकान को बंद रखने का निर्णय लिया था, जिसकी सूचना थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता को मिली। थाना प्रभारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। मौके पर उन्होंने सुरक्षा का भरोसा देते हुए कहा कि अपनी दुकान को बंद न करें। मौके पर दुकानदार दिलीप प्रसाद ने लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, साकेत सोनी, राकेश सोनी राजेश सोनी, राम सोनी, पवन सोनी सहित दर्जनों की संख्या में दुकानदार उपस्थित थे।

**परेशानी** | जलमीनार ,चापानल की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीण परेशान

# गर्मी आते ही होती है पानी की समस्या...



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड विभिन्न पंचायतों व ग्रामों में इन दिनों पेयजल की समस्या के साथ कई स्थानों पर जलमीनार और चापानल खराब रहने की भी सूचना मिल रही है। सबसे बड़ा सवाल है कि आवर्ती रुप में प्रतिवर्ष गर्मी शुरू होने से पूर्व ही विभिन्न स्थानों पर पेयजल की समस्या उत्पन्न होने की आवाज उठने लगती है। लेकिन गर्मी छोड़ शेष दिनों में इसकी मरम्मती या दुरुस्त कराने का काम क्यों नहीं कर लिया जाता। चालू मौसम में ग्रामीणों के इस समस्या को तत्परता और सक्रियता से सामने लाने का काम संबंधित क्षेत्र के जल सहिया ने किया है। जिसमें जल व स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि का मार्गदर्शन भी अहम रहा है। जिन्होंने इस समस्या को जिला प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास भी किया है। हाल के दिनों में ग्राम बहरपुरा, बभंडी के जल सहिया प्रमिला देवी ने अपने गांव के मंदिर के पास एक साल से चापानल रहने और इसे चालू कराने की मांग की है। ईंटवा, हैदरनगर में रामसुंदर राम के पास भी चापानल की यही स्थिति जल सहिया रिंकी देवी ने बताई है। उन्होंने बताया कि इसके खराब रहने पर कई बार जनसहयोग से मरम्मती भी कराने का काम किया गया है। वर्तमान में ग्रामीणों की आर्थिक तंगी से उन्हें इस कार्य में सफलता नहीं मिलने पर प्रखंड प्रशासन तक इस समस्या को रखने का काम तो किया। पर देखना है कि उनकी रिपोर्ट पर कार्रवाई कब तक सफल होती है।

## डोलाल्ड ट्रंप ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, पीएम मोदी से कहा

# संयुक्त राज्य अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा

- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को किया फोन**
- **भारत को हर संभव समर्थन की पेशकश की**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की समूचे विश्व ने निंदा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कॉल कर हर संभव समर्थन की पेशकश की, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने आभार जताते हुए कहा कि भारत कायराना हरकत करने वालों को नहीं बख्शेगा और उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा करने को प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार की सुबह राष्ट्रपति ट्रंप ने कॉल किया और पहलगाम में इस्लामी आतंकवादी हमले के शिकारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले की निंदा की और कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है और हर संभव समर्थन की पेशकश की।

विश्वस्त सरकारी सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन के लिए धन्यवाद किया और कहा कि भारत इस कायराना और घृणित आतंकवादी हमले के अपराधियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द ट्रूथ पर लिखा कश्मीर से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों को हमारा पूरा समर्थन और गहरी सहानुभूति है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संवेदना संदेश भेजा। उन्होंने इसे एक 'निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अपराध' बताया और भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने भी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा- आज भारत में हुए आतंकवादी हमले में अनेक लोग हताहत हुए, ये जानकर बहुत कष्ट हुआ।

### विश्व नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की एक स्वर में की निंदा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद दुनिया भर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। हमला मंगलवार को बैसरन घाटी में हुआ, आतंकवादियों ने आसपास के जंगलों से निकलकर अंधाधुंध लोगों पर (अधिकांश पर्यटक) गोलीबारी की। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। निर्दोष पर्यटकों पर हुए बर्बर हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए नेपाल ने कहा कि वह दुख की इस घड़ी में भारत सरकार और भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। घायलों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक कामना करते हैं। इस बीच, नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने सोशल मीडिया पर कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया। उन्होंने पोस्ट किया, "हम आतंकवाद के इस कृत्य और बेवजह हिंसा की कड़ी निंदा करते हैं, जिसने निर्दोष लोगों की जान ले ली है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं, हम घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। नेपाल इस दुख की घड़ी में भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी इस भयानक आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं जम्मू-कश्मीर में निर्दोष नागरिकों पर हुए भयानक आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। इस हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और ऑस्ट्रेलिया इसकी निंदा करता है। हम घायलों, शोक मना रहे प्रियजनों और इस भयानक समाचार से ऑस्ट्रेलिया में प्रभावित हुए सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। कश्मीर में हुए भीषण हमले को 'बेहद विनाशकारी' बताते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोशल मीडिया पर लिखा, कश्मीर में हुआ भीषण आतंकवादी हमला बेहद विनाशकारी है।

# टेस्ला के मुनाफे में 71% की गिरावट से परेशान मस्क मई से डोगे छोड़ेंगे

- **व्हाइट हाउस के काम हफ़्ते में एक से दो दिन करेंगे**
- **अब टेस्ला कंपनी पर ज्यादा ध्यान देंगे, धंधा बचाएंगे**

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जब धंधा में नुकसान होने लगा तो विश्व के सबसे धनी एलोन मस्क की बुद्धि ठिकाने आ गई। तो एलन मस्क ने कहा कि वे मई से तथाकथित "सरकारी दक्षता विभाग" में अपनी भूमिका से अलग होने लगेंगे। मस्क की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कंपनी ने व्हाइट हाउस में उनकी भूमिका के खिलाफ विरोध के बीच 2025 की पहली तिमाही में उनकी कार कंपनी टेस्ला के मुनाफे और राजस्व दोनों में भारी गिरावट हुई है।निवेशकों से बातचीत में, मस्क ने कहा कि सरकार के "वित्तीय घर को व्यवस्थित करने के लिए ज़रूरी काम ज्यादातर पूरा हो चुका है"।"संभवतः अगले महीने, मई से, डोगे के लिए मेरा समय आवंटन काफी कम हो जाएगा,"। उन्होंने कहा कि, उन्हें उम्मीद है कि वे डोगे में "महत्वपूर्ण काम" के रूप में संदर्भित सप्ताह में एक से दो दिन बिताएंगे "जब तक राष्ट्रपति चाहेंगे और जब तक यह उपयोगी है"। मस्क 30 मई को डोगे छोड़ने वाले हैं, जो एक विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में उनकी सेवा पर 130 दिनों की सख्त सीमा है। उनकी कंपनी टेस्ला ने 2025 की पहली तिमाही में साल दर साल राजस्व में 9% की गिरावट देखी। कंपनी ने $19.3 बिलियन का राजस्व कमाया, जो वॉल स्ट्रीट की $21.45 बिलियन की उम्मीदों से काफी कम है। कंपनी ने प्रति शेयर 27 सेंट की आय दर्ज की, जो निवेशकों की प्रति शेयर 43 सेंट की आय की उम्मीदों से भी काफी कम है। टेस्ला का मुनाफा भी पिछले साल की शुद्ध आय $1.39 बिलियन की तुलना में 71% गिरकर $409 मिलियन हो गया। कंपनी को वाहनों की डिलीवरी में 13% की गिरावट का सामना करना पड़ा, जिससे यह 2022 के बाद से कंपनी की सबसे खराब तिमाही बन गई। टेस्ला ने इस तिमाही को 336,681 वाहनों की डिलीवरी के साथ बंद किया। हालांकि मस्क ने स्वीकार किया है कि हाल ही में "कठिन क्षण" आए हैं, लेकिन वे कंपनी के भविष्य के बारे में आशावादी बने हुए हैं। उन्होंने कहा, "टेस्ला का भविष्य पहले से कहीं बेहतर है।" "कंपनी का मूल्य हमारे किफायती AI-संचालित रोबोट के साथ संधारणीय बहुतायत प्रदान करना है। यदि आप कहते हैं, आप किस आदर्श भविष्य की कल्पना कर सकते हैं, तो आप यही चाहते हैं। आप सभी के लिए एक ऐसे तरीके से बहुतायत चाहते हैं जो संधारणीय हो, जो पर्यावरण के लिए अच्छा हो। मूल रूप से यह एक खुशहाल भविष्य है, यह सबसे खुशहाल भविष्य है जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं।" अरबपति सीईओ ने कहा कि उस "खुशहाल भविष्य" में कंपनी की पूरी तरह से सेल्फ-ड्राइविंग कारों की योजनाएं शामिल हैं, उन्होंने एक महत्वाकांक्षी समयरेखा रखी कि उन्हें उम्मीद है कि वाहन कुछ शहरों में यूएस की सड़कों पर उतरेंगे - "साल के अंत तक"। टेस्ला ने ऐतिहासिक रूप से नए उत्पादों के लॉन्च के लिए मस्क द्वारा सार्वजनिक रूप से निर्धारित समय सीमा को पूरा करने के लिए संघर्ष किया है, खासकर जब सेल्फ-ड्राइविंग की बात आती है। उन्होंने कहा, "एसिड टेस्ट यह है कि क्या आप अपनी कार में सो सकते हैं और अपने गंतव्य पर जाग सकते हैं और मुझे विश्वास है कि इस साल के अंत तक अमेरिका के कई शहरों में यह उपलब्ध होगा।" यह रोबोट टैक्सी सेवा के अलावा होगा जिसे कंपनी जून में शुरू करने की योजना बना रही है। मस्क ने कहा, "मेरा अनुमान है कि अगले साल की दूसरी छमाही में लाखों टेस्ला पूरी तरह से स्वायत्त रूप से काम करेंगे।" टॉप और बॉटम लाइन पर वॉल स्ट्रीट की उम्मीदों से चूकने के बावजूद, शुरुआती विश्लेषकों की प्रतिक्रियाएँ आशावादी हैं, क्योंकि कंपनी द्वारा वाहन डिलीवरी में भारी गिरावट की रिपोर्ट के बाद कई लोगों ने अपनी उम्मीदों को काफी कम कर दिया था। विश्लेषकों का कहना है कि कंपनी एक बड़े चौराहे पर है, जिसका समाधान तभी होगा जब मस्क डोगे में अपनी भूमिका छोड़ देंगे और पूर्णकालिक सीईओ के रूप में टेस्ला में वापस आएँगे।

## यूक्रेन में शांति प्रयासों को झटका, लंदन में आहूत उच्चस्तरीय वार्ता स्थगित

**लंदन (हि.स.)।** यूक्रेन में शांति के प्रयासों को तगड़ा झटका लगा है। इस मकसद से यहां बुधवार को आहूत उच्चस्तरीय वार्ता स्थगित कर दी गई। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के अचानक बैठक में हिस्सा न लेने की घोषणा से कीव की अल्पकालिक शांति समझौते की उम्मीद धराशायी हो गई। एनबीसी न्यूज के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूक्रेन में विशेष दूत कीथ केलॉग बुधवार सुबह यूक्रेन के रक्षामंत्री और विदेश मंत्री के साथ सुबह लंदन पहुंचे। केलॉग ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक को भी लंदन लाने का प्रयास किया। इसमें वह सफल नहीं हो सके। यरमक ने एक्स पर कहा कि वार्ता स्थगित होने के बावजूद शांति के प्रयास जारी रहेंगे। इस वार्ता के स्थगित होने से ट्रंप को निराशा हाथ लगी है। ट्रंप ने पदभार संभालने के पहले दिन युद्ध को समाप्त करने का वादा किया था। रुबियो ने पिछले सप्ताह कहा था कि अगर जल्द ही कोई प्रगति नहीं होती तो अमेरिका युद्धविराम के प्रयासों से पीछे हट सकता है।

## नक्सलियों तक विस्फोटक पहुंचाने वाले तीन आरोपियों को सात-सात वर्ष की सजा

**जगदलपुर (हि.स.)।** बस्तर जिला मुख्यालय के एनआईए न्यायालय में नक्सलियों से जुड़े तीन अर्बन नक्सल सहयोगियों शेमल दीपक, नारा भास्कर और तेलम मुत्ता को न्यायालय ने मंगलवार देर शाम को सात-सात वर्ष की सजा सुनाई। इन तीनों पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध सिद्ध पाया गया जबकि इसी मामले में एक अन्य आरोपित को दोषमुक्त कर दिया गया। एनआईए के अधिवक्ता दिनेश पाणिग्राही ने बुधवार को बताया कि मार्च 2023 को कोंटा के बेलपुच्चा गांव में विस्फोटक के साथ तीन आरोपितों शेमल दीपक, नारा भास्कर और तेलम मुत्ता को पुलिस ने नक्सलियों तक विस्फोटक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार कर विवेचना के बाद इन्हें एनआईए न्यायालय के समक्ष पेश किया था। दो वर्ष तक चली सुनवाई में 22 लोगों की गवाही हुई थी। आरोप साबित होने पर उक्त तीनों अर्बन नक्सल सहयोगियों को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की अलग-अलग धाराओ के तहत सात-सात वर्ष की सजा सुनाई गई है।

## पहलगाम हमले के एक दिन बाद बारामूला में दो आतंकवादी ढेर

**बारामूला (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया के माध्यम से बुधवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकवादी हमले के एक दिन बाद की गई है। भारतीय सेना ने कहा कि बुधवार को मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब लगभग दो-तीन आतंकवादी बारामूला के उरी नाला में सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "दो से तीन आतंकवादी बारामूला के उरी नाला में सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ का प्रयास कर रहे थे। नियंत्रण रेखा पर सतर्क टीपीएस ने उन्हें चुनौती दी और रोक दिया। इसके कारण सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और युद्ध से संबंधित अन्य सामान बरामद किया गया है। ऑपरेशन जारी है।"

बता दें कि बारामूला में यह मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक पर्यटक स्थल पर हुए घातक हमले के एक दिन बाद हुई है, जिसमें



कम से कम 16 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में यह आतंकी हमला बैसरन घास के मैदान में हुआ, जिसे लोकप्रिय रूप से 'मिनी स्विट्जरलैंड' भी कहा जाता है।

ज्ञात हो कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली में मौजूद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ मंगलवार रात करीब 8:20 बजे श्रीनगर पहुंचे और उन्हें उपराज्यपाल, डीजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आतंकवादी घटना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इसके बाद गृह मंत्री उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के लिए राजभवन गए। वह श्रीनगर के अस्पताल में घायल पर्यटकों और स्थानीय लोगों से भी मिलेंगे, जहां उनका इलाज चल रहा है, और बुधवार को आतंकी हमले वाली जगह का दौरा करेंगे।

## 150 से ज्यादा अमेरिकी विश्वविद्यालयों के अध्यक्षों ने ट्रंप प्रशासन की निंदा करते हुए पत्र पर हस्ताक्षर किए

- **हार्वर्ड, प्रिंसटन व ब्राउन के अध्यक्षों द्वारा हस्ताक्षरित बयान में व्हाइट हाउस के 'अनुचित सरकारी हस्तक्षेप' की निंदा की गई**

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ट्रंप प्रशासन द्वारा उच्च शिक्षा के विरूद्ध तानाशाही व "अभूतपूर्व सरकारी अतिक्रमण व राजनीतिक हस्तक्षेप" की निंदा करते हुए अमेरिकी कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के 150 से ज़्यादा अध्यक्षों ने एक बयान पर हस्ताक्षर किए हैं । यह इस बात का सबसे मजबूत संकेत है कि अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान अपनी स्वतंत्रता पर सरकार के असाधारण हमले के खिलाफ एकजुट मोर्चा बना रहे हैं। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ कॉलेजेज एंड यूनिवर्सिटीज द्वारा मंगलवार को सुबह प्रकाशित यह बयान प्रशासन द्वारा उच्च शिक्षा के खिलाफ बढ़ते अभियान के कुछ हफ्तों बाद आया है, और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा अपने वित्त पोषण पर खतरे के लिए सरकार पर मुकदमा करने वाला पहला स्कूल बनने के कुछ ही घंटों बाद आया है। हार्वर्ड हाल के हफ्तों में कई संस्थानों में से एक है, जिन्हें भारी फंडिंग कटौती का सामना करना पड़ा है और वे महत्वपूर्ण संस्थागत स्वायत्तता छोड़ने की मांग कर रहे हैं। हार्वर्ड, प्रिंसटन और ब्राउन के अध्यक्षों सहित बड़े सरकारी स्कूलों, छोटे उदार कला कॉलेजों और आइवी लीग संस्थानों से हस्ताक्षरकर्ता आए हैं। बयान में, विश्वविद्यालय के अध्यक्षों के साथ-साथ कई विद्वान व समाज के नेताओं ने कहा कि वे "एक स्वर" से बोलते हैं और प्रशासन के साथ "रचनात्मक जुड़ाव" का आह्वान करते हैं। "हम रचनात्मक सुधार के लिए खुले हैं और वैध सरकारी निरीक्षण का विरोध नहीं करते हैं,"। "हालांकि, हमें उन लोगों के जीवन में अनुचित सरकारी हस्तक्षेप का विरोध करना चाहिए जो हमारे परिसरों में सीखते, रहते और काम करते हैं।" हार्वर्ड का मुकदमा प्रशासन द्वारा संघीय निधि में $2.3 बिलियन को फ्रीज करने की घोषणा के बाद आया है, और डोनाल्ड ट्रम्प ने विश्वविद्यालय के कर-मुक्त दर्जे को रद्द करने की धमकी दी है, यह दावा करते हुए कि विश्वविद्यालय फिलिस्तीनी विरोध प्रदर्शनों से यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहा है। ट्रम्प की तानाशाही के विरूद्ध ये रूख विश्वविद्यालयों की ओर से बढ़ती हुई मजबूत प्रतिक्रिया को दर्शाता है, जो शुरू में धीमा था। एएसीएंडयू की अध्यक्ष लिन पास्केरेला ने कहा कि संयुक्त निंदा के बाद पिछले सप्ताह एएसीएंडयू और अमेरिकन एकेडमी ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा 100 से अधिक विश्वविद्यालय नेताओं को बुलाया गया था, जिसमें "इस विकट समय में एक साथ आकर अपनी बात कहने" का आह्वान किया गया था। पास्केरेला ने कहा कि सामूहिक रुख अपनाने की आवश्यकता के बारे में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में "व्यापक सहमति" थी। उन्होंने कहा, "इस फ्लड-द-ज़ोन रणनीति के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है जिसका उपयोग उच्च शिक्षा पर वर्तमान हमलों में किया जा रहा है, और यह एक ऐसी रणनीति है जिसे कैंपस नेताओं को निर्देशों, कार्यकारी आदेशों और नीति घोषणाओं की निरंतर बौछार से अभिभूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे एक साथ सभी चीजों पर प्रतिक्रिया देना असंभव हो जाता है,"। सरकार ने हार्वर्ड के खिलाफ अपने कार्यों के साथ ही कॉर्नेल, नॉर्थवेस्टर्न, ब्राउन, कोलंबिया, प्रिंसटन और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय से लाखों डॉलर फंड कटौती की धमकी दी है और कुछ मामलों में रोके हैं।इसके विरुद्ध विश्वविद्यालयों के अध्यक्षों ने कहा है कि ट्रम्प द्वारा विश्वविद्यालयों के विरूद्ध उठाए गए कदम, जो पहले से ही अकादमिक शोध को प्रभावित कर रहे हैं, संघीय सरकार व विश्वविद्यालयों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को कमजोर करते हैं, और दमन के माहौल को बढ़ा रहे हैं। वे लिखते हैं, "हमारे कॉलेज और विश्वविद्यालय खुली जांच के केंद्र के रूप में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ सत्य की खोज में, संकाय, छात्र और कर्मचारी प्रतिशोध, सेंसरशिप या निर्वासन के डर के बिना सभी दृष्टिकोणों पर विचारों और राय का आदान-प्रदान करने के लिए स्वतंत्र हैं।"

## पहली बार दक्षिण कोरिया में 'परमाणु हथियार प्रभाव' प्रशिक्षण आयोजित

**सोल (आईएएनएस)।** अमेरिकी सेना ने दक्षिण कोरिया में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। पहली बार इसका मकसद परमाणु वातावरण में प्रभावी



ढंग से काम करने की क्षमताओं को बढ़ाना था। यूएस फोर्सेज कोरिया (यूएसएफके) ने बुधवार को यह जानकारी दी। 15-16 अप्रैल के बीच सोल में दक्षिण कोरिया के रणनीतिक कमान में यह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों के खिलाफ सहयोगियों की संयुक्त प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना था। यह प्रशिक्षण अमेरिकी सेना की परमाणु एवं सामूहिक विनाश के हथियार निरोधक एजेंसी (यूएसएएनसीए) के नेतृत्व में दक्षिण कोरियाई सेना के लिए आयोजित किया गया था। इसमें दक्षिण कोरिया के 13 कर्मी शामिल थे।

कहानी फिल्म जगत की

## बॉक्स ऑफिस पर 'केसरी चैप्टर-2' का जलवा बरकरार, पांच दिनों का कलेक्शन अब 38.75 करोड़ रुपए

केसरी 2 को करण सिंह त्यागी ने डायरेक्ट किया है, जबकि इसके निर्माता हैं करण जौहर। यह फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक ड्रामा नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक बायोपिक भी है जो भारतीय इतिहास के एक अहम और साहसी अध्याय को पर्दे पर लाती है।



अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरीः चैप्टर 2' इस वक्त सिनेमाघरों में धूम मचा रही है और दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिला है और समीक्षकों ने भी इसकी दमदार कहानी और अक्षय कुमार के प्रभावशाली अभिनय की जमकर तारीफ की है। फिल्म ने अपने पहले तीन दिनों में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की, लेकिन चौथे दिन इसमें अचानक गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि पांचवें दिन फिल्म के कलेक्शन में हल्का उछाल देखने को मिला, जिससे फिल्म की रफ्तार फिर से पटरी पर लौटती दिखी।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार 'केसरी 2' ने धीमी लेकिन स्थिर शुरुआत की है। फिल्म ने पहले दिन 7.75 करोड़ रुपये की कमाई की, जबकि दूसरे दिन इस आंकड़े में इजाफा हुआ और फिल्म ने 9.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। तीसरे दिन यानी रविवार को फिल्म की कमाई 12 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। हालांकि, सोमवार यानी चौथे दिन कलेक्शन में भारी गिरावट देखी गई और फिल्म ने सिर्फ 4.5 करोड़ रुपये कमाए। मंगलवार को फिल्म ने थोड़ी रिकवरी की और 4.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस तरह 'केसरी 2' का कुल पांच दिनों का कलेक्शन अब 38.75 करोड़ रुपये हो चुका है। अब देखना होगा कि वीकडेज में फिल्म कितनी मजबूती से टिकती है और दूसरे वीकेंड में इसका परफॉर्मेंस कैसा रहता है।

इस फिल्म में अक्षय कुमार सी. शंकरन नायर की भूमिका निभा रहे हैं। जो एक प्रसिद्ध वकील और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार के बाद ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक कानूनी लड़ाई लड़ी थी, जिसमें उन्होंने जनरल डायर की भूमिका को दुनिया के सामने लाने का बीड़ा उठाया। फिल्म में अनन्या पांडे और आर. माधवन भी अहम किरदारों में हैं। अनन्या एक पत्रकार के रोल में हैं, जो नायर की लड़ाई में उनका साथ देती हैं, जबकि आर. माधवन एक ब्रिटिश अफसर की भूमिका निभा रहे हैं जो फिल्म में मुख्य विरोधी ताकत के रूप में नजर आता है। इतिहास, न्याय और साहस के मेल से बनी यह फिल्म दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती है और भारतीय कानूनी इतिहास के एक सुनहरे पन्ने को दर्शाती है।

